माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

बरेली

शुक्रवार, 9 फरवरी 2024

वर्ष 5, अंक 83, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी 16

झलक दिखला जा में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ 15

# हल्द्वानी में हिंसा, चार की मौत, शहर में कर्फ्यू

## बनभूलपुरा में नजूल की भूमि पर बने मदरसे को ढहाने के बाद आगजनी और पथराव, 300 से ज्यादा घायल

### दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के मुस्लिम बहुल बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पर दंगा भड़क गया। उग्र भीड़ ने प्रशासन, नगर निगम टीम, पुलिस फोर्स और कवरेज कर रहे पत्रकारों पर पथराव कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया और दर्जनों बाइकों में आग लगा दी। अंधेरा होता ही फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई हैं।

पथराव व आगजनी में 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी व लोग घायल हो गए। इस हिंसा में छह लोगों के मारे जारे की आशंका जताई जा रही थी, जबकि जिलाधिकारी ने देर रात तक चार मौतों की पुष्टि की। स्थिति पर नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए देर शाम आरएएफ भी बुला ली गई है। एहतियातन पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। प्रभावित क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं भी बंद करा दी गई हैं।

गुरुवार की शाम नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मलिक के बगीचे में नजूल भूमि पर निर्मित मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने पहुंची। जैसे ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए जेसीबी और नगर निगम कर्मी पहुंचे वैसे ही उग्र भीड़ ने उसे चारों तरफ से घेर लिया, नारेबाजी और धक्कामुक्की शुरू कर दी। महिलाएं भी घरों से निकल आईं और रास्ते में ही बैठ कर दुआ करने लगीं। पुलिस ने भीड़ को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और बवाल शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए लाठियां फटकारी, लेकिन भीड़ बेकाबू हो गई। जैसे ही जेसीबी मदरसा व मस्जिद पर चलने लगी, चारों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई।

पुलिस ने भीड़ को शांत करने के लिए कई राउंड आंसू गैस भी छोड़े। जब तक आसपास के थानों से पुलिस फोर्स पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे। शाम को हल्का अंधेरा होने पर उग्र भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों, बाइकों और बैरिकेड्स को आग के हवाले कर दिया। उग्र भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंका दिया। देर शाम तमंचों से फायरिंग और बमबाजी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पुलिस ने किसी तरह भीड़ के बीच फंसे अधिकारियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला।



बनभूलपुरा में नगर निगम के ट्रैक्टर में आग लगाते दंगाई और सड़क पर बिखरे पड़े दंगाइयों द्वारा फेंके गए पत्थर। ● अमृत विचार

संबंधित कवरेज पेज- 11



दंगाइयों के पथराव के बीच मोर्चा संभाले पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई आपात बैठक

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा दंगे को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार शाम को अपने आवास पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार तथा अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजकतत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।



दंगाइयों द्वारा फूंकी गई बाइक।

> नगर निगम व प्रशासन की टीम बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर निर्मित अवैध मदरसा और मस्जिद ध्वस्त करने गई थी। इस बीच उग्र भीड़ ने पुलिस फोर्स, प्रशासन, नगर निगम की टीम पर हमला कर दिया। आगजनी भी की गई। हालात को काबू करने के लिए पुलिस फोर्स मौके पर डटी हुई है। **-प्रहलाद नारायण मीणा**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

### एक नजर

#### जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 8 सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर तीन पिस्तौल, 10 कारतूस, चार मैगजीन, एक मोटरसाइकिल, दो स्कूटर बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने गुरुवार को कहा कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने जबरन वसूली, फिरौती, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के आठ बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि 27 जनवरी, 2024 को कर्मा फैशन शोरूम के मालिक को एक जबरन वसूली कॉल मिली, जिसमें 50 लाख रुपये की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पीएस डिवीजन चार जालंधर में आईपीसी की विभिन्ना धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की और मामले की जांच शुरू कर दी।

## उप्र. को बीमारू राज्य बनाना राजनीतिक मानसिकता थी

- इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में बोले योगी
- औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी के 13 प्रोजेक्ट की शुरुआत
- 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है।

परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की। विभिन्न जिलों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र. में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था। फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में हमारी क्षमता को देखकर कोई उप्र. को कोई बीमार नहीं कहेगा।

### 19 को मोदी रखेंगे 10 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट की आधारशिला



मुख्यमंत्री ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी उप्र. के चतुर्थ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इससे 33 लाख नौजवानों को सीधे नौकरी मिलेगी। ये उद्योग जहां भी लगेंगे वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी, नए रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी।

## रिजर्व बैंक ने छठी बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार छठी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं।

आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी ने मौजूदा घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों पर गौर करने के बाद रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया है।

## प्रदर्शनकारी किसानों को नोएडा में रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रदर्शन को लेकर पुलिस मुस्तैद दिल्ली-नोएडा सीमा पर जाम
- अधिग्रहीत भूमि के बदले अधिक मुआवजा को किसान आंदोलित

विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन के लिए आ रहे किसानों को पुलिस ने नोएडा में रोक दिया। इस दौरान दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी जाम लगा रहा, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में आहूत किसानों के व्यापक विरोध प्रदर्शन को देखते हुए वाहनों की जांच के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश की कोशिश कर रहे किसानों को रोकने के लिए मयूर विहार के करीब दिल्ली-नोएडा सीमा पर आवाजाही को रोकने के लिए भारी उपकरणों के साथ पुलिसकर्मी अलर्ट पर रहे। दिल्ली-नोएडा सीमा पर मौजूद दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है, किंतु जरूरत पड़ने पर सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सरिता विहार में कई दोपहिया और चार पहिया वाहन जाम में फंस गए, जिससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दिल्ली-नोएडा राजमार्ग पर भी बड़ी संख्या में वाहनों के जाम में फंसे होने की सूचना है।

अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने लगभग 150 किसानों को नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के पास रोक दिया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसान समूह दिसंबर 2023 से स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहीत अपनी भूमि के बदले बढ़े हुए मुआवजे और विकसित भूखंडों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।



दिल्ली जा रहे किसानों को नोएडा में बैरिकेड लगाकर रोकती पुलिस। ● एजेंसी

## सिख फॉर जस्टिस के सदस्य गुरविंदर की बेल याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने खालिस्तान की मांग करने वाले प्रतिबंधित संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के कथित सदस्य गुरविंदर सिंह की याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि गंभीर अपराध के मामले में सिर्फ निचली अदालत में सुनवाई में देरी जमानत का आधार नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील खारिज कर दी।

## जयंत को लोस टिकट, पत्नी को रास सीट!

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रालोद के एनडीए में जाने की चर्चाओं के बीच सामने आया समझौते का मसौदा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के एनडीए में शामिल होने की सुगबुगाहट के बीच प्रस्तावित समझौते का मसौदा भी चर्चा में है। भाजपा-रालोद के इस समझौते के तहत दिलचस्प यह है कि जयंत को उप्र. से लोकसभा का टिकट और पत्नी चारू चौधरी को राज्यसभा की सीट मिलना संभव है। योगी मंत्रिमंडल में भी एक कैबिनेट तो एक राज्यमंत्री बनाया जाना प्रस्तावित है।

एक दो दिन के भीतर ही नए समीकरणों की तस्वीर सामने आ सकती है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को देखकर रालोद मुखिया का मन बदला माना जा रहा है। वहीं, भाजपा भी मिशन 80 साधने को हर बाजी खेलना चाहती है। रालोद के लिए कांग्रेस और सपा के साथ मिलकर लोस चुनाव लड़ने से ज्यादा फायदा भाजपा से दोस्ती कर लाभ पाना रहेगा। जहां राज्यसभा की सीट घर में ही रहेगी वहीं, भाजपा में शामिल होकर मथुरा लोस का टिकट मिल गया तो क्या कहने? भाजपा की नजर से देखें तो मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद मंडल की 14 सीटों में से 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें ही जीती थीं। रामपुर की सीट बाद में उपचुनाव में भाजपा के पास आ गई। ऐसे में अगर भाजपा-रालोद का एका हो गया तो राजग के मिशन 80 को मजबूती मिलेगी।



## पुलिस की रेडियो ऑपरेटर की भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग ने लगाई सेंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गैंग सरगना, सात अभ्यर्थी समेत 12 को एसटीएफ ने दबोचा
- ऑनलाइन पेपर सॉल्व करने को लेते थे चार-पांच लाख रुपये

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक (असिस्टेंट ऑपरेटर) की ऑनलाइन परीक्षा में सॉल्वर गैंग ने सेंध लगा दी। गैंग ने हाईटेक पुलिस के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को भी चुनौती दे डाली। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी कम्प्यूटर स्क्रीन के आगे बैठकर माउस हिलाता रहा और सॉल्वर गैंग ने सिस्टम का एक्सेस लेकर खेल कर दिया। बदले में गैंग ने अभ्यर्थियों से 4 से 5 लाख वसूले।

इस मामले में एसटीएफ ने गैंग के सरगना और सात अभ्यर्थी समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्यों ने दूर बैठकर रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्न पत्र हल किए। एसटीएफ टीम ने उनके पास से तीन लैपटॉप, डेस्क टॉप कम्प्यूटर, आठ मोबाइल फोन, स्क्रीन शॉट, आठ एडमिट कार्ड बरामद किए हैं। यह मामला बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र का है। गिरफ्तार लोगों में गैंग का सरगना रचित चौधरी, शामली जिले के बाबरी थानान्तर्गत ग्राम भाजू का निवासी है, जबकि बागपत जिले ग्राम बिहारीपुर का रहने वाला कर्मवीर सॉल्वर है। इनके अलावा दानवीर, निवासी वृद्धा ज्योति कालोनी, थाना बड़ौत बागपत, रजनीश कुमार, निवासी बगडस थाना भगवानपुर बेगुसराय बिहार, अश्वनी निवासी कूकडा थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर (सभी सहयोगी) व अनिल कुमार निवासी ग्राम जरूवा कटरा थाना मलपुरा आगरा, अक्षय तवर निवासी सुनहेडा थाना खेकडा बागपत, मनीष सरोहा निवासी शेरपुर लुहारा थाना छपरौली बागपत, आलोक चौहान निवासी बावली रोड बड़ौत थाना बड़ौत बागपत, धर्मेंद्र निवासी तुमोला थाना कोसी कलॉ मथुरा, लोकेश कुमार, निवासी पुरा थाना मंगोरा मथुरा, आर्यदीप तोमर, निवासी बामनौली थाना दोघट बागपत ( सभी अभ्यर्थी ) को भी पकड़ा गया है।

## कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर, मोदी ने बताया काला टीका

### विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर से बचाने को यह जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को बताया लोकतंत्र के लिए एक प्रेरक उदाहरण
- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने महंगाई बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा आदि मुद्दों पर सरकार को घेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें 'प्रेरक उदाहरण' बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा।

राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के मौके पर उच्च सदन में उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना लगे, इसके लिए 'काला टीका' बहुत जरूरी होता है। प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की चर्चा जरूर होगी। एक घटना को याद करते हुए कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह व्हीलचेयर में आए और मतदान किया। एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। समिति या समिति के सदस्यों के चुनाव में भी वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ देर पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय, किसान और कई अन्य विषयों पर सरकार की 'विफलताओं' का उल्लेख किया गया है।



### वित्तमंत्री ने लोकसभा में अर्थव्यवस्था पर रखा श्वेतपत्र

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र रखा। संसद में इस पर चर्चा इसी सत्र में कराई जाएगी। वित्त मंत्री ने अपराह्न सदन की कार्यवाही के दौरान सदन पटल पर यह श्वेत पत्र रखा। सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि श्वेत पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार और इससे पहले 2004 से 2014 के बीच की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के दौरान अर्थव्यवस्था का तुलनात्मक चिट्ठा प्रस्तुत किया जाएगा।

## शहर में आज

- किसान मोर्चा द्वारा भाजपा कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12:30 बजे।
- राइफल क्लब में स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह सुबह 10 बजे।
- आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर राजा खान द्वारा गिरफ्तारी इस्लामिया पर दोपहर 2 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में पीआरडी द्वारा ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से।
- इनरव्हील क्लब बरेली नॉर्थ की समीक्षा बैठक होटल में मिड टाउन डीडीपुरम में दोपहर 12 बजे।

## रेड लाइट पर बस खड़ी करने से लगा जाम

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट तिराहा पर पुल के नीचे रेड लाइट पर रोडवेज बस ने सवारी उतारने के लिए बस खड़ी कर दी। आसपास ऑटो-टेंपो भी खड़े हो गए, जिससे जाम लग गया और ग्रीन सिग्नल होने पर भी वाहन फंसे रहे।

हर तरफ नकल की बारिश

# बरेली कॉलेज में ऐसे होती हैं एलएलबी की परीक्षाएं




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी परीक्षा के दौरान नकल के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। रोज बड़े पैमाने पर नकल पकड़ी जा रही है, फिर भी रुक नहीं पा रही है। यह भी कोई नहीं बता पा रहा है कि गेट पर ही सघन तलाशी के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर नकल परीक्षा कक्षों तक कैसे पहुंच रही है। वैसे तो परीक्षा कक्ष में ड्यूटी पर रहने वाले शिक्षक नकल करने वालों को टोकने तक की जहमत नहीं उठाते लेकिन बृहस्पतिवार को एक वरिष्ठ शिक्षक ने परीक्षा कक्ष में खुलकर नकल होते देखकर टोकाटाकी की तो परीक्षार्थियों ने नकल बाहर फेंकनी शुरू कर दी। इसके बाद सचल दल ने भी तलाशी ली लेकिन इसके बावजूद नकल नहीं रुकी। इसके अलावा कई छात्र मोबाइल फोन लेकर परीक्षा देने पहुंचे थे। बरेली कॉलेज में एलएलबी परीक्षा के दौरान अब तक छह छात्रों को भी नकल करते पकड़ा जा चुका है। शिक्षकों का कहना है कि एलएलबी परीक्षा में छात्रनेता भी नकल करने का दबाव बनाते हैं। पहले हुई परीक्षा में भी बड़ी संख्या में छात्र नकल करते पकड़े गए थे।

### चीफ प्रॉक्टर से शिकायत की तो पहुंचा सचल दल

गणित के विभागाध्यक्ष प्रो. स्वदेश सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर वह कक्ष संख्या में एक में ड्यूटी कर रहे शिक्षक के पास अचानक किसी काम से पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि छात्र बेहिचक नकल कर रहे हैं। उन्होंने टोका तो एक के बाद एक छात्र बाहर नकल की पर्चियां फेंकने लगे। उन्होंने चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे से शिकायत की। इसके बाद चेकिंग की।









### सचल दल के लौटते ही फिर शुरू हो गई नकल

चीफ प्रॉक्टर के निर्देश पर पहुंचे सचल दल ने एक छात्र को नकल करते पकड़ा और चेकिंग कर लौट गया लेकिन उसके लौटते ही पहले की तरह दोबारा नकल शुरू हो गई। इससे पहले शिक्षकों ने बाहर फेंकी गई पर्चियों को खुद बटोरा। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि कॉलेज में लगातार सख्ती की जा रही है। एक छात्र को पकड़ा गया है।

### खुल्लमखुल्ला नकल पर शिक्षक संघ ने जताई आपत्ति

बरेली कॉलेज शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. वीपी सिंह ने कहा कि कॉलेज में नकल पर रोक नहीं लग पा रही है। नए शिक्षकों को छात्रनेता डरा धमकाकर नकल कर रहे हैं। इससे शिक्षक बदनाम हो रहे हैं। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की। उनका कहना है कि वह प्राचार्य से भी इसकी शिकायत करेंगे।

# ऐसी ही है अफसरशाही... कहीं भ्रष्टाचार तो कहीं बेपरवाही

## सात साल पहले आबाद हुआ था एड्रेस लॉ... टैक्स अब तक नहीं

### अफसरों ने जीआईएस सर्वे को भी कर दिया अनदेखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- सीमा में आने वाले गांव-देहात के लोगों को भेजे गए हैं लाखों के बिल
- शहर के दूसरे पॉश इलाकों में भी टैक्स लागू न किए जाने का अंदेशा

**अमृत विचार :** नगर निगम की सीमा में आने वाले ग्रामीण इलाकों के लोगों को तो लाखों टैक्स के बिल भेजे जा रहे हैं लेकिन शहर के सबसे पॉश इलाके में स्थित एड्रेस लॉ अपार्टमेंट में रहने वाले डेढ़ सौ से ज्यादा परिवारों का हाउस टैक्स नगर निगम के अफसरों ने अपनी तरफ से माफ कर रखा है। कई साल पहले जीआईएस सर्वे में भी इस अपार्टमेंट में रहने वालों से टैक्स न मिलने का खुलासा होने के बावजूद अब तक उन्हें कोई बिल नहीं भेजा गया है।

सिविल लाइंस में प्रशासनिक अफसरों के आवासों के पास बने एड्रेस लॉ में डेढ़ सौ से दो सौ के बीच फ्लैट हैं। वर्ष 2017 में लोगों ने यहां रहना शुरू किया और दो साल के अंदर लगभग सभी फ्लैट आबाद हो गए। इनमें रहने वाले परिवार नगर निगम का पानी और सीवर लाइन का इस्तेमाल तो कर रहे हैं, लेकिन कोई टैक्स नहीं दे रहे हैं। नगर निगम के टैक्स विभाग ने तमाम साल गुजर जाने के बावजूद सबसे पॉश इलाके के इस अपार्टमेंट में रहने वालों पर टैक्स लागू करने की जरूरत महसूस नहीं की।

शहर में 2019-20 से जीआईएस सर्वे चल रहा है जिसमें टैक्स से छूटे भवनों का विवरण तैयार किया जा रहा है। सिविल लाइंस में यह सर्वे कई साल पहले हो चुका है, लेकिन फिर भी इस अपार्टमेंट में टैक्स के बिल नहीं भेजे गए। अंदेशा जताया जा रहा है कि शहर के दूसरे पॉश इलाकों में तमाम घरों पर टैक्स लागू नहीं किया गया है।

**अब बोले- बिल तैयार हैं, जल्द भेज देंगे :** अब कहा जा रहा है कि एड्रेस लॉ में रहने वालों के बिल तैयार हैं, जल्द ही बिल भेज दिए जाएंगे। बताया जा रहा है कि अपार्टमेंट में रहने वालों को तीन साल के बकाया का बिल भेजा जाएगा। उधर, उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी ने दावा किया कि टैक्स ही लागू नहीं हुआ, ऐसा नहीं हो सकता। टैक्स लगा होगा और बिल भी भेजे गए होंगे।

## एडवांस लिए बगैर बिल नहीं बनाते नगर निगम के जेई

- नए मुख्य अभियंता को ठेकेदारों ने सुनाई भ्रष्टाचार की दास्तां
- कहा- जटिल शर्तों से काम मिल रहा है न पुराना बकाया भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में शर्तों को इतना जटिल बना दिया गया है कि कुछ खास ठेकेदार ही टेंडर ले पा रहे हैं। ज्यादातर ठेकेदारों को न काम मिल पा रहा है न रुका हुआ भुगतान। ठेकेदारों ने यह पीड़ा बृहस्पतिवार को नगर निगम में कार्यभार संभालने वाले मुख्य अभियंता पुनीत कुमार ओझा के सामने बयां की। लखनऊ से आए ओझा ने ठेकेदारों को चाय पर बुलाया था।

बोर्ड सभागार में हुई बैठक में ठेकेदारों ने कहा कि लंबे समय से भुगतान न होने पर गहरी निराशा जताई। कहा, ठेकेदारों का डेढ़-डेढ़ करोड़ का बकाया है, वे नगर निगम में नया काम कैसे लें। 15वें वित्त के काम नए ठेकेदार नहीं कर पा रहे हैं। शर्तें इस कदर जटिल कर दी गई हैं कि खास ठेकेदारों को ही काम मिल रहा है। ठेकेदारों ने लेखा विभाग में भी घोर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। मुख्य अभियंता ने लेखा के बजाय निर्माण विभाग की समस्याएं बताने को कहा तो ठेकेदारों ने कुछ जेई पर एडवांस लिए बगैर ठेकेदारों के बिल न बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि काफी समय बाद भी उनके बिल रुके पड़े हैं। नगर आयुक्त और एक्सईन भ्रष्टाचार में शामिल नहीं है लेकिन फाइलों की प्रक्रिया जटिल कर दी गई है। टेंडर की शर्तों को आसान न किया गया तो वे काम नहीं कर पाएंगे। मुख्य अभियंता ने ठेकेदारों को समय पर भुगतान कराने का आश्वासन देते हुए काम लेने को कहा। टेंडरों में अलग शर्तें लगाने के मुद्दे को भी देखने का भरोसा दिलाया। वार्ता में लगभग 60 ठेकेदार शामिल हुए।

### पीएनजी के गलत बिल आने से लोग परेशान, अफसर सुनने को तैयार नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** पीएनजी के गलत बिल आने से लोग परेशान हैं। मीटर बदलवाने के बावजूद पुरानी यूनिट पर ही बिल आ रहे हैं। लोग सीयूजीएल अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। जनकपुरी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनके घर पर सीयूजीएल का पीएनजी कनेक्शन है। उन्होंने अपने कनेक्शन पर लगे मीटर को बदलवाया था, लेकिन उसके बाद भी पुराने मीटर की रीडिंग के अनुसार ही बिल आ रहा है। इसके अलावा अन्य लोग भी अपने अधिक बिल आने की शिकायत को लेकर सेटेलाइट स्थित सीयूजीएल के कार्यालय पर पहुंच रहे हैं। एरिया मैनेजर जितेन्द्र गौतम ने बताया जो भी लोग गलत बिल आने की शिकायत करते हैं तो उनकी समस्या का समाधान किया जाता है।

## आधा निर्माण कराकर दूसरी फर्म को टेंडर

- जिला जेल के गार्ड रूम के निर्माण में पीडब्ल्यूडी का कारनामा
- पहले आधा काम कर चुके ठेकेदार को भुगतान भी नहीं किया

**बरेली, अमृत विचार:** पीडब्ल्यूडी ने जिला जेल के बाहर गार्ड रूम का आधा निर्माण कराने के बाद उसका ठेका दूसरे जिले की एक फर्म को दे दिया। पहले ठेकेदार को भुगतान भी नहीं किया। उसने मुख्य अभियंता से शिकायत की है।

वर्ष 2021-22 में निर्माण खंड ने जिला जेल में बंदियों की बैरक में शौचालय और पार्टीशन वाल का टेंडर एक फर्म को दिया था। ठेकेदार शिवकुमार के मुताबिक जेल के सख्त नियमों की वजह से काम पूरा होने में लगभग दो साल लग गए। इसी दौरान जेल के बाहर गार्ड रूम बनाने का टेंडर निकाला गया। सिंगल टेंडर आया तो यह काम भी शिवकुमार को सौंप दिया गया। शिव कुमार के मुताबिक करीब 50 फीसदी काम होने के बाद गार्ड रूम का नया टेंडर निकाल दिया गया। करीब 12 लाख का ठेका दूसरी फर्म को दे दिया। उन्हें आश्वस्त किया कि जो काम हो चुका है उसका भुगतान फर्म से करा दिया जाएगा। लेकिन अब तक दोनों कामों का भुगतान नहीं हो सका।

एक्सईएन संजीव कुमार ने ठेकेदार के आरोपों को गलत बताया। कहा कि गार्ड रूम का निर्माण कराने के लिए नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी। ठेकेदार ने गार्ड रूम में किसी तरह का निर्माण नहीं कराया है। हालांकि ठेकेदार का तर्क है कि कराए गए कार्य के सभी फुटेज सीसीटीवी में हैं। उसने साक्ष्यों के साथ मुख्य अभियंता को शिकायती पत्र भेज जांच कराने की मांग की है।

## परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में दस घंटे गुल रही बिजली, फैक्ट्रियां ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजेन्द्रनगर, कोहाड़ापीर, नकटिया और सिविल लाइंस में भी गुल रही बिजली
- मरम्मत कार्य की वजह से रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में हो रही है कटौती

**अमृत विचार :** गर्मी में बिजली कटौती से राहत के लिए फरवरी में अनुरक्षण माह मनाया जा रहा है। इसकी वजह से रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में कई-कई घंटे की कटौती की जा रही है। बृहस्पतिवार को मरम्मत कार्य की वजह से परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती से फैक्ट्रियों में काम प्रभावित हुआ। पूरे दिन बिजली नहीं मिलने से कई फैक्ट्री बंद रखनी पड़ी। इससे फैक्ट्री मालिक भी परेशान हुए।

इसके अलावा राजेन्द्रनगर, कोहाड़ापीर, नकटिया और सिविल लाइंस में भी बिजली गुल रही। 33/11 केवी उपकेंद्र परसाखेड़ा यार्ड में बृहस्पतिवार को पावर परिवर्तक की मरम्मत की गई। इसकी वजह से परसाखेड़ा के रोड नंबर एक, इंडस्ट्रियल रोड नंबर दो, तीन, चार और पांच, नदोसी, जीटीआई, छोटी स्टेट कॉलोनी, आम्रपाली, कैंफर कॉलोनी की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से रात 8 बजे तक बंद रही। ऐसे में बिजली नहीं आने से कई फैक्ट्री बंद रहीं। दस घंटे की कटौती से फैक्ट्री मालिक परेशान हो गए। इसके अलावा राजेंद्रनगर सब स्टेशन के एकता नगर, गुप्ता नगर चौराहा, जनकपुरी, कोहाड़ापीर सब स्टेशन के गांधीनगर, धर्मकांटा, अशोक नगर, नैनीताल रोड, चाहबाई, शाहाबाद फीडर की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं उपकेंद्र नवाबगंज तहसील और ग्रामीण कांधरपुर और ठिरिया निजावत खां में भी कई घंटे काम होने के चलते बिजली गुल रही। इसके अलावा सिविल लाइंस और कुतुबखाना क्षेत्र में ट्रिपिंग और कटौती से लोग परेशान हुए।

**आज भी होगी कटौती**

उपखंड अधिकारी अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि नकटिया बिजली घर के 33 केवी लाइन के अनुरक्षण और बिजली घर पर नए पैनल की स्थापना की वजह से उपकेंद्र से पोषित सभी गांव की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी।

## राहतः रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस आज से चलेगी

- मुंबई जाने वाले यात्रियों को मिलेगी सुविधा, रामनगर आगरा फोर्ट भी होगी शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने मुंबई जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। पिछले दो सप्ताह से बंद चल रही रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस शुक्रवार से फिर से रामनगर से चलेगी। इसके अलावा रामनगर आगरा फोर्ट का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। मथुरा में कार्य के चलते इन ट्रेनों का संचालन निरस्त किया गया था।

मथुरा जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 22975 बांद्रा रामनगर एक्सप्रेस, 22976 रामनगर बांद्रा, 15055 आगरा फोर्ट रामनगर, 15056 रामनगर आगरा फोर्ट का संचालन दो सप्ताह तक बंद रहा। अब गुरुवार को बांद्रा से 22975 बांद्रा रामनगर एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया गया, जबकि 22976 रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस शुक्रवार को बहाल की जाएगी। बरेली में ट्रेन का निर्धारित स्टेशनों इज्जतनगर, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन पर ठहराव होगा।

वहीं बरेली जंक्शन पर ट्रेनों के देरी से पहुंचने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। इसकी वजह से जो ट्रेनें पहुंचीं तो उनमें चढ़ने को लेकर काफी मारामारी हुई।

## सिटी श्मशान रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनना शुरू



सिटी श्मसान रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास के काम के लिए खुदाई शुरू।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नाले को तोड़ने के साथ प्राइवेट एजेंसी ने चिह्नित जमीन पर शुरू की खुदाई
- काफी पहले मंजूर हो गया था 20 करोड़ का बजट, फिर भी अटका था निर्माण

**अमृत विचार :** सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया। अंडरपास के निर्माण के लिए काफी पहले ही बजट मंजूर हो गया था लेकिन ड्राइंग का अप्रूवल और टेंडर प्रक्रिया समय से न पूरी होने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। अब रेलवे से अनुबंधित निजी एजेंसी ने खुदाई शुरू कर दी है। बगल से गुजर रहे नाले को भी तोड़ा जा रहा है।

रेलवे की एजेंसी ने बृहस्पतिवार को खुदाई के लिए प्रस्तावित जमीन पर चिह्नीकरण किया और इसके बाद खुदाई भी शुरू कर दी गई। है। फिलहाल सिटी स्टेशन रोड पर मस्जिद के आगे से खुदाई शुरू की गई है। मस्जिद के बराबर से सिटी स्टेशन रोड की दिशा में यह लगभग 250 मीटर लंबा अंडरपास खुलेगा और दूसरे छोर पर श्मशान भूमि के पास समाप्त होगा। रेलवे बोर्ड से अंडरपास के लिए लगभग 20.26 करोड़ का बजट मंजूर किया है।

> प्राइवेट एजेंसी ने अंडरपास का निर्माण शुरू कर दिया है। ड्राइंग अप्रूवल और टेंडर प्रक्रिया में देरी के कारण काम शुरू नहीं हो सका था।
> – **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर रेल मंडल

### जाम में नहीं फंसेंगी अंतिम यात्राएं

रेलवे क्रॉसिंग बंद होने पर जाम लग जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत श्मशान भूमि की ओर जाने वाली अंतिम यात्राओं के जाम में फंस जाने से होती है। अंडरपास बनने से यहां जाम की समस्या तो खत्म होगी। सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रॉसिंग 248 स्पेशल इज्जतनगर रेल मंडल में और दूसरी वाली 359 रेलवे क्रॉसिंग मुरादाबाद रेल मंडल की है। इन्हें बंद किया जाएगा।

## तेज धूप के बावजूद ठंडी हवा ने किया परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** तेज धूप खिलने के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिल रही है। दिन और रात में ठंडी हवाओं से तापमान भी सामान्य से कम रह रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि का पूर्वानुमान दर्ज किया गया है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 21 और न्यूनतम 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चली। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर तेज हवा चलने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज होगी, इसके बाद मौसम साफ रहेगा।

## अगले महीने मुख्यमंत्री के फिर आने उम्मीद, रूट देखने निकले अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के चलते तैयारियां परखने निकले अधिकारी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अगले महीने बरेली दौरा हो सकता है। इसकी तैयारी में अफसर जुट गए हैं। बृहस्पतिवार को प्रशासन, बीडीए, नगर निगम, बिजली, वन विभाग, पीडब्लूडी सहित कई अफसरों ने डेलापीर तिराहे से सूद धर्मकांटे तक भ्रमण किया और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की बात कही।

बीडीए सचिव योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अफसरों ने रास्ते से टेलीफोन के पोल हटाने, बिजली के ढीले तारों को कसने के निर्देश दिए। सड़क के चौड़ा होने पर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी को दिया गया। इस दौरान एडीएम सिटी सौरभ दूबे, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव, पर्यावरण अभियंता राजीव राठी, ललतेश सक्सेना, विमल कुमार मिश्र, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा में शामिल हुए तीन निर्दलीय पार्षद



**बरेली, अमृत विचार:** तीन निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल हो गये। तीनों नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ खड़े हुए थे। लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में वार्ड 37 नंदौसी की पार्षद अंजुल, वार्ड 33 वनखंडी नाथ के कमलेश राठौर और बिहारीपुर सिविल लाइंस वार्ड 1 की पार्षद संतोष कश्यप ने भाजपा की सदस्यता ली। बृज बहादुर पाठक मौजूद थे।

# मास्टर प्लान लंबित होने से शहर में थमी विकास की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- भू-उपयोग नहीं बदलने के कारण टेक्सटाइल पार्क का काम रुका
- कई और औद्योगिक व आवासीय योजनाएं नहीं चढ़ पा रहीं परवान

**अमृत विचार :** शहर के विकास के लिए तैयार मास्टर प्लान शासन में लंबित होने के चलते चार माह से विकास के काम आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। नए उद्योग लग नहीं पा रहे हैं। टेक्सटाइल पार्क का निर्माण रुका है। कई आवासीय कालोनियों का काम शुरू नहीं हो पा रहा है। विकास कार्यों में सबसे बड़ी बाधा भू उपयोग में बदलाव है। मास्टर प्लान में हर जगह का भू उपयोग चिन्हित किया गया है।

इससे भू-उपयोग बदलने के झंझट से नहीं जूझना पड़ेगा। बरेली विकास प्राधिकरण ने उद्यमियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों सहित सभी वर्गों से सुझाव लेकर व उनकी आपत्तियों का निस्तारण करते हुए मास्टर प्लान पिछले साल अक्टूबर में शासन को भेजा था जो अभी तक पास होने का इंतजार कर रहा है।

इसके लंबित होने के चलते कई योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही हैं। टेक्सटाइल पार्क का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। पार्क के भू उपयोग को इंडस्ट्री में करने का प्रस्ताव मास्टर प्लान में भेजा गया है। इसके अलावा शाहजहांपुर रोड पर उद्योगों के लिए जिस जमीन को प्रस्तावित किया गया है उसका भी भू उपयोग बदला जाना है। शहर में आवासीय योजनाओं के लिए नए क्षेत्र में भू उपयोग कृषि से आवासीय करने का प्रस्ताव मास्टर प्लान में शामिल है। मास्टर प्लान को प्राधिकरण के अनुसार ही शासन मंजूरी देगा इस पर भी संशय है।

उद्योगपति व कॉलोनाइजर यह सोच रहे हैं कि शासन ने भू उपयोग नहीं बदला तो उनके प्रोजेक्ट में लगा पैसा फंस सकता है। अभी भू उपयोग बदलवाने के लिए काफी भागदौड़ करनी पड़ती है इसलिए वे मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। भू उपयोग पहले से तय होने पर कालोनियां बनाने और उद्योग लगाने में दिक्कत नहीं होगी।

बीडीए ग्रेटर बरेली आवासीय योजना बना रहा है। प्राधिकरण ने किसानों से भूमि तो खरीद ली लेकिन मौजूदा सेक्टर के बाद वह अगले क्षेत्र का विकास तब तक नहीं कर पाएगा जब तक इसका भू उपयोग कृषि से आवासीय नहीं हो जाए। मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट, औद्योगिक, आवासीय क्षेत्र को बढ़ाया गया है। अभी तक अयोध्या और गोरखपुर विकास प्राधिकरण का मास्टर प्लान ही मंजूर हुआ है। बीडीए वीसी मनिकनंदन ए ने पिछले दिनों प्रेस कांफ्रेंस में मास्टर प्लान को शासन से जल्द मंजूरी दिलाने का प्रयास करने की बात कही थी। ताकि विकास योजनाएं अपनी गति से आगे बढ़ सकें।




# हल्द्वानी की घटना के बाद और ज्यादा सतर्कता, 31 प्वाइंट पर बैरिकेडिंग, 14 सौ पुलिसकर्मी तैनात

## ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ हर प्वाइंट पर की जाएगी वीडियोग्राफी, शाम को ही छावनी बना पूरा इलाका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर की ओर से घोषित जेल भरो आंदोलन आज
- दिन भर तैयारी करते रहे अफसर, जिले भर से शहर में बुलाया गया फोर्स

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की ओर से घोषित जेल भरो आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन बृहस्पतिवार को दिन भर तैयारियां करता रहा। हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद चौकसी और बढ़ा दी गई। इस्लामिया कॉलेज ग्राउंड की ओर जाने वाले सभी रास्तों को एक दिन पहले ही 31 अलग-अलग प्वाइंट पर बैरिकेडिंग कर सील कर दिया गया। इन सभी प्वाइंट पर ड्रोन कैमरों से निगरानी और वीडियोग्राफी का भी इंतजाम किया है। मौलाना और उनके समर्थकों को रोकने के लिए इस इलाके में छह एएसपी के साथ 14 सौ पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके बाद बृहस्पतिवार शाम से ही इलाका छावनी में तब्दील हो गया।

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के साथ पुलिस के उच्चाधिकारियों ने सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेने के लिए बृहस्पतिवार सुबह से ही इस्लामिया ग्राउंड से कुछ दूर बिहारीपुर पुलिस चौकी पर डेरा डाल लिया। दोपहर के वक्त एसएसपी ने इस्लामिया कॉलेज के आसपास समेत 31 प्वाइंट चिह्नित किए जहां देर शाम तक पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग कर दी गई। एसएसपी और एसपी सिटी बृहस्पतिवार को दो बार बिहारीपुर चौकी पहुंचे। यहीं पर काफी समय मौजूद रहकर अधिकारियों के साथ शुक्रवार के लिए सुरक्षा तैयारियों का खाका तैयार किया गया। अफसरों के मुताबिक कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस्लामिया ग्राउंड के आसपास कोतवाली इलाके 14 सौ पुलिस कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। इनमें छह एएसपी, 12 सीओ, 50 इंस्पेक्टर, 150 दरोगा, चार कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरआरएफ शामिल है। इस तैनाती के बाद बृहस्पतिवार शाम को ही इलाका छावनी जैसा नजर आने लगा। घुड़सवार पुलिस ने भी शाम को गलियों में गश्त शुरू कर दी।

> 14 सौ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस्लामिया कॉलेज गेट के साथ 31 प्वाइंट पर बैरिकेडिंग की है जहां वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। - **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी


इस्लामिया ग्राउंड की ओर जाने वाले रास्तों को पुलिस ने बैरिकेडिंग करके बंद कर दिया। ● अमृत विचार

### गश्त पर निकले अफसर

तनावपूर्ण माहौल में एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी देहात और एसपी क्राइम ने भारी फोर्स के साथ कोतवाली इलाके के मिश्रित आबादी वाले बिहारीपुर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की। इस दौरान अफसरों ने आम लोगों और दुकानदारों से भी फीडबैक लिया। पैदल गश्त में जिले के सभी सीओ, पीएसी, आरआरएफ, घुड़सवार पुलिस और शहर के सभी थाना प्रभारी शामिल थे।



### सक्रिय हुईं खुफिया एजेंसियां, शासन से भी लगातार लिया जा रहा फीडबैक

इस्लामिया कॉलेज के आसपास कोतवाली इलाके में 31 प्वाइंट पर जहां बैरिकेडिंग की गई है, वहां पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ वीडियोग्राफी कराने का भी निर्देश दिया गया है। इसके लिए छह ड्रोन कैमरे पुलिस कर्मियों को उपलब्ध कराए गए हैं। बवाल की आशंका देखते हुए एलआईयू समेत दूसरी खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिया किया गया है। उधर, शासन से भी लगातार बरेली के अधिकारियों से संपर्क कर अपडेट लिया जा रहा है।

# आईएमसी ने बैठक कर तय की रणनीति, कहा- अपने ईमान के लिए देंगे गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


- आला हजरत मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कर गिरफ्तारी देने पहुंचेंगे मौलाना तौकीर

**अमृत विचार :** जेल भरो आंदोलन के लिए मौलाना तौकीर रजा खां की पार्टी आईएमसी की भी बृहस्पतिवार को तैयारियां जारी रहीं। पार्टी कार्यालय पर सामूहिक गिरफ्तारी देने के लिए रणनीति तय की गई। पार्टी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने इसके बाद बयान जारी किया कि मस्जिद-मदरसों और अपने ईमान के हिफाजत के लिए जुमे की नमाज के बाद सामूहिक गिरफ्तारी दी जाएगी। मौलाना तौकीर दोपहर दो बजे राजकीय इंटर कॉलेज के सामने आला हजरत मस्जिद में नमाज अदा करेंगे। इसके बाद इस्लामिया ग्राउंड पहुंचकर गिरफ्तारी देंगे।

बयान में कहा गया है कि देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल पैदा कर दिया गया है। अब उनकी इबादतगाहों को छीना जा रहा है, मस्जिदों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि अपनी इबादतगाहों की हिफाजत के लिए संविधान में दिए अधिकार के तहत शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराएं। उनसे बोलने तक का अधिकार को छीना जा रहा है। बृहस्पतिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नफीस खान और नदीम खान के नेतृत्व में आईएमसी सलाहकार समिति की बैठक भी पार्टी कार्यालय पर हुई। इसमें गिरफ्तारी देने के कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### मौलाना तौकीर ने कहा- ऐसी आजादी से गिरफ्तारी देकर जेल जाना बेहतर

मौलाना तौकीर बृहस्पतिवार को मुस्लिम राजनीतिक पार्टियों के साथ मीटिंग के लिए दिल्ली में थे। इसी बीच उन्होंने एक बयान जारी कर कहा है कि जब हम कुछ नहीं कर सकते तो ऐसी आजादी से बेहतर है कि खुद को गिरफ्तार करा दें। मौलाना ने कहा कि लोगो में काफी गुस्सा है, लेकिन उनकी सभी से अपील है कि कोई ऐसा काम न करें जिससे गलत संदेश जाए। संविधान के दायरे में रहकर ही विरोध और प्रदर्शन करें। विरोध दर्ज कराने के अलग-अलग तरीके हैं। कुछ लोगों ने अपने कारोबार बंद रखकर विरोध करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि विरोध दर्ज कराना हमारा अधिकार है। हम हर हाल में विरोध करेंगे। पुलिस प्रशासन से हमारी कोई लड़ाई नहीं है। हम उन्हें आश्वस्त करते हैं कि शांतिपूर्वक गिरफ्तारी देंगे।



## एक नजर

### दहेज की रिपोर्ट दर्ज कराने पर फोन पर तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज के लिए ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाल दिया। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई तो पति ने फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया। बारादरी पुलिस ने आरोपी पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एजाज नगर गौटिया निवासी ताहीम ने बताया कि उनका निकाह वर्ष 2015 में क्योलड़िया के गांव मेंथी नवदिया निवासी मो. जफर से हुआ था। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने वर्ष 2017 में घर से निकाल दिया। इस पर उन्होंने दहेज एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 16 जनवरी को उन्होंने घरेलू हिंसा के तहत कोर्ट में वाद दायर किया। आरोप है कि पति और उसका बहनोई तौफीक भी फोन पर धमकाया और पति ने इसके बाद फोन पर तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने मो. जफर, तौफीक अहमद और फुफेरे भाई मेंहदी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### श्मशान की भूमि पर रखी मूर्ति को राजस्व विभाग की टीम ने हटवाया

**बरेली, अमृत विचार :** सदर तहसील के गांव हरुनगला में बुधवार देर रात बाबा ने श्मशान की जमीन र काली माता की मूर्ति रख दी। सूचना पर गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। इसके बाद बाबा ने मूर्ति हटाकर पास के देवी स्थान में रख दिया। एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि टीम ने मूर्ति रखने वाले बाबा संतोष से बातचीत की। ग्रामीणों की मौजूदगी में बाबा ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह जमीन सरकारी है। वह इसे मंदिर की जमीन समझ रहे थे। अभिलेखीय जानकारी होने के बाद अपनी स्वेच्छा राजस्व टीम की मौजूदगी में बाबा ने मूर्ति को वहां से हटाकर पड़ोस में स्थित देवस्थान की जगह पर स्थापित कर लिया है।

# भड़काऊ पर्चे बांटने के आरोप में दर्ज केस में शामिल होंगे तौकीर समेत 30 लोगों के नाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुधवार को सभी को पुलिस ने जारी किए गए थे नोटिस
- बरेली के साथ कई जिलों और उत्तराखंड में बांटे गए हैं पर्चे

**अमृत विचार :** भड़काऊ पर्चे बांटने के आरोप में बुधवार को दर्ज की गई एफआईआर में पुलिस मौलाना तौकीर समेत 30 लोगों के नाम शामिल करेगी। इन सभी को बुधवार को ही नोटिस दिए जा चुके हैं। पुलिस के मुताबिक ये पर्चे बरेली के साथ कई और जिलों और उत्तराखंड में भी बांटे गए हैं।

ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने और मस्जिदों-मदरसों में तोड़फोड़ के खिलाफ आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को इस्लामिया ग्राउंड पर इकट्ठे होने के बाद कलेक्ट्रेट तक मार्च करने और सामूहिक गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन शुरू करने का एलान किया है। ज्यादा से ज्यादा भीड़ इकट्ठी करने के लिए कई दिन से पर्चे बांटे जा रहे थे। बुधवार को पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ भड़काऊ पर्चे बांटने के आरोप में केस दर्ज किया था, इसके साथ मौलाना तौकीर और उनके समर्थकों को सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस भी जारी किए थे। नोटिस में कहा गया था कि प्रदेश में धारा 144 लागू है। चुनाव और त्योहार आने वाले हैं। इस माहौल में प्रदर्शन से शांति व्यवस्था खराब हो सकती है। लिहाजा कोई धार्मिक उन्माद फैलता है तो सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।अब पुलिस इन सबके नाम एफआईआर में शामिल करने की बात कह रही है।

### इन लोगों के नाम शामिल होंगे एफआईआर में

इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश शर्मा के मुताबिक पुलिस ने बुधवार को अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब इसमें आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर, नदीम खां, डॉ. नफीस खां, अफजाल बेग, मुनीर इदरीसी, रईस कुरैशी, जाहिद उर्फ डोबी, सलीम खां, कामरान, रुखसार, मौलाना अहसानुल हक, हाफिज शराफत, फरहान, मोहम्मद रिजवान अंसारी, साजिद सकलैनी, फरहत खां, मोहम्मद मुस्तफा नूरी, सैय्यद रेहान अली, अनीस सकलैनी, मोहसिन उर्फ बब्बू, आजम तहसीनी, नदीम कुरैशी, राशिद खां, मिर्जा मस्सम बेग, अनवर रजा खां के नाम शामिल किए जाएंगे।

### बीडीए ने शुरू की संपत्ति के बारे में छानबीन

**बरेली, अमृत विचार :** भड़काऊ पोस्टर बांटने के मामले में पुलिस ने जिन 30 लोगों को नोटिस दिए हैं, बीडीए के उनकी संपत्ति के बारे में छानबीन शुरू करने की खबर है। हालांकि अफसर फिलहाल इस बारे में कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

# शहर में आज भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा के जेल भरो आंदोलन की चेतावनी के बाद एसपी ट्रैफिक ने शुक्रवार को रूट डायवर्जन लागू किया है। इस दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मुरादाबाद, रामपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन परसाखेड़ा से बडा बाईपास होकर नैनीताल, पीलीभीत, लखनऊ की ओर जाएंगे। लखनऊ की ओर से आने वाले भारी वाहन इन्वर्टिस चौराहा से बड़ा बाईपास होकर पीलीभीत, नैनीताल और रामपुर की ओर जाएंगे। रामपुर, पीलीभीत और नैनीताल की ओर से बदायूं की तरफ जाने वाले भारी वाहन इन्वर्टिस चौराहे से फरीदपुर, बुखारा मोड़, रामगंगा होकर जाएंगे। लखनऊ से बदायूं की ओर जाने वाले भारी वाहन फरीदपुर से बुखारा मोड, रामगंगा होकर जाएंगे। वापसी में भी यही रूट रहेगा। बड़ा बाईपास पर झुमका तिराहा, बिलवा पुल, विलयधाम, बीसलपुर चौराहा से भारी वाहन शहर में नहीं आने दिए जाएंगे। वहीं, इन्वर्टिस तिराहा से भारी वाहन ट्रांसपोर्ट नगर तक आ जा सकेंगे।


मौलाना तौकीर रजा के घर के बाहर रात में पुलिस की गई तैनात। ● अमृत विचार

### इस्लामिया की तरफ जाने वाले रास्तों पर छोटे वाहनों को भी प्रवेश नहीं

चार पहिया और तीन पहिया वाहनों को चौपुला से इस्लामिया व पटेल चौक की तरफ, चौकी चौराहा से पटेल चौकी की तरफ, गांधी उद्यान से बरेली कालेज की तरफ, कार बाजार चौराहा से पटेल चौकी तरफ, ईसाइयों की पुलिया से शहामतगंज चौराहा की तरफ, ईंट पजाया से साहू गोपीनाथ की तरफ, सूद धर्मकांटा से मूर्ति नर्सिंग होम की तरफ, कुदेशिया अंडर पास से किला की तरफ, दुल्हे मियां की मजार से किला और चौपुला चौराहा की तरफ, किला क्रासिंग से कुतुबखाना की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। अलग-अलग प्वाइंट पर तैनात पुलिस को कड़ाई से इसका पालन कराने को कहा गया है।

# गन्ना मंत्री ने एसडीएम बहेड़ी के तबादले के लिए डीएम को लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने एसडीएम बहेड़ी की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर तीखी नाराजगी जताई। तबादले के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

पत्र में गन्ना मंत्री ने कहा कि एसडीएम की कार्यशैली आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति ठीक नहीं है। इसको लेकर उनके पास लगातार शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने डीएम से कहा है कि इन शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम का स्थानांतरण किसी अन्य स्थान पर किया जाए। इस बारे में एसडीएम अजय उपाध्याय ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# दुष्कर्म केस में झूठा बयान देने पर कोर्ट ने पीड़िता को भेजा जेल

विधि संवाददाता

- कोर्ट के मुकदमा दर्ज करने के आदेश के बाद तुरंत कोर्ट में किया गया पेश

**बरेली :** अदालत में दुष्कर्म के मामले में झूठी गवाही देना पीड़िता को भारी पड़ गया। अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय निर्दोष कुमार ने युवती के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। मुकदमा दर्ज होते ही युवती को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने युवती को जेल भेज दिया।

सरकारी वकील हरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि पीड़िता की मां ने 2 सितंबर 2019 को थाना बारादरी में तहरीर देकर सुभाषनगर नेकपुर निवासी अजय उर्फ राघव के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने दिए बयान में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी वर्ष 2019 से ही जेल में बंद है। पीड़िता ने कोर्ट में हुई मुख्य परीक्षा में अभियोजन कथानक का समर्थन किया, लेकिन अभियुक्त के वकील ने जब जिरह की तो विपरीत बात कहते हुए बयान दिया कि उसके साथ अजय ने कभी भी कोई छेड़छाड या गलत काम नहीं किया। कोर्ट के प्रश्न पर बताया कि उसने इसी कोर्ट में शपथ पर झूठा बयान दिया था। कोर्ट ने आदेश में उल्लेख किया पीड़िता ने न्यायालय के समक्ष झूठा सबूत देने का कार्य किया है, जो अभियुक्त के खिलाफ ऐसे आरोप को साबित करने के लिए किया गया है जिसमें सात साल से अधिक और आजीवन कारावास की सजा भी हो सकती थी, जोकि आईपीसी की धारा 195 के तहत दंडनीय अपराध है।

### आईपीसी की धारा 195 में कठोर सजा का प्रावधान

यह अपराध असंज्ञेय एवं अजमानती होते हैं। झूठी गवाही देने वाले के अपराध के लिए उसे उसी अपराध के दंड से दंडित किया जाएगा, जिस अपराध में फंसाने के लिए व्यक्ति ने झूठे साक्ष्य प्रस्तुत किये थे। अर्थात यदि झूठी गवाही के कारण किसी को सात साल की सजा होने वाली थी तो झूठे गवाह को भी सात साल की सजा होगी और अगर उम्रकैद होने वाली थी तो झूठे गवाह को भी उम्रकैद हो जाएगी।

# वन मंत्री के प्रतिनिधियों ने विजिलेंस जेई को भ्रष्ट बता हटाने की मांग की

**बरेली, अमृत विचार:** बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से मुलाकात की। 13 बिंदुओं को सामने रखकर शिकायतें कीं। इस दौरान विजिलेंस टीम में शामिल एक जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर हटाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की शिकायतों के निस्तारण को मुख्य अभियंता ने कमेटी का गठन कर दिया है।

वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के प्रतिनिधि अनिल कुमार सक्सेना, आरके रूपनवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। शहरी क्षेत्र की विजिलेंस टीम में शामिल एक जेई पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्हें जल्द हटाने की मांग की। मुख्य अभियंता ने टीम का गठन करके तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रहपुरा चौधरी उपकेंद्र का काम जल्द पूरा कराया जाए। उपकेंद्र कोहाड़ापीर से निर्गत 11 केवी गांधीनगर फीडर पर तिराहे पर ट्रांसफार्मर पर पाकड़ की टहनियों की छंटनी की जाए। धार्मिक स्थलों में बिजली कनेक्शन जारी करें। वहीं आरडीएसएस योजना के तहत चल रहे कामों का उद्घाटन राज्य मंत्री डा. अरुण कुमार से कराने की मांग की। बैठक में मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया, अंबा प्रसाद और अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

# ट्रेनों-बसों में युवती के शव के फोटो चस्पा कर रही पुलिस

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- एक सप्ताह बाद भी नहीं हो सकी सीबीगंज क्षेत्र में मृत युवती की शिनाख्त

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र में बड़ा बाईपास किनारे हत्या कर फेंकी गई युवती की पहचान एक सप्ताह बाद भी नहीं हो सकी। पुलिस की टीमें लगातार युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही हैं। अब युवती के शव के फोटो वाले पैंफलेट ट्रेनों व बसों में चस्पा कर उसके बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

30 जनवरी को पुलिस ने टियूलिया-परधौली के बीच बड़ा बाईपास किनारे सरसों के खेत में एक 24 वर्षीय युवती का शव बरामद किया था। पुलिस ने आसपास के गावों में युवती की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन असफल रही। तभी से पुलिस , सर्विलांस टीम, साइबर सेल टीम, एसओजी मृत युवती की शिनाख्त के लिए लगातार प्रयास कर रही है। होटलों व अन्य स्थानों पर उसके बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। अब युवती के फोटो अन्य राज्यों को जाने वाली ट्रेनों व बसों में चस्पा कर उसके बारे में कोई जानकारी मिलने की उम्मीद पुलिस कर रही है।

# डीपीआरओ सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत मामले में जांच करने पहुंचे

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लॉक में सांड़ के हमले में बुजुर्ग की मौत के मामले में प्रधान और सचिव पर एफआईआर दर्ज हुई है। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने गुरुवार को ब्लॉक में पहुंचकर जांच की। एफआईआर निरस्त करने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है।

शनिवार को ग्राम पंचायत सीहोर में सांड़ के हमले में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई थी। एडीओ पंचायत राजीव शर्मा ने शाही थाने में प्रधान, पंचायत सचिव के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इससे नाराज प्रधान और सचिवों ने विकास भवन में इकट्ठा होकर एफआईआर वापस लेने की मांग की थी। अफसरों के आश्वासन पर लोग माने थे। इसके अगले दिन भी ब्लॉकों पर ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया गया था। गुरुवार को डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और सीहोर मामले की जांच की। खंड विकास अधिकारी सीपी पांडेय, एडीओ पंचायत राजीव शर्मा, पंचायत सचिव श्रीपाल गंगवार से मामले को लेकर काफी देर तक बात की।



- प्रधान और सचिव पर दर्ज हुई है एफआईआर, मामले के निस्तारण के लिए कमेटी गठित

# लोकसभा चुनाव से पहले 460 भाजपाइयों पर दर्ज मुकदमे वापस ले सकती है राज्य सरकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसद संतोष गंगवार और प्रदेश के दर्जन भर मंत्रियों ने प्रमुख सचिव गृह को सौंपा प्रस्ताव
- डीएम, एसएसपी की आख्या सीएम कार्यालय भेजी, जनता दरबार में उठा मामला

**अमृत विचार :** सपा सरकार में भाजपाइयों समेत समेत 460 लोगों पर दर्ज हुए संगीन धाराओं में मुकदमों को लोकसभा चुनाव से पहले वापस लेने की तैयारी शुरू हो गई है। सांसद संतोष गंगवार समेत प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने मुकदमे की वापसी के लिए प्रस्ताव प्रमुख सचिव गृह को सौंपा था। इस मामले में अब डीएम, एसएसपी से आख्या लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी गई है।

जिले में दो मामलों में भाजपाइयों समेत 460 लोगों पर मुकदमे दर्ज कराये गए थे। पहला मामला 1998 का है, जिसमें फतेहगंज पश्चिमी में बिजली समस्या को लेकर भाजपाइयों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था।

इस मामले में भाजपा नेताओं समेत करीब 400 लोगों पर पुलिस ने 7-सीएलए एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया था। दूसरा मामला 2015 का है। नगर क्षेत्र में माली की बगिया स्थित काली मंदिर में मूर्ति को खंडित कर गोवंश डाल दिया गया था। इसको लेकर प्रदर्शन कर विरोध जताया था। इसमें कई भाजपा नेताओं समेत 60 लोगों को नामजद किया गया था।

प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से दोनों मामलों में दर्ज मुकदमों की वापसी के लिए कवायद चल रही थी। सांसद संतोष गंगवार समेत कई मंत्रियों की ओर से इस बारे में शासन तक के अफसरों को लिखा जा चुका है। अब लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ यह कवायद और तेज हो गई है। भाजपा नेता व युवा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष आशीष अग्रवाल की ओर से भी कई मंत्रियों को पत्र लिखे गए थे। प्रमुख सचिव गृह को प्रस्ताव सौंपे जाने के बाद डीएम और एसएसपी से आख्या तलब की गई थी।

बरेली के अधिकारियों की ओर से भेजी गई आख्या को मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दिया गया है। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी भाजपा नेताओं पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान आशीष अग्रवाल, राम गुप्ता, महेंद्र शर्मा, शशांक अग्रवाल, अमोद सिंह, सनी सिंह आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# पेड़ से गिरकर युवक की मौत, साथियों ने रास्ते में शव छोड़कर भागने की कोशिश की

**बरेली, अमृत विचार :** चौपुला के पास स्थित रेलवे कॉलोनी में पेड़ पर पत्ते तोड़ने के लिए चढ़ा युवक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए जाते समय उसकी मौत हो गई तो साथी शव छोड़कर भागने लगे। लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी कि युवक की हत्या के बाद शव छोड़कर दो लोग भाग रहे हैं। सूचना पर पहुंची चीता पुलिस और कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने बताया कि संजय सिंहानिया (38) बारादरी के सामने पत्ते बेचकर गुजर बसर करता था। गुरुवार को संजय चौपुला स्थित रेलवे कॉलोनी में पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहा था। इस दौरान वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संजय को बदायूं और शाहजहांपुर निवासी दो लोग जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में संजय ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद ई-रिक्शा चालक ने शव को ले जाने से मना कर दिया, तब दोनों साथियों ने शव उतारकर नौमहला मस्जिद के पास रख दिया और भागने की कोशिश करने लगे। राहगीरों ने दोनों को पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो बताया कि तीनों ने शराब पी थी। उसके बाद संजय पेड़ पर चढ़ गया, लेकिन गिरने से उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि संजय की मौत पेड़ से गिरने से हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# रिश्वत के आरोप में फरीदपुर बीआरसी का बाबू निलंबित

## शिक्षिका के ट्रांसफर को लिए थे 1.90 लाख, दमखोदा बीईओ करेंगे जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फरीदपुर बीआरसी में तैनात कनिष्ठ सहायक दुष्यंत यादव को रिश्वत मांगने के आरोप में बीएसए ने निलंबित कर दमखोदा के खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमसुख गंगवार को उसके खिलाफ जांच का निर्देश दिया है। बाबू पर एक शिक्षिका के ट्रांसफर के लिए उसके पति से 1.90 लाख रुपये लेने का आरोप है। आरोपी बाबू के सभी भत्तों पर भी रोक लगा दी गई है।

शाहबाद भूड़ में रहने वाले रचित सक्सेना ने बीएसए से शिकायत की थी कि बाबू दुष्यंत यादव ने उनकी पत्नी के ट्रांसफर के लिए उनसे 1.90 लाख रुपये लिए थे। इसके बावजूद ट्रांसफर नहीं हुआ। उन्होंने इसकी वीडियो रिकार्डिंग के साथ शपथ पत्र भी दिया था। इसके साथ आईजीआरएस पोर्टल पर भी शिकायत की थी। बीएसए ने 21 अक्टूबर 2023 को खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी को आरोपों की जांच का निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में बाबू को दोषी ठहराया था। इसके बाद बीएसए ने उसे सस्पेंड कर दिया। उधर, आरोपी बाबू का कहना है कि उसका पक्ष लिए बगैर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### बीएसए बोले- भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करेंगे

बाबू के निलंबन के बाद बीएसए संजय सिंह ने विभागीय कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि कोई भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों पर भ्रष्टाचार के सर्वाधिक आरोप लगते हैं। कुछ ही दिन पहले सहासा के तत्कालीन हेडमास्टर में खंड शिक्षा अधिकारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाकर कार्रवाई के लिए भूख हड़ताल शुरू की थी। उच्चाधिकारियों ने उन्हें जांच कराने का आश्वासन देकर हड़ताल खत्म कराई लेकिन फिर भी जांच नहीं कराई। उल्टे हेडमास्टर को ही सस्पेंड कर दिया था।

## डेलापीर तालाब पर चारदीवारी बनाने का किया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** डेलापीर तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाकर सिविल सोसाइटी ने सभा की और तालाब पर बनाई जा रही दीवार को अनुचित बताया।

सिविल सोसाइटी के संयोजक राज नारायण ने तालाबों एवं उद्यानों की बाउंड्री तीन फुट से ऊपर नहीं होने की बात कही। कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से ऊंचाई बढ़ानी है तो लोहे की रेलिंग पर्याप्त है। इससे सड़क पर गुजरने वाले लोग भी प्राकृतिक छटा का आनंद ले सकेंगे। सभा में हस्ताक्षर अभियान चलाने की बात कही गई। जितेंद्र मिश्रा, डॉ.आलोक सेठ, राजीव शांत, डॉ. सुचित्रा डे, करिश्मा देवल, सुधीर कुमार गुप्ता, हरिनारायण आदि ने भी विचार रखे।

## अभियोजन कार्यालय में सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय में सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। उप नियंत्रक राकेश मिश्रा ने स्टाफ और पुलिसकर्मियों को बताया कि यदि कोई व्यक्ति बेहोश हो जाए और उसकी पल्स और सांस नहीं चल रही है तो उसे तुरंत तीन मिनट के भीतर सीपीआर देना शुरू कर दें। सीपीआर प्रक्रिया तब तक चालू रखना चाहिए जब तक एंबुलेंस न आ जाए। संयुक्त निदेशक अखिलेश कुमार पांडेय, पंकज कुदेशिया, नेम सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में 116 केंद्रों पर की जाएगी गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में इस बार 15 दिनों पहले 15 मार्च से गेहूं खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए 116 केंद्र स्वीकृत हो गए हैं। 1 जनवरी से अब तक पोर्टल पर 1011 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है।

पंजीकरण कराने वाले किसानों में तहसील बहेड़ी के 128, मीरगंज के 54, आंवला के 84, बरेली के 268, नवाबगंज के 257 और फरीदपुर के 220 किसान शामिल हैं। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि गेहूं खरीद 15 मार्च से 15 जून की जाएगी।

धान खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके किसानों को गेहूं बेचने के लिए दोबारा पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। गेहूं बेचने के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। किसानों को जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे, मोबाइल फोन और मोबाइल एप के माध्यम से खाद्य विभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण व नवीनीकरण कराना आवश्यक है।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद

**बरेली, अमृत विचार :** आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद गुरुवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे। पिछले दिनों मंदिर को लेकर विवाद के बाबत उन्होंने कहा कि यह मंदिर शुरू से है और आगे भी यहीं रहेगा। उन्होंने कहा की इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। जिलाधिकारी को भी इस मामले से अवगत कराया जाएगा। इसके बाद भी जरूरत पड़ती है तो न्यायालय की शरण ली जाएगी। उन्होंने आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा के बारे में कहा कि वह चुनाव को देखते हुए भड़काऊ बयानबाजी कर रहे हैं।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर
(एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी

बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## सार-संक्षेप

### आईडीएपीएल की ट्रॉफी का किया अनावरण



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की बरेली शाखा की ओर से 10 व 11 फरवरी को होने वाले आईडीए प्रीमियर लीग के लिए गुरुवार को रामपुर गार्डन में ट्रॉफी का अनावरण किया गया। आईडीए बरेली शाखा के अध्यक्ष डा. दिनेश रॉय ने बताया कि सभी मैच एसआरएमएस कालेज के मैदान पर होंगे। पुरुष टीम के मुकाबले लेदर की बॉल से खेले जाएंगे, जबकि महिलाएं व बच्चे टेनिस बॉल से खेलेंगे। सचिव डा. अनूप आर्य ने बताया कि पुरुषों के सभी मुकाबले शनिवार व अन्य मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे। पुरुषों की छह टीमें हैं, महिलाओं की दो व बच्चों की चार टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कोषाध्यक्ष डॉ. राघव चौधरी ने बताया कि आईडीएपीएल का आयोजन चिकित्सकों में आउटडोर खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

### बजट शब्द का विवेचनात्मक अर्थ बताया




**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरिम बजट पर परिचर्चा हुई। जिसमें डॉ. एनएल शर्मा ने बजट शब्द का विवेचनात्मक अर्थ ब-विवरण, ज-जनता, ट-टकसाल के बारे में प्रकाश डाला। बजट के केंद्र बिंदु ज्ञान शब्द जिसके चार प्रमुख स्तंभ गरीब ,युवा, अन्नदाता और नारी के बारे में व्यापारिक रूप से बताया। सीए मनोज मंगल ने सभी तकनीकी बिंदुओं मौद्रिक घाटा, राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, प्राथमिक घाटा आदि बिंदुओं को समझाया। उन्होंने कहा कि सरकार का बजट ग्रीन एनर्जी और संरचनात्मक विकास को समर्पित है। लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन को शामिल करना सरकार का प्रशंसनीय कदम है। प्राचार्य प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनामिका कौशिबा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा रावत, प्रो. प्रीती पाठक, अर्चना शर्मा, डॉ. रीना टंडन, डॉ. श्वेता अग्रवाल, प्रगति, मेहनाज मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक महोत्सव में पोस्टर और कोलाज बनाए




**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालयी सांस्कृतिक महोत्सव उद्भव के तीसरे दिन पोस्टर और कोलाज प्रतियोगिता हुई। प्रतिभागियों का विषय मेरा भारत विकसित भारत रहा। विजेताओं को स्थापना दिवस के अवसर पर 15 फरवरी को कुलपति पुरस्कृत करेंगे।

### जागरूकता रैली: हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर पहनें




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई ने बृहस्पतिवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सारा बासु के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। रैली बरेली कॉलेज से कालीबाड़ी, पटेल चौक, हिंद टॉकीज, जैन मंदिर, अग्निशमन विभाग से होते हुए वापस आई। छात्राओं ने लोगों को हेलमेट पहनने, कार सीट बेल्ट लगाने और धीमी गति में ही वाहन चलाने को लेकर जागरू किया। शिविर के दूसरे सत्र में छात्राओं को साइबर सुरक्षा संबंधी विषय पर डॉ. अजिता सिंह तिवारी ने संबोधित किया। अमृत, नंदिनी, स्वाति, दीक्षा, सलोनी, रति आदि ने शिविर में भाग लिया।

### स्किल हब इनिशिएटिव में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी

**सीबीगंज, बरेली :** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत राजकीय महिला पालीटेक्निक में स्किल हब इनिशिएटिव में निशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। महिला पॉलिटेक्निक की प्रधानाचार्या नमिता वर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन और एलईडी लाइट रिपेयर टेक्नीशियन जॉब के लिए प्रशिक्षण में प्रवेश लेने के लिए 15 के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।


# स्पोर्ट्स लीग: लंबी कूद में प्रिंस, दौड़ में फैजान विजेता

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में देर से शुरू हो पाई पीआरडी की जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता, परेशान हुए खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल ने ग्रामीण खेल लीग की जोन स्तरीय एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, वालीबॉल, वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर और संभल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लंबी कूद में प्रिंस, सौ मीटर दौड़ में फैजान, बैडमिंटन में मयंक और प्रिंस सागर विजयी रहे।

तकनीकी कमियों के कारण प्रतियोगिता में देरी हुई और खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को परेशानी हुई। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान शाहजहांपुर की खिलाड़ी प्रतिमा चोटिल हो गईं। इस दौरान एम्बुलेंस या फर्स्ट एड की सुविधा भी नहीं थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश, अंकुर कशवाहा, फहद अली, नरेंद्र सिंह, हरिओम, विकास नारायण व अन्य मौजूद रहे।



स्पोर्ट्स स्टेडियम में वालीबॉल मैच में गेंद के लिए भिड़ते खिलाड़ी। • अमृत विचार



खेल के दौरान घायल हुई खिलाड़ी।



लंबी कूद में छलांग लगाकर प्रिंस ने पाया पहला स्थान। • अमृत विचार

### कुश्ती, हैंडबॉल और बॉक्सिंग के 12 और 13 को ट्रायल होंगे

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय तीन खेलों के लिए 12 फरवरी को जिला स्तरीय ट्रायल 12 और 13 फरवरी को मंडल स्तरीय ट्रायल होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि जूनियर बालक हॉकी, सब जूनियर बालक-बालिका, जूनियर कुश्ती बालिका, सब जूनियर बॉक्सिंग बालक प्रतियोगिता के ट्रायल होंगे। इसमें हॉकी का प्रदेश स्तरीय ट्रायल गोरखपुर, हैंडबाल का अयोध्या, बालिका हैंडबॉल लखनऊ, कुश्ती देवरिया और बॉक्सिंग का गाजियाबाद में होंगे। सब जूनियर हैंडबॉल में खिलाड़ियों का जन्म एक जनवरी 2009 या उसके बाद होना अनिवार्य है। जूनियर कुश्ती में बालिका के लिए 50 से 76 किलोग्राम और बॉक्सिंग में 33 से 70 किलोग्राम होना अनिवार्य है।

### एमबीबीएस के परीक्षा फार्म 13 से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** एमबीबीएस के परीक्षा फार्म 13 फरवरी से ऑनलाइन भरे जाएंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमबीबीएस प्रथम प्रोफेशनल पूरक परीक्षा, द्वितीय प्रोफेशनल एवं तृतीय प्रोफेशनल भाग एक और दो के मुख्य परीक्षा फार्म 13 से 20 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे।

**अब 12 फरवरी तक होंगी स्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा** :रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आन्तरिक परीक्षा की तिथि 12 फरवरी तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान, बीबीए, बीसीए, बीलिब, बीकॉम फाइनेन्स एवं फाइनेन्शियल सर्विस, एमएसडब्ल्यू, एमलिब, पीजीडीसीए (पुराना पाठ्यक्रम) की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 फरवरी तक कराकर अंक पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं होंगे।

## स्कूलों की बैंडमिंटन और टेबल टेनिस टीमों का चयन



स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन का ट्रायल देते खिलाड़ी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 12 फरवरी को मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता होगी। गुरुवार को बैडमिंटन और टेबल टेनिस की टीमों का चयन किया गया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में परिषदीय स्कूलों से करीब 40 बच्चों ने ट्रायल दिया। इस दौरान प्रतीक मिश्रा, सुमित शर्मा, दीप्ति सक्सेना, अमित सागर, किशोर सिंह, अर्पण आर्य, जय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## जीवन में वास्तविक परीक्षा डिग्री लेने के बाद

- एसआरएमएस के 23वें दीक्षांत समारोह में बोले प्रो. जय प्रकाश
- 372 छात्र-छात्राओं को उपाधि, प्रशस्ति पत्र व पदक वितरित किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एसआरएमएस में दीक्षांत समारोह में छात्रा को प्रशस्तिपत्र देते मुख्य अतिथि।

**अमृत विचार :** दीक्षांत समारोह में डिग्री लेने के बाद वास्तविक परीक्षा अब होगी। इसमें कोई दूसरा आपका मूल्यांकन नहीं करेगा, बल्कि खुद ही अपना मूल्यांकन करना है। समाज में सिर्फ दो लोग ही ऐसे हैं जो अपने बच्चों का कभी बुरा नहीं सोचते। इसमें पहले मां-बाप और दूसरा आपका संस्थान। ऐसे में इनसे आशीर्वाद लेने के लिए मिलने आते रहना चाहिए। ये बातें एसआरएमएस इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी के 23वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय ने कहीं।

प्रो. जय प्रकाश पांडेय, पावर एंड यूटिलिटी अर्नेस्ट एंड यंग के पार्टनर इंजीनियर मो. सैफ, फिन एजॉजी टेक्नोलॉजी के को-फाउंडर इंजीनियर निपुन कोहली, एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2022-2023 में उत्तीर्ण 372 छात्र-छात्रों को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किए गए। प्राचार्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने महाविद्यालयों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस सत्र में शिक्षकों के 58 शोध पत्र कई जनरलों में प्रकाशित हुए। 28 शोध-पत्रों को कई सेमिनार में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों के 32 शोध पत्र प्रकाशित हुए और 15 शोध-पत्रों को सेमिनारों में प्रस्तुत किया गया। छात्र तपोष चन्द्र शर्मा, मृदुल सिंघल, आकांक्षा गंगवार, अभिषेक गंगवार, आयुष भटनागर और विदुषी यादव को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सीईटीआर के प्रिंसिपल डॉ. एलएस मौर्य, संचालन रूचि शाह ने किया। इस मौके पर आशा मूर्ति, प्रो. श्यामल गुप्ता, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी गुप्ता, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. अनुराग भटनागर, डॉ. अनुज कुमार, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह मौजूद रहे।

## 13 को नहीं 14 फरवरी को ही मनाई जाएगी वसंत पंचमी

- पूजा अर्चना के लिए सुबह 7 बजे से दिन में 12.35 तक सर्वोत्तम मुहूर्त
- शिक्षक सहित सभी वर्गों में सरस्वती पूजा को लेकर उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी को श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस बार अयोध्या के मंदिर में श्रीराम लला के विराजमान होने के बाद यहां के मंदिरों में प्रभु श्रीराम के साथ ही मां सरस्वती की भी विधिवत पूजा- अर्चना होगी।

हालांकि इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों में संशय है। कुछ का मानना है कि 13 फरवरी को पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि धार्मिक पंचांग के अनुसार माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 13 फरवरी को दिन में 02.41 बजे से हो रही है।

14 फरवरी को 12.09 बजे तक इस पर्व के लिए मंगलकारी मुहूर्त बन रहा है। सुरेश शर्मा नगर निवासी ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि 14 फरवरी को ही उदया तिथि हो रही है। इस दिन सुबह 07 बजे से दिन में 12. 35 बजे तक सर्वोत्तम मुहूर्त रहेगा। त्रिवटीनाथ मंदिर में विशेष रूप से संस्कृत विद्यालय के छात्र व शिक्षक पूजा-अर्चना करेंगे । बाबा पशुपति नाथ मंदिर के पुजारी व ज्योतिषाचार्य पं. मुकेश मिश्रा ने बताया कि बसंत पंचमी को मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। पूजा में पीले व सफेद फूल, केसर, चंदन, केसर, रोली, हल्दी मां को अर्पित की जाती है।

## आज से श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव होगा

**बरेली, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 9 और 10 फरवरी को श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव मनाया जाएगा। कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने इस संबंध में संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं।

इस उत्सव के तहत वेशभूषा कार्यक्रम, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी। वेशभूषा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को श्रीराम भक्त के रूप में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का पूजन करते हुए, मां सीता द्वारा वाटिका का पौधरोपण, हनुमान जी द्वारा संजीवनी पर्वत लाते हुए और लक्ष्मण और अन्य किरदार बनने होंगे। इसी तरह से ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता करनी होगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

## भारतीय संगीत और कला के संरक्षण में लगी 'रिद्धिमा'

- एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से संचालित रिद्धिमा का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया
- गुरुओं और विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुति से समारोह को भावपूर्ण किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से थिएटर, कला, संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित ''रिद्धिमा'' का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान संस्थान के गुरुओं और विद्यार्थियों ने संगीत, शास्त्रीय नृत्य और नाटक के माध्यम से मौजूद लोगों को भावों से भर दिया।

ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति ने प्रेरणास्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री समाजसेवी राममूर्ति को याद किया। कहा कि आज उनकी 114वीं जयंती है। संगीत के प्रति उनके लगाव से प्रेरित होकर तीन वर्ष पहले नृत्य, संगीत, कला, अभिनय को समर्पित रिद्धिमा की स्थापना की गई। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त यह संस्थान भारतीय संगीत और कला को संरक्षित करने में योगदान दे रहा है। वर्तमान में यहां सभी विधाओं में 200 विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं।

समारोह में गुरुओं ने सरस्वती वंदना और संस्थान गीत गाया। कथक गुरुओं के साथ विद्यार्थियों ने कदमताल की। भरतनाट्यम के विद्यार्थियों और गुरुओं ने नृत्ता (ग्रामर) और नृत्य (अभिनय) के संयोजन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। शास्त्रीय वाद्ययंत्रों का भी वादन किया गया। आओगे जब तुम साजना सहित कई अर्धशास्त्रीय गीतों ने लोगों को मुग्ध कर दिया। रिद्धिमा थिएटर के कलाकारों ने ''तलाश अर्जुन की'' नृत्य नाटिका का मंचन किया।

चित्रकला प्रदर्शनी की शुरुआत उषा गुप्ता ने की। संचालन डा. अनुज कुमार ने किया। समारोह में आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, श्यामल गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, डा. आरपी सिंह, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.एलएस मौर्या, डा. रीटा शर्मा, शैली सक्सेना, अजीत सक्सेना व अन्य लोग मौजूद रहे।

## 15 से होंगी पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा की परीक्षाएं

- पांच स्कूलों के करीब 90 छात्र परीक्षा के लिए पंजीकृत
- रामभरोसे लाल बालिका इंटर कॉलेज को बनाया परीक्षा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं से पहले संस्कृत बोर्ड की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय तक की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से होंगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर की परीक्षाएं 15 से 29 फरवरी तक चलेंगी। जिले में पांच संस्कृत स्कूलों के करीब 90 छात्र इस परीक्षा में भाग लेंगे । रामभरोसे लाल बालिका इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पहले दिन पूर्व मध्यमा द्वितीय और उत्तर मध्यमा द्वितीय के छात्र अनिवार्य संस्कृत की परीक्षा देंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश केंद्र व्यवस्थापक को दे दिये गए हैं।

परीक्षा पूरी तरह नकल विहीन कराई जानी है। इसके लिए जरूरी संसाधनों को भी दुरुस्त कराने को कहा गया है। उत्तर पुस्तिकाएं व अन्य जरूरी सामग्री परीक्षा केंद्र पर भिजवा दी गई है। सभी स्कूलों को जल्द से जल्द पंजीकृत छात्रों को प्रवेश पत्र मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## 57 केंद्रों पर 25 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे लोकसेवा आयोग की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से आरओ और एआरओ (समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी) की प्रारंभिक

परीक्षा 2023 57 केंद्रों पर होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को विकास भवन में एडीएम सिटी ने अफसरों के साथ बैठक कर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की। परीक्षा में 25 हजार 650 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम सिटी सौरभ दुबे के अनुसार परीक्षा के लिए 19 सेक्टर प्रभारी बनाए गए हैं। एक सेक्टर प्रभारी के जिम्मेदारी तीन केंद्रों की व्यवस्था रहेगी, जबकि प्रत्येक केंद्र के लिए एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 09.30 से 11.30 बजे और दूसरी पाली 2.30 बजे से 3.30 तक होगी।

## 10 व 11 को होगा 66 वां वार्षिक सत्संग सम्मेलन

**बरेली, अमृत विचार :** समता योग आश्रम में 66 वां वार्षिक सत्संग सम्मेलन आगामी 10 व 11 फरवरी को होगा। आश्रम के प्रतिनिधि सेवादार कुंवर पदम औतार ने गुरुवार को बताया कि 10 फरवरी को रात 7.30 से 9.30 बजे तक और 11 फरवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक श्री त्रिवटी नाथ मन्दिर में सम्मेलन होगा।

सत्संग समतावाद महात्मा मंगतराम की वाणी व प्रवचनों पर आधारित है। सम्मेलन में मुख्य आश्रम हरियाणा सहित दिल्ली, हल्द्वानी, आगरा, जम्मू, कालका, चंडीगढ़, शिमला, सोनीपत, पटियाला, ऊना, पश्चिम बंगाल, यमुना नगर, बीकानेर, गंगानगर, मलोठ, देहरादून, दिल्ली, पानीपत, अम्बाला व अन्य स्थानों से सत्संग प्रेमी पहुंचेंगे।

# अनाथालय में अपनी उम्मीदें रोशन करने में लगी रहीं सुष्मिता, अब जीवन में होने को है नया सवेरा

## आलमगीरीगंज के युवक के साथ वसंत पंचमी पर पीले होंगे हाथ, शुरू हुईं शादी की तैयारियां

- फिलहाल जज बनने का सपना लिए कर रही हैं लॉ की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली




**अमृत विचार :** सिर्फ दो बरस की उम्र में अनाथालय पहुंचीं सुष्मिता होश संभालने के बाद से अब तक अपनी उम्मीदों को रोशन करने में जुटी रहीं, अब जाकर अंधेरों में घिरी दीवारों के बीच उनकी जिंदगी में नया सवेरा होने को है।

जज बनने का सपना आंखों में लिए एलएलबी की पढ़ाई कर रही सुष्मिता को उनके सपनों का राजकुमार भी मिल गया है। 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर शुभ मुहूर्त में वह आलमगीरीगंज के एक युवक के साथ विवाह बंधन में बंध जाएंगी। अनाथालय में सुष्मिता की शादी की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

अनाथालय की दूसरी लड़कियों में भी उत्साह का माहौल है। खुद सुष्मिता के चेहरा भी खुशी से चमक रहा है। सुष्मिता के मुताबिक उन्हें नहीं पता कि अनाथालय में वह कैसे पहुंचीं लेकिन जब से होश संभाला, तब से पढ़लिखकर कुछ बनने की बात दिमाग में बैठ गई। यहां के पदाधिकारियों का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला। स्नातक की पढ़ाई करके वह अब एक निजी कॉलेज में लॉ की पढ़ाई कर रही हैं और आगे उनका सपना न्यायिक सेवा में अपना भविष्य बनाने का है। सुष्मिता ने कहा कि अनाथालय में रहते हुए यहां के पदाधिकारियों ने उनकी हर मुश्किल आसान की हैं। यहां की और लड़कियां भी उनकी बहनों की तरह हैं। वह कहीं भी रहें, उन्हें कभी नहीं भूल पाएंगी।

### बेटी की खुशहाली के लिए निभा रहा हूं फर्ज

सुष्मिता के लिए अनाथालय के पूर्व प्रधान हर्षवर्धन पिता की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उन्हें हमेशा उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया। रिश्ता तय करने के बाद अब शादी के आयोजन की तैयारियां भी उन्हीं की देखरेख में चल रही हैं। हर्षवर्धन ने बताया कि सुष्मिता की शादी के लिए उन्होंने जिले के कई अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से बात की है। सभी के सहयोग से शादी होगी।

### मदद तो दूर, अनाथालय प्रधान का कुछ पता होने से ही इन्कार

सुष्मिता की शादी के लिए अनाथालय प्रबंधन की ओर से कुछ नहीं किया जा रहा है। अनाथायलय के प्रधान ओमकार आर्य ने बताया कि उन्हें इस शादी की कोई जानकारी नहीं है। न ही उन्हें कोई निमंत्रण दिया गया है। युवती की ओर से अनाथालय कमेटी को भी इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई है।



# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO 9001-2008 Trademark Certified Clinic

# डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज



नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरु से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में स्त्रीली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# हवलदार के घर के ताले तोड़कर चार लाख का सामान चुरा ले गए

## मेरठ कैंट में तैनात हैं हवलदार दिनेश, रिश्तेदार ने दी तहरीर

**बरेली, अमृत विचार :** मेरठ कैंट में तैनात हवलदार के घर के ताले तोड़कर चोर नकदी, जेवर और अन्य सामान समेत करीब चार लाख की कीमत का सामान ले गए। रिश्तेदार ने थाना कैंट में शिकायती पत्र दिया है।

दूरदर्शन केंद्र के पास स्थित चंद्रदीप कॉलोनी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनके बहनोई दिनेश बाबू भी इसी कॉलोनी में रहते हैं। दिनेश सेना में हवलदार हैं और मेरठ कैंट में तैनात हैं। आठ दिन पहले दिनेश का परिवार मेरठ गया था, इसलिए मकान बंद था। पड़ोसियों ने मकान में ताला टूटा देखा तो दिनेश और उन्हें सूचना दी। मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि चोर लैपटॉप, स्टेप्लाइजर, गैस सिलेंडर, बर्तन, 10 हजार रुपये नकद, सोने की चेन और तीन अंगूठी ले गए हैं। सुनील ने बताया कि उन्होंने थाना कैंट में शिकायती पत्र दे दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मोमोज विक्रेता के घर से नकदी-जेवर चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** मोमोज विक्रेता के घर से छह लाख रुपये की नकदी और 2.10 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए। दुकानदार ने गांव के ही दो युवकों पर आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिथरी चैनपुर के गांव गोपालपुर नगरिया निवासी सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पति, दो बेटों और एक बेटी के साथ रामपुर बाग में किराये के मकान में रहती हैं। उनके पति मोमोज बेचते हैं। उनके किराये के मकान पर गांव के शिवम सिंह उर्फ शिवा और प्रमोद सिंह आते जाते रहते हैं। पांच फरवरी को प्रमोद और उसका बेटा शिवम सिंह उर्फ शिवा उनके घर पर आए। उस वक्त उनकी बेटी घर पर अकेली थी। आरोपियों ने बहाना करके बेटी को उनके बेटे के पास छोड़ दिया। इसके बाद शाम को 5.30 बजे शिवम सिंह और प्रमोद उनके घर से जेवर और नकदी से भरा बक्सा लेकर चले गए। दोनों आरोपी बक्सा लेकर जा रहे हैं इसकी सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास है। जानकारी मिलने पर वह गांव गईं और आरोपियों के पिता व ताऊ से शिकायत की तो उन्होंने समझौता कराने की बात कही। सात फरवरी तक जब समझौता नहीं हुआ तो उन्होंने पूछताछ की। इस पर पिता व ताऊ ने समझौता कराने से इन्कार कर दिया। शिकायत पर थाना कोतवाली पुलिस ने शिवम सिंह उर्फ शिवा व उसके पिता प्रमोद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर से वारिसान बनाकर बेचा प्लॉट

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाजों ने एसडीएम और तहसीलदार की फर्जी मोहर और हस्ताक्षर कर फर्जी वारिसान प्रमाण पत्र बनाकर 30 लाख रुपये में प्लॉट बेच दिया। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भोजीपुरा के भूड़ा विलवा निवासी छेदालाल ने बताया कि उन्होंने इटौआ सुखदेवपुर के पास प्लॉट सुभाषनगर निवासी रेखारानी से 30 लाख रुपये में खरीदा था। रेखारानी ने वारिसान प्रमाण पत्र भी दिखाया और बेटी कनिका को गवाह बनाया। जो वारिसान प्रमाण पत्र दिखाया था उसमें एसडीएम और तहसीलदार की फर्जी मोहर और हस्ताक्षर हैं। इस प्लॉट का मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है। मां-बेटी के अलावा गांव पांडी थाना अलीगंज का रविन्द्र, बलदेव, सत्यप्रकाश और पुराना रोडवेज बस अड्डा के पास रहने वाली रानी भी शामिल भी धोखाधड़ी में शामिल हैं।

# सर्राफ पर दामाद को पीटने और रकम हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ आईजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

▸▸ पीड़ित बोला- ससुर ने उधार ली थी 8.60 लाख की रकम

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के सर्राफ ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर दामाद से करीब आठ लाख 60 हजार रुपये हड़प लिए। विरोध करने पर कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की। आईजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के पश्चिमी कुतुब ख्वाजा के रहने वाले शिवम रस्तोगी ने बताया कि उनके ससुर गोपाल रस्तोगी, साले अमन रस्तोगी और रजत रस्तोगी उर्फ लखन की लखन ज्वैलर्स नाम से दुकान है।

इन तीनों ने व्यापार के लिए आठ लाख 60 हजार रुपये उधार मांगे थे और ब्याज दर के अनुसार एक साल के अंदर रुपये वापस करने का भरोसा दिया था। जिस पर उसने 22 अगस्त 2022 को 4,50,000 रुपये, 10 अक्टूबर 2022 को 3,57,168 रुपये और 11 अक्टूबर 2022 को 47,255 रुपये उनके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। रजत ने नोटरी में लिखवाया कि हर माह वह चेक के माध्यम से रुपये देगा।

तय समय के अनुसार रुपये न मिलने पर शिवम ने तकादा किया तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। आरोप है कि कई बार रुपये वापस करने को कहा तो 8 जुलाई 2023 को आरोपियों ने रुपये देने के बहाने बसंत टाकीज के पीछे अपने घर बुलाया। कमरे में बंधक बनाकर मारपीट कर घायल कर दिया। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दूसरे का प्लॉट अपना बता ले लिया 25 लाख का ऋण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बैंक की वसूली शाखा के मुख्य प्रबंधक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जालसाज ने दूसरे का प्लॉट अपना बताकर बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा राजेन्द्रनगर से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 25 लाख रुपये का लोन ले लिया। जमा न करने पर बैंक ने जब प्लॉट के दस्तावेज दोबारा चेक कराए तो दूसरे का निकला। बैंक की दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा सिविल लाइंस के मुख्य प्रबंधक अखिलेश कुमार ने थाना प्रेमनगर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुख्य प्रबंधक के मुताबिक मुंशीनगर के डायमंड पैलेस कॉलोनी निवासी आशीष जिंदल ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा राजेन्द्र नगर में फरवरी 2019 में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजन के तहत कर्ज के लिए आवेदन किया था। उसने बिहारमान नगला में 60 वर्ग का प्लॉट अपना बताते हुए बंधक बनवाया था और बैंक में भी दस्तवेज जमा किए। बैंक ने 30 मार्च 2019 को ऋण स्वीकृत कर दिया। आरोपी ने 30 अगस्त तक ऋण का खाता नियमित रखा इसके बाद लेनदेन बंद कर दिया। कई माह तक नोटिस देने के बाद भी जब आरोपी ने ऋण जमा नहीं किया तो प्लॉट के दस्तावेजों की जांच कराई, तब पता चला कि जिस प्लॉट पर ऋण लिया गया है, वह प्लॉट शकील अहमद का है।

# कर्ज पर ली गई बाइक बेचने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं के गांव धरमपुर के एक व्यक्ति ने बरेली के जालसाज ने कर्ज पर ली गई बाइक 62 हजार रुपये में बेच दी। युवक ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

कृष्णपाल ने बताया कि उन्होंने चाहबाई निवासी शारिक से बाइक खरीदी थी शपथ पत्र में शारिक ने बताया कि बाइक पर किसी तरह का न तो कर्ज है और न ही कोई चालान है। गांव के कुछ लोगों ने जब एप पर देखा तो पता चला कि बाइक पर कर्ज है। जानकारी करने पर पता चला कि बाइक की मासिक किस्त 3329 रुपये है और 35 किस्तें बकाया हैं। फोन करने पर आरोपी ने गाली गलौज की और बाइक वापस करने से मना कर दिया।

# गन्ने के खेत में मिले गोवंशीय पशु के अवशेष, अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** भुता इलाके के कीरतपुर के पास गन्ने के खेत में गोवंश के अवशेष मिले। बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ गौरव सिंह ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

चौकीदार ओमप्रकाश ने भुता पुलिस को सूचना दी कि कीरतपुर के पास गंगा सिंह और कृष्णपाल के गन्ने के खेत में गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानकारी मिलने पर गोरक्षा संगठन के पदाधिकारी हिमांशु पटेल व अन्य ग्रामीण भी पहुंच गए और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई है। अवशेषों को जमीन में गड्ढा खोदकर दबा दिया गया है। जल्द ही आरोपियों को तलाशकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के बाद मौके पर जुटी भीड़। ● अमृत विचार

# सामूहिक दुष्कर्म में मुख्य आरोपी भी गिरफ्तार

**फरीदपुर, अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी भूरा को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार को बरेली के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के कपड़ा व्यापारी पत्नी और 10 साल के बेटे के साथ फरीदपुर कोर्ट की तारीख लेकर देर शाम घर लौट रहे थे। रास्ते में वे टोल प्लाजा के पास भूरा की चाय की दुकान पर चाय पीने के लिए रुक गए। जहां भूरा ने कपड़ा व्यापारी को शराब पिलाकर बेहोश कर दिया। आरोप है कि महिला को चाय में नशीली गोलियां दे दीं। भूरा साथी सतीश और रामआसरे की मदद से महिला को दुकान के पीछे झाड़ियों में ले गया। तीनों ने महिला से दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सतीश और रामआसरे को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि भूरा फरार हो गया था। पुलिस ने गुरवार को भूरा को भी दबोच लिया। भूरा को छुड़वाने के लिए दिनभर थाने में पैरवी चलती रही। पुलिस शुक्रवार को तीनों आरोपियों को जेल भेजेगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली अमृत विचार:** नाबालिग लड़की (16) को बहला फुसला कर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी भोजीपुरा ग्राम कलारे निवासी संजय की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरि प्रकाश गुप्ता ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि 21 जुलाई 2017 सुबह बहन स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में संजय उसे मिला और बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता ने अपने बयान में दुष्कर्म करने की बात कही थी। जिस पर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# जागरूकता से हादसों में होने वाली मौतों में आई कमी

**बरेली, अमृत विचार :** जागरूकता अभियान से हादसों में होने वाली मौतों में कमी आई है।



आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि जिन ब्लैक स्पॉट्स पर हादसे हुए थे, उन्हें चिह्नित कर सुधारा गया है। जनवरी 2023 को 89 सड़क दुर्घटनाओं में 33 लोगों की मौत हुई थी, जबकि जनवरी 2024 में 48 सड़क दुर्घटनाओं में 22 लोगों की मौत हुई है। इस प्रकार पिछले साल से इस बार सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 50 प्रतिशत और मृतकों में 33 प्रतिशत की कमी आई है। आईजी ने लोगों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित घर पहुंचे।

### यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ ली

**बरेली, अमृत विचार :** कैम्ब्रिज स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को शपथ ली। शिक्षक पियूष सिंह ने यातायात नियमों का पालन करने, 18 वर्ष की उम्र पूर्ण करने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाने की बात कही। स्कूल प्रबन्ध समिति के सदस्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रधानाचार्या मिथलेश वार्ष्णेय, कोऑर्डिनेटर डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, डॉ. प्रतीक्षा वार्ष्णेय, हिमांशी राजपाल, अवधेश सक्सेना, पूजा शर्मा, पुष्पा बोरा, हेमलता सक्सेना, हेमा सक्सेना, रिंपी सक्सेना, शिवांगी सक्सेना, साधना चौहान, प्रियंका पाराशरी, ज्ञानेश्वर आचार्य आदि मौजूद रहे।

# ऑटो की टक्कर से स्कूटी सवार रिटायर्ड दरोगा घायल

**बरेली, अमृत विचार :** तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से स्कूटी सवार रिटायर्ड दरोगा घायल हो गया। आटो टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। घायल दरोगा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुभाष नगर क्षेत्र के अनुपम नगर निवासी सेवानिवृत्त दरोगा संतोष कुमार राठौर गुरुवार को स्कूटी से घर से कहीं जा रहे थे। वह 84 घंटा मंदिर के पास पहुंचे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह जमीन पर गिर गए और घायल हो गए। ऑटो चालक शराब के नशे में बताया गया। टक्कर मारने के बाद वह आटो भगा ले गया।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, घंटों लगा रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ धनेटा के पास मीरगंज पुल से पहले हुआ हादसा, मिलक का रहने वाला था युवक

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने युवक को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर शव पड़ा होने के कारण लंबा जाम लग गया। कई घंटे वाहन फंसे रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जाम खुला। मृतक मिलक का रहने वाला था, लेकिन उसके पिता के बारे में जानकारी नहीं हो सकी।

बरेली-दिल्ली मार्ग पर धनेटा के पास मीरगंज पुल से पहले किसी वाहन ने युवक को कुचल दिया। सड़क पर शव पड़ा होने के चलते वाहन रुक गए। इससे लंबा जाम लग गया। थाना प्रभारी फतेहगंज पश्चिमी धनंजय पांडेय पुलिस बल के साथ पहुंचे और युवक के बारे में जानकारी का प्रयास किया। इसके बाद युवक की जेबों की तलाशी ली। उन्हें कागज पर लिखा एक मोबाइल नंबर मिला।

पुलिस ने उस नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने बताया कि मृतक मिलक का रहने वाला अनिल है लेकिन वह मृतक के पिता का नाम नहीं बता सका। लंबा जाम लगने से लोगों को काफी दिक्कत हुई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जाम खुल सका।

# बसें बढ़ीं न सुविधाएं, करते रहिए मुसीबत भरा सफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ बड़ी संख्या में पुरानी बसों से काम चला रहा परिवहन निगम

▸▸ बस अड्डों पर सुविधाओं के नाम पर सिर्फ अफरा-तफरी

▸▸ बजट के चलते घिसट रहा इज्जतनगर बस अड्डे का निर्माण

▸▸ चालक परिचालकों की कमी से बस अड्डों पर खड़ी रहती हैं बसें

**अमृत विचार:** रोडवेज की सेवाओं से यात्री हलकान हैं। नई बसें बढ़ीं नहीं ऐसे में पुरानी जर्जर बसों ये यात्रा करने को लोग मजबूर हैं। सुविधाओं के नाम पर भी कुछ नहीं हुआ। कुल मिलाकर लोगों को मुसीबत भरे सफर से निजात मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।

सेटेलाइट और पुराना बस अड्डा अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। इज्जतनगर में नये बस स्टैंड का निर्माण भी घिसट रहा है। वर्कशाप में पुर्जों के अभाव में बसों की मरम्मत नहीं हो पा रही। इससे बसें खड़ी रहती हैं। लंबे समय से चालक-परिचालकों की भर्ती नहीं की गई है। अक्सर बसें खड़ी रहती है। प्रदेश सरकार के बजट में परिवहन निगम को कुछ मिलने की उम्मीद थी वह भी पूरी नहीं हुई। ऐसे में यात्रियों को परेशानियों से जूझते हुए ही यात्रा करना होगी।

**बसें हुई कम, बढ़ गई यात्रियों की संख्या :** एक साल पहले बरेली रीजन में 545 बसें थीं। उनकी संख्या घटकर 515 रह गईं। कुछ समय पहले उम्र पूरी कर चुकीं 120 बसों की नीलामी की गई थी। कुछ बसें मिली थीं फिर भी संख्या जरूरत से कम है। ऐसे में अधिकारी अनुबंधित बसों को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन निजी बस संचालक भी औसत न निकलने व अन्य समस्याओं के चलते खास रुचि नहीं ले रहे हैं। कई बार परिवहन विभाग के अधिकारी निजी बस मालिकों के साथ बैठक कर चुके हैं।



पुराने बस अड्डे पर खराब हुई बस की खुद मरम्मत करता चालक। ● उमेश शर्मा

### कछुआ गति से हो रहा इज्जतनगर बस अड्डे का निर्माण कार्य

इज्जतनगर क्षेत्र में सेंट्रल जेल की खाली जमीन पर दो साल पहले 16.78 करोड़ से बस अड्डा का निर्माण शुरू किया गया था। पहली किस्त के रूप में करीब 3 करोड़ रुपये मिले थे। रुपये खत्म होने के बाद निर्माण रुक गया। अधिकारियों ने करीब एक साल तक मुख्यालय से पत्राचार किया तो 2 करोड़ रुपये की एक और किस्त जारी कर दी गई। उससे कुछ काम आगे बढ़ा लेकिन अभी काफी काम होना बाकी है।

### वर्कशाप में बसों की मरम्मत के लिए पुर्जों की कमी

बरेली रीजन के बरेली और रुहेलखंड डिपों में हर रोज करीब 10 बसों की मरम्मत कराई जाती है। वर्कशाप के एसएम के अनुसार मरम्मत के लिए आने वाली बस के लिए छोटे-बड़े 5-6 पार्ट्स की जरूरत होती है। वर्कशाप में पुर्जों की भारी कमी है। बसें खड़ी रहती हैं। मुख्यालय को पत्र लिखकर सामान की मांग की जाती है।

### चालक-परिचालकों की कमी

परिवहन निगम के बरेली परिक्षेत्र में 1383 परिचालकों की आवश्यकता है, जबकि 1089 परिचालक कार्यरत हैं। इनमें भी बड़ी संख्या में ऐसे परिचालक हैं जो ड्यूटी पर कम आते हैं। अधिकारियों ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को इस परेशानी से अवगत कराया है। सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे से दिन-रात बसों का संचालन होता है लेकिन दिन में ही स्टेशन इंचार्ज को तैनात किया गया है। रात में अन्य कर्मचारियों से स्टेशन इंचार्ज का काम कराया जाता है।

# मुकदमा वापस नहीं लेने पर हत्या की दी धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में हत्या का मुकदमा वापस न लेने पर आरोपी ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवक के भाई की साल 2020 में हत्या की गई थी।

▸▸ 2020 में प्रेमनगर के रहने वाले मोनू की हुई थी हत्या

भूड़ निवासी अंशू सक्सेना ने बताया कि वह सोनू गुप्ता के मकान में किराये पर रहते हैं। आरोप है कि 5 फरवरी की दोपहर में वह दवा लेने कुतुबखाना गए थे। लौटते समय बजरिया शाहबाद में सुनील शर्मा ने रास्ता रोककर गालीगलौज की और विरोध पर पिटाई की। बीच-बचाव में आई बहन शालिनी टंडन को भी जान से मारने की धमकी दी और कहा कि जैसे तुम्हारे भाई मोनू उर्फ योगेश की हत्या की है वैसे ही तुम्हें जान से मार दूगां, नहीं तो जल्द मुकदमा वापस ले लो। लोगों की भीड़ जमा होती देख मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिजली सुधार के लिए 40 करोड़ का बजट कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कुछ भी नहीं

## बिना सुरक्षा उपकरण के काम करते हैं संविदा कर्मचारी, अधिकारी और कंपनी बनी बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत करोड़ों रुपये के काम चल रहे हैं। इसके तहत बिजली घरों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तारों का बदलना, उपकेंद्रों का निर्माण सहित कई अन्य कार्य कराये जा रहे हैं। इसके लिए पावर कॉरपोरेशन शहरी क्षेत्र में 19 करोड़ 11 लाख और ग्रामीण क्षेत्र में 20 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। वहीं कर्मचारियों की सुरक्षा पर खर्च करने के लिए विभाग हाथ खड़े कर देता है। हालात ये हैं कि बिजली लाइनों पर काम करने के लिए कर्मचारियों के पास जरूरी ग्लब्स, पेचकस, सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट तक नहीं है। सुरक्षा उपकरणों के बिना काम करने के दौरान कर्मचारी हादसों का शिकार होते रहे हैं। दो कर्मचारियों की जान भी जा चुकी है।

खासकर संविदा कर्मचारियों को लेकर विभाग कतई संवेदनशील नहीं है। इनके विभागीय कर्मचारी नहीं होने के चलते अधिकारी इनकी सुरक्षा की परवाह नहीं करते। नियमानुसार बिजली के पोल पर केवल लाइनमैन ही चढ़ सकता है। लेकिन विभाग और कंपनी के ठेकेदार संविदा कर्मचारियों को खंभों पर चढ़ा देते हैं वह भी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के। बिजली लाइन में फाल्ट होने, ट्रांसफार्मरों पर काम करने से लेकर अन्य कार्य संविदा कर्मचारी ही करते हैं। अधिकारी बिजली सुधार को लेकर करोड़ों रुपये के प्रस्ताव बना रहे हैं। लेकिन संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण देने के लिए धेला नहीं है।

**सिविल लाइंस उपकेंद्र पर एसडीओ ने खरीदकर दिए उपकरण:** सिविल लाइंस उपकेंद्र पर चार लाइनमैन हैं। एसडीओ विजय कुमार कन्नौजिया ने बताया कि उपकेंद्र पर सभी फीडरों के लिए चार गैंग तैनात हैं। उन्होंने खुद सुरक्षा उपकरण खरीदकर दिए हैं। डीडीपुरम उपकेंद्र पर 16 कर्मचारी तैनात है। अवर अभियंता नीरज ने बताया कि तीन लाइनमैन के लिए एक हेलमेट और एक ही सीटबेल्ट मुहैया कराई गई है।

- **बिना सुरक्षा उपकरण के काम करने से कर्मचारियों के साथ हो चुके हैं हादसे, दो की मौत**

**दस्ताने:** 350- 400 रुपये
**हेलमेट:** 250 रुपये
**सेफ्टी बेल्ट:** 900 रुपये
**रॉड:** 2500 रुपये
**प्लायर्स:** 250 रुपये (लगभग)

### हेल्पर के साथ लाइनमैन के लिए भी उपकरण जरूरी

बिजली उपकेंद्र के हिसाब से बने फीडरों पर फाल्ट ठीक करने के लिए गैंग बनाए जाते हैं जिसमें एक लाइनमैन के साथ दो हेल्पर होते हैं। हेल्पर को हेलमेट पहनना अनिवार्य होता है। वहीं लाइनमैन के लिए पोल पर चढ़ते समय रबर के दस्ताने, प्लायर्स, पेचकस, टेस्टर, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, जूता अनिवार्य हैं। कई उपकेंद्रों पर एक ही सुरक्षा किट होने के कारण कई बार बिना किट के फाल्ट ठीक करने के लिए लाइनमैन मना कर देता है। दूसरा कर्मचारी फाल्ट ठीक करके आ जाता है तब वह सुरक्षा किट लेकर फाल्ट ठीक करने जाता है।

### महानगर उपकेंद्र पर 15 कर्मचारियों के पास एक जोड़ी दस्ताने

महानगर उपकेंद्र पर 15 कर्मचारियों का स्टाफ है। इनमें तीन लाइनमैन हैं। अवर अभियंता पंकज शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों के पास फाल्ट ठीक करने के लिए सुरक्षा उपकरणों के नाम पर सिर्फ एक जोड़ी दस्ताने हैं। स्टाफ की भी कमी है। कई बार स्टाफ बढ़ाने और सुरक्षा उपकरण दिलाने को कहा जा चुका है लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### दो कर्मचारियों की हो चुकी है मौत

बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने पर कई कर्मचारी हादसों के शिकार हो चुके हैं। अधिकारी जांच का आदेश देकर भूल जाते हैं। 2022 में चौकी चौराहे के पास संविदा कर्मचारी कैलाश बिना सुरक्षा उपकरण के पोल पर चढ़कर काम कर रहा था। करंट लगने से खंभे से गिरकर उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में अधीक्षण अभियंता समेत पांच अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दिसंबर 2023 में बिथरी चैनपुर में शेरसिंह नाम के कर्मचारी की भी करंट लगने से मौत हो गई थी। वह भी बिना सुरक्षा उपकरण के बिजली के पोल पर काम कर रहा था।

> मेरा अनुभव है कि संविदा कर्मचारी खुद सुरक्षा उपकरण पहनकर काम नहीं करना चाहते हैं। कुछ उपकेंद्रों पर अधिशासी अभियंता और एसडीओ ने कर्मचारियों को सुरक्षा किट खरीदकर दी है। देखा जा रहा है कि जहां पर सुरक्षा किट कम हैं वहां कर्मचारियों को सुरक्षा किट मुहैया कराई जाएगी।
> **-अंबा प्रसाद**, अधीक्षण अभियंता

> शहर में 630 और देहात क्षेत्र में 800 संविदा कर्मचारी हैं। 72 उपकेंद्रों में किसी में पांच तो किसी में चार लाइनमैन हैं। लाइनमैन पुरानी सुरक्षा किटों से काम चला रहे हैं। लगातार हादसे हो रहे हैं। कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कंपनी और अधिकारियों से मांग के बाद भी सुरक्षा किट नहीं दी जा रही है। **-रिंकू श्रीवास्तव**, जिलाध्यक्ष संविदा कर्मचारी संघ

## एक नजर

### किसान सोलर पंप के लिए 12 फरवरी तक जमा कर सकेंगे टोकन मनी

**बरेली, अमृत विचार :** पीएम-कुसुम योजना के तहत किसान सोलर पंप के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। उप निदेशक कृषि अभिनंदन सिंह ने बताया ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के बाद टोकन मनी के रूप में पांच हजार रुपये जमा करना होगा। कृषकों को चालान के माध्यम से कृषक अंश की धनराशि एक सप्ताह के अंदर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी, नहीं तो चयन निरस्त हो जाएगा और टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जाएगी। जिले में दो एचपी डीसी सबमर्सिबल, तीन एचपी एसी सबमर्सिबल, तीन एचपी डीसी सबमर्सिबल आदि के लिए किसान 12 फरवरी तक पंजीकरण कर सकते हैं।

### तौकीर प्रकरण में उलझी पुलिस फर्जी लेफ्टिनेंट की छानबीन करने नहीं गई

**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा मामले के कारण इज्जतनगर पुलिस की टीम फर्जी लेफ्टिनेंट के बारे में जानकारी जुटाने उत्तराखंड नहीं जा सकी। पुलिस को गुरुवार को उत्तराखंड के लिए रवाना होना था। बता दें कि एयरफोर्स स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार किए गए फर्जी वायुसेना के फ्लाईट लेफ्टिनेंट इन्दर कुमार माली को जांच एजेंसियों की पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया था। इज्जतनगर की पुलिस को इन्दर कुमार का आपराधिक इतिहास खंगालने के साथ ही जासूसी एंगल पर जांच के लिए गुरुवार को उत्तराखंड रवाना होना था लेकिन मौलाना तौकीर की मुसलमानों से शुक्रवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज में एकत्र होने और गिरफ्तारी देने की अपील के चलते नहीं भेजा गया।



## रेलवे की कमाई बढ़ी मगर यात्रियों की दुश्वारियां जस की तस

### जनवरी में मुरादाबाद रेल मंडल ने 132 करोड़ कमाए

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल ने जनवरी में 132 .30 करोड़ कमाए हैं। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि जनवरी में 31 .60 लाख अनारक्षित और आरक्षित टिकट बुक किये गए जो जनवरी-2023 की तुलना में 2 .09 प्रतिशत अधिक है। इस साल जनवरी में यात्री किराये से 69 .57 करोड़ का राजस्व आया जो जनवरी 2023 से 6 .72 प्रतिशत अधिक है। मंडल ने जनवरी-2024 में माल भाड़े से 55 .03 करोड़ का राजस्व अर्जित किया जो जनवरी 2023 से 3 .34 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा मंडल के वाणिज्य विभाग ने कोचिंग, अन्य विविध आय एवं गुड्स से 132 .30 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो जनवरी-2023 में अर्जित राजस्व 129 .46 करोड़ से 2 .19 प्रतिशत अधिक है।

# फैक्ट्रीकर्मी से मारपीट, चार पर रिपोर्ट

संवाददाता, सीबीगंज

- **फैक्ट्री मैनेजर और बॉयलर इंचार्ज पर फर्जी आरोप लगाने का दबाव डाल रहे थे दबंग**
- **सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शुरू की जांच, आरोपी फरार हुए**

**अमृत विचार :** प्लाईवुड फैक्ट्री के मैनेजर व बॉयलर इंचार्ज पर पट्टा काटने को कहने का झूठा आरोप लगाने से मना करने पर फैक्ट्री कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार व पीलिंग मुंशी सहित चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

फतेहगंज पश्चिमी के गांव गौतारा निवासी अवनीश कुमार परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर दो स्थित पशुपति प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते हैं। अवनीश ने बताया कि चार फरवरी की रात करीब 8:15 बजे वह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान ठेकेदार भूपराम, पीलिंग मुंशी लालू निवासी गढ़टियुलिया फतेहगंज पश्चिमी, धर्मेंद्र निवासी खड़ौआ, प्रिंस व एक अज्ञात ने उसे पकड़ लिया। दबाव डाला कि वह फैक्ट्री के मैनेजर, बॉयलर इंचार्ज व एक ठेकेदार पर पट्टा काटने को कहने का आरोप लगाए। उसने झूठा आरोप लगाने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई की फिर गार्ड के कमरे में ले जाकर बंद कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# उधार रकम वापस मांगने पर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** चचिया ससुर को उधार दिए चार लाख रुपये वापस मांगने पर ससुर व चचिया ससुर ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने सास-ससुर समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उसके पति की मौत हो गई थी। वह घर में बेटा व बेटी के साथ रहती थी। उसके पति ने चचिया ससुर को मकान बनाने के लिए चार लाख रुपये उधार दिए थे। ये रुपये वापस मांगे तो ससुराल वाले मारपीट व प्रताड़ित करने लगे। पांच फरवरी की रात करीब 10 बजे वह कमरे में सो रही थी। इसी दौरान ससुर व चचिया ससुर उसके कमरे में घुस आए और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ससुर, चचिया ससुर समेत अन्य ससुराली व रिश्तेदारों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### 965 केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के आकांक्षात्मक ब्लॉकों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इस दौरान कई बिंदुओं पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि फतेहगंज पश्चिमी में 147, दमखोदा में 140, बहेड़ी में 247, मझगवां में 211, शेरगढ़ में 220 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इन सभी केंद्रों पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ब्लॉकों के एमओआईसी, यूनिसेफ की टीम, सीडीपीओ प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण कई दिनों तक चलेगा। बताया कि प्रशिक्षण में बच्चों का वजन, पोषण ट्रैकर में बच्चों की संख्या को भरना, एनआरसी में भर्ती होने वाले बच्चों के मानक सहित कई अन्य बिंदुओं को शामिल किया गया है। प्रत्येक दिन हर ब्लॉक से 50-50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



नगर निगम परिसर में बेसिक स्कूल भवन के पास बने कमरे को तोड़ने से पहले उसमें रखे लेखा विभाग के पुराने अभिलेख निकाले गये। इनमें कुछ दीमक और सीलन से नष्ट हो गये। अन्य अभिलेखों को बोरों में सहेज लिया गया है। ● अमृत विचार

# साहब ! क्या करें सम्मान का, 20-20 महीने से हमें नहीं दिया गया है मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संजय कम्युनिटी हाल में आशाओं को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष।

- **आशा सम्मेलन में डीएम को आशाओं ने सुनाई अपनी पीड़ा**
- **अच्छा कार्य करने वाली आशा संगिनियों को किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** सरकार की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक पहुंचाने का काम आशा कार्यकर्ता करती हैं। गर्भवतियों को अस्पताल ले जाने से लेकर उनके व नवजात के स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं। 24 घंटे काम में तत्पर रहती हैं। बावजूद मानदेय व अन्य समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। आशाओं ने अपनी परेशानियां जिलाधिकारी के सामने रखीं। उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया।

संजय कम्युनिटी हॉल में गुरुवार को आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें आशा संगिनियों और आशा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को अपनी समस्यायें बताईं। कहा कि पिछले सीएमओ के समय का मानदेय बकाया है। इसमें शेरगढ़ ब्लाक की 12 आशा संगिनियों का 21 माह का 1,89,000 रुपये मानदेय शामिल है। इसी तरह भमोरा, रामनगर, भोजीपुरा की संगिनियों का भी पुराना मानदेय अब तक नहीं मिला है। शिकायत करने पर अधिकारी कहते हैं कि पेमेंट पुराना हो गया है इसलिए बजट आयेगा तब ही कुछ हो सकता है। आभा आईडी बनाने की समस्या के बारे में भी बताया। कहा कि स्मार्ट फोन तो मिले लेकिन फोन का खर्च और सिम नहीं मिला। अपने खर्च पर पात्रों को पंजीकृत कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने आशाओं की जागरूकता की सराहना करते हुये कहा कि स्वास्थ्य समेत अन्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तत्पर रहें। आश्वासन दिया कि उनके बकाया मानदेय की समस्या जल्द सुलझेगी।

सम्मेलन में अच्छा काम करने वाली आशाओं व संगिनियों को पुरुस्कृत किया गया। जिले में सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए बीसीपीएम क्यारा मनोज कुमार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल मौजूद रहीं। इनके अलावा डा. पुष्पा पंत अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बरेली मण्डल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. त्रिभुवन प्रसाद व अन्य शामिल रहे।



> हम आशायें हैं लेकिन हमारा काम डाक्टरों से ज्यादा है। खुद करें या अपने परिवार के किसी सदस्य से काम करायें, हमें चौबीस घंटे उपलब्ध रहना होता है। उस पर भी हमारा पैसा समय पर नहीं आता है। **-रामश्री गंगवार,** जिलाध्यक्ष, आशा संगठन



> कई ब्लाकों की आशा संगिनियों का पुराना पैसा नहीं आया है। सबसे अधिक शेरगढ़ ब्लाक की संगिनियों का 21 माह का पैसा बकाया है। मानदेय न मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
> **-मंजू, जिला**, उपाध्यक्ष, आशा संगिनी संगठन

### लाइनमैन पर बिल के पैसे हड़पने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एक लाइनमैन पर बिजली बिल के पैसे हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित ने मुख्य अभियंता रणविजय सिंह से मामले की शिकायत कर पैसे वापस दिलाने की मांग की। मुख्य अभियंता ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

थाना फतेहगंज पूर्वी निवासी संतोष कुमार ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र के ही लाइनमैन को बिल जमा करने के लिए 19 हजार रुपये दिए थे। उसके बाद भी लाइनमैन ने बिजली का बिल जमा नहीं किया। वह बार-बार कहने पर भी टालमटोल करता रहा। परेशान होकर उन्होंने बिल जमा कर दिया। आरोप है कि इसके बाद लाइनमैन ने अपना ट्रांसफर भुता उपकेंद्र पर करा लिया। पीड़ित ने मुख्य अभियंता और एसएसपी से शिकायत की है।

### आरपीएफ निरीक्षक पर मुख्यालय से हो सकती है कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** आरपीएफ इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह मीणा पर गोरखपुर मुख्यालय से कार्रवाई हो सकती है। यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर पोस्ट में तैनात रहे इंस्पेक्टर पर इज्जतनगर थाना में बुधवार को महिला आयोग के आदेश पर महिला सिपाही से अश्लील हरकतें करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तीन महीने आरोप लगने के बाद इंस्पेक्टर को आरपीएफ कंट्रोल रूम इज्जतनगर से संबद्ध कर दिया गया था। जांच के बाद उन्हें मेजर चार्जशीट भी जारी कर दी गई थी। अब उन्हें गोरखपुर स्थित मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है, ऐसे में जोनल मुख्यालय स्तर से ही उन पर निलंबन की कार्रवाई हो सकती है।

### इस्लामिया में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का तीसरा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी व कार्यक्रम अधिकारी फरहान अहमद ने स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता अभियान के विषय में बताया। स्वयंसेवक सुमैर अंसारी, अयान खान, फैजल खान, सौरभ, मोजिम, विवेक यादव आदि शामिल रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
बड़ा बाजार, बरेली कपड़ा शोरूम में
आवश्यकता है
पानी पिलाने और साफ सफाई हेतु, बाजार में माल पहुंचाने हेतु और दुकान पर हेल्पर हेतु लड़को की।
संपर्क करें :
7300704276
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम भूलवश प्रीति दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम प्रीति गंगवार जन्मतिथि 07 जुलाई 1996 (07.07.1996) है। **प्रीति गंगवार पुत्री स्व. हवलदार हरीश चन्द्र आर्मी नं.-14381476 वाई निवासी बीसलपुर तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत (उ.प्र.) पिन-262201**
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण* | मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
मिलने का समय : सायं 5 से 8 बजे तक (नाइस क्लीनिक) रेलवे फाटक सिसईया रोड, नियर मौर्य एग्री क्लीनिक केन्द्र, फरीदपुर, बरेली
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

## एक नजर

### दानपात्र का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चोरी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बुधवार रात चोरों ने गांव टियुलिया स्थित ब्रह्मदेव पर रखे दान पात्र का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चुरा ली। खाली दान पात्र को वहीं फेंक दिया। सुबह जब ब्रह्मदेव स्थल की साफ सफाई व पूजा अर्चना करने गांव के प्रेम पाल पहुंचे तो उन्हें इसकी जानकारी हुई। एक दिन पहले कैंट क्षेत्र में मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। चोरों ने महंत की झोपड़ी में आग लगा दी थी।

### चोरों ने पंचायतघर को बनाया निशाना

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** चोरों ने एक गांव में पंचायत घर को निशाना बनाया। ताला तोड़कर कीमती सामान चुरा लिया। बढ़ेपुरा के प्रधान मुन्ने बख्श ने बताया कि बुधवार रात चोर पंचायत घर का ताला तोड़कर इंवर्टर, बैट्री, डीबीआर चुराकर ले गए। गुरुवार सुबह उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। मामले पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है।

### घर के बाहर से कार चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

**कैंट, अमृत विचार :** सदर बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के पास घर के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, लेकिन पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। सदर बाजार में पोस्ट ऑफिस के पास रहने वाले सुप्रीत सिंह चड्ढा ने बताया कि मंगलवार रात करीब आठ बजे कार घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह कार वहां नहीं थी। घर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें चोर कार को ले जाते दिखाई दिए। हालांकि, चोरों के चेहरे स्पष्ट नहीं दिख रहे हैं। कार में डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पर्स था। पर्स में 12 हजार रखे थे। चोर काले रंग की कार से आए थे। सुप्रीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार देर रात अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। फिलहाल, पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी है।

# दलदल बनीं सड़कों पर मिट्टी डालकर दी राहत

अमृत विचार
खबर का असर

संवाददाता, कैंट



गांव पीपल गौटिया में दलदल बनीं सड़कों पर डाली जा रही है मिट्टी।




**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत क्यारा के मझरा पीपल गौटिया में दलदल बनीं सड़कों पर मिट्टी डालकर ग्रामीणों को राहत देने का काम शुरू हो गया है। गुरुवार के अंक में अमृत विचार ने ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। बताया था कि अधिकांश रास्तों पर जलभराव है। जहां से आवाजाही में लोगों को परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद ग्राम प्रधान और ब्लाक प्रशासन ने दलदल युक्त रास्तों पर मिट्टी डलवाने काम शुरू कर दिया है। इससे ग्रामीणों को आने जाने में कुछ राहत मिलेगी। हालांकि, यह अस्थाई व्यवस्था है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थाई रूप से बदहाल सड़कों को दुरुस्त किया जाए। जलनिकासी को बेहतर किया जाए, ताकि आने वाले समय में सड़कों पर जलभराव की समस्या पैदा न हो। ग्राम प्रधान कृष्ण पाल ने बताया कि रास्तों पर मिट्टी डलवाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। कुछ ही दिनों में सीसी या इंटरलॉकिंग सड़कें बनाई जाएंगी।

> गांव का निरीक्षण कर फिलहाल दलदल बने रास्तों पर मिट्टी डालने का कार्य कराया जा रहा है। इसके बाद सड़कें पक्की कराई जाएंगी। जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कराने का प्रयास किया जाएगा।
> -ओमप्रकाश प्रजापति, बीडीओ क्यारा

# 65 करोड़ से अपग्रेड होगी सेमीखेड़ा मिल

संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा को 65 करोड़ से अपग्रेड किया जाएगा। प्रदेश के बजट में मिल को अपग्रेड करने के लिए इसे मंजूरी दी गई है। दरअसल, चीनी मिल की मशीनरी पुरानी होने की वजह से आए दिन पेराई ठप हो जाती है। इससे किसानों को दिक्कत होती है।

दिसंबर में मिल के जीएम शादाब असलम खान ने गन्ना किसानों की परेशानी को देखते हुए 43.58 करोड़ का अनुमानित बजट बनाकर नेशनल शुगर फाउंडेशन नई दिल्ली को भेजा था। दस जनवरी को लखनऊ में प्रमुख सचिव चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग की बैठक में मिल अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर शासन की मुहर लगी थी। नेशनल फाउंडेशन नई दिल्ली के तकनीकी सलाहकार से जल्द डीपीआर तैयार कराने को कहा गया था। मंगलवार को प्रबंध निदेशक रमाकांत पांडे और प्रधान प्रबंधक (तकनीकी) विनोद अग्रवाल ने मिल का मुआयना किया था। मिल प्रबंधन का दावा है कि मिल अपग्रेड करने के लिए शासन ने बजट में 65 करोड़ रुपये की घोषणा की है। डीपीआर बनने के बाद धनराशि जारी हो जाएगी।

- मिल प्रबंधन का दावा, प्रदेश के बजट में धनराशि की मिली मंजूरी




> बजट में सेमीखेड़ा मिल को अपग्रेड करने के लिए 65 करोड़ रुपये रखे गए हैं। डीपीआर बनने के बाद इसके जल्द जारी और काम शुरू होने की उम्मीद है। - शादाब असलम खान, जीएम सेमीखेड़ा चीनी मिल

# सड़क हादसों में बच्ची समेत दो लोगों की मौत, कई घायल

## शाही क्षेत्र में ई रिक्शा के पलटने से बच्ची की थम गईं सांसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अलग-अलग हादसों में बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव रेतीपुरा निवासी रामवीर सिंह की तीन साल की बेटी शिवानी परिजनों के साथ गुरुवार शाम ई रिक्शा से घर आ रही थी। गांव आनंदपुर के समीप ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे शिवानी दब गई। उसकी मौके पर ही सांसें थम गईं। घटना से परिजन सदमे में हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, ग्राम नौगंवा ठाकुरान निवासी कमल ने बताया कि उसके पिता वीरपाल मंगलवार शाम घर से देवचरा जाने की बात कह कर निकले थे। रात में घर न आने पर बुधवार दिन भर तलाश करते रहे। गुरुवार सुबह थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो पता चला कि पिता वीरपाल को अज्ञात वाहन ने बरेली बदायूं रोड पर नकटपुर मोड़ पर टक्कर मार दी थी। हादसे में उनकी मौत हो गई है।

- नकटपुर मोड़ पर वाहन ने ग्रामीण को मारी टक्कर

### हादसे में बाइक सवार घायल, नहीं लगा था हेलमेट

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** हादसे में दो बाइक सवार घायल हो गए। बताते हैं कि वे हेलमेट नहीं लगाए थे। इसलिए उनके सिर में गंभीर चोट आई है। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। राहपुरा जागीर निवासी मंगली प्रसाद बुधवार देर रात बरेली से घर लौट रहे थे। झुमका चौराहे के पास बाइक सवार जिला रामपुर के विलासपुर निवासी आसिफ ने मंगली की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा।

### दुर्घटना में व्यापारी नेता का भतीजा घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बा निवासी व्यापारी नेता दिलीप गुप्ता के भाई राजू का पुत्र देवराज बुधवार को साथी के साथ बाइक से पीलीभीत की ओर जा रहा था। गरगइया ग्राम के समीप ट्रक से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में देवराज और उसका साथी घायल हो गया।

# बकाया पर ट्रैक्टर डीलर और किसान में मारपीट

संवाददाता,फतेहगंज पश्चिमी

- पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र पर दर्ज की रिपोर्ट
- दूसरे पक्ष ने भी कार्रवाई को एसएसपी को दिया पत्र

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर डीलर ने बकाया भुगतान मांगने पर किसान और उसके बेटे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, किसान ने भी ट्रैक्टर डीलर पर हमला करने का आरोप लगाया है। मामले में एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है।

गांव नगरिया कल्याणपुर के नृपेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम जौहरपुर के नोनीराम मौर्य ने उनकी एजेंसी से तीन साल पहले ट्रैक्टर खरीदा था। बकाया रकम 1.57 लाख रुपये अभी तक नहीं मिली है।

आरोप है कि बकाया रकम देने के बहाने सात फरवरी को टोल प्लाजा के पास पंप पर बुलाया। आरोप है कि नोनीराम ने बेटे आकाश मौर्य के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की। पंप कर्मियों ने उन्हें बचाया। सीएचसी से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, किसान नोनीराम ने गुरुवार को एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने नृपेंद्र की एजेंसी से ट्रैक्टर खरीदा था। पूरा भुगतान उसी समय कर दिया था।

आरोप है कि बार-बार कहने पर भी ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन और बीमा संबंधी दस्तावेज नहीं दिए गए। 7 फरवरी को नृपेंद्र के फोन पर वह टोल प्लाजा के पास पेट्रोल पंप पर पत्नी वीरावती और परिचित दीपक को लेकर पहुंचे। आरोप है कि दस्तावेज मांगने पर नृपेंद्र और उसके दो अज्ञात साथियों ने मारपीट कर पत्नी के साथ अभद्रता की।

## सार-संक्षेप

### रोजगार मेले में 82 अभ्यर्थियों का चयन



**भुता, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ब्लॉक में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 168 में से 82 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी विजय शंकर ने मेले की शुरुआत की। चार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। खंड विकास अधिकारी ने चयनितों को ऑफर लेटर वितरित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य आईटीआई बहेड़ी एसी कटिहार ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। बीडीओ कोऑपरेटिव संजय द्विवेदी, टीकम शरण आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा के साथ दीनी तालीम भी दिलाएं



**देवरनियां, अमृत विचार :** कस्बा रिछा स्थित मदरसा दारुल उलूम शाहे उमम में जशने दस्तारबंदी का आयोजन हुआ। इसमें 17 तलबा( छात्रों) की दस्तारबंदी हुई। मोहल्ला गौंटिया लालनगर स्थित इस मदरसा में नाजिम मुईन उद्दीन की सरपरस्ती में कार्यक्रम हुआ। फरदीन, खतीब, तौसीब, शाह मुसर्रफ हाफिज तो सलमान, दानिश, अफसार, दानिश खजुआ, अलताफ, जाबेद, शाहीब, शाहरुख, असगर, मुस्तकीम कारी बने। जबकि मौलाना आकीब खान धौंरा, मौलाना आसिफ रजा भोजीपुरा,मौलाना मोहम्मद दानिश पैगा को मौलवी की सनद दी गई। मदरसे के नाजिमे आला मुईन उद्दीन, मुफ्ती मोहम्मद हम्माद और मुफ्ती शमशादुल कादरी मंजरी ने दस्तारबंदी की। मुफ्ती हम्माद मुरादाबाद, जामिया कादरिया के मुफ्ती शमशादुल कादरी मंजरी, मदरसे के प्रधानाचार्य मुफ्ती मोहम्मद तहसीन रजा, मुफ्ती आसिमुल कादरी, मुफ्ती मजहर खां, कारी मोहम्मद शराफत,कारी मोहम्मद नदीम, हाफिज तमसील आदि ने उलमा ने तकरीर कर इस्लाम के पैगाम पर रोशनी डाली। छात्रों को शिक्षा के साथ दीनी तालीम भी दिलाने पर जोर दिया गया।

### रैली के माध्यम से कौशल विकास के प्रति किया जागरूक



**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य प्रो. सुमन कुमार शर्मा और कार्यक्रम अधिकारी रत्नाकर दुबे के निर्देशन में ग्राम चुरई दलपतपुर में रैली निकालकर लोगों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देने के साथ जागरूक भी किया। इससे पहले प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने गांव में स्लोगन पोस्टर व रैली के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जारी विभिन्न कौशल योजनाओं के विषय में जागरूक किया। शिविर के द्वितीय सत्र में जल संरक्षण विषय पर बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिव प्रताप सिंह, विजय कुमार, संदीप तिवारी, डॉ आतिफ,आनंद कुमार, दीपांकर राव आदि प्राध्यापकों ने भी विचार रखे।

### अमित ब्लाक अध्यक्ष और आनंद प्रकाश बने महामंत्री



**मीरगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से जिला संयोजक जितेन्द्र गंगवार की अध्यक्षता में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अमित कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, आनंद प्रकाश महामंत्री, नितिन कुमार संगठन मंत्री, तेजपाल सिंह कोषाध्यक्ष, कृष्ण पाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सबीना फातिमा महिला उपाध्यक्ष, धर्मपाल गंगवार संरक्षक चुने गए। सहसंयोजक विनोद कुमार, पुष्कर उपाध्याय और पर्यवेक्षक के रूप में बिथरी चैनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, भुता ब्लॉक के महामंत्री सूर्यप्रकाश उपस्थित रहे। भुता के अध्यक्ष रमेश कुमार, परिक्षित गंगवार, गिरजेश कुमार, नीरज राणा,नरेंद्र गंगवार, प्राथमिक शिक्षक के अध्यक्ष सर्वेश गंगवार, यूटा के ब्लॉक अध्ध्क्ष रमेश मौर्य, टीएससीटी के जिला सहसंयोजक भारतवीर अटेवा मीरगंज के अध्यक्ष मुकेश, धीरेन्द्र, प्रेमपाल, सौरभ सक्सेना, ओमकार, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

### दो उपकेंद्रों से आज कई घंटे बाधित रहेगी बिजली

**आंवला, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रेमप्रकाश पाल ने बताया कि 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र मनपुरा व मिर्जापुर के स्वीच गियर और 33 केवी लाइन का अनुरक्षण संबंधी कार्य किया जाना है। इसलिए मनपुरा उपकेंद्र के सभी पोषकों की सप्लाई शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे, मिर्जापुर उपकेंद्र के पोषकों की सप्लाई दोपहर दो से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### नकटिया से जुड़े इलाके में आठ घंटे गुल रहेगी सप्लाई

**कैंट, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता मनोज कुमार के अनुसार शुक्रवार को 33 केवी लाइन का अनुरक्षण और पैनल लगाने का काम किया जाएगा। इस वजह से नकटिया बिजलीघर से पोषित सभी गांवों में आपूर्ति सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी।

### दूसरे दिन माता अनुसुइया की कथा सुनाई



**कैंट, अमृत विचार :** बुखारा मोड़ के पास बदायूं रोड स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन गुरुवार को आचार्य वृषभानु दास महाराज ने माता अनुसुइया और महाभारत से जुड़े प्रसंगों को सुनाया। कांता गंगवार, रचना चौहान, कमला शंकर तिवारी, पंडित ज्ञानी, गीता पटेल, राजेंद्र पटेल, निहारिका, प्रेमलता, हरविंदर सिंह चौहान, माया, शैजल, शकुंतला, उषा, राजुल, कमलेश गुप्ता मौजूद रहे।

### सपाइयों ने आयोजित की पीडीए जन पंचायत



**आंवला, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर दो स्थानों पर पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें चुनाव में सपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की गई। सिरौली के गांव गुरगांवा मुस्तकिल और अलीगंज के गांव राजपुर कला में आयोजित पीडीए जन पंचायत में सपा नेताओं ने सत्ता पक्ष पर जमकर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पंडित आरके शर्मा, अगम मौर्य, विजेंद्र सिंह यादव, बीडी वर्मा, सय्यद आबिद अली, डॉ. इंद्रपाल सिंह, ठाकुर भूपेंद्र सिंह, सतेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, दयाराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

### रामचरित मानस अखंड पाठ शुरू

**कैंट, अमृत विचार :** मंदिर श्री बालाजी धाम एमईएस कालोनी फेज 2 में 24 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को श्री रामचरितमानस अखंड पाठ आरंभ किया गया। शुक्रवार शाम को अखंड पाठ को विश्राम दिया जाएगा। मंदिर के महंत एवं अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, केपी सिंह ने बताया कि मंदिर की स्थापना 24 वर्ष पूर्व की गई थी। शनिवार को सुबह भजन-कीर्तन, हवन के बाद भंडारा होगा।

### मंदिर में शिव परिवार की स्थापना

**रिठौरा, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर के गांव आसपुर खूबचंद में नकटिया नदी के समीप ब्रह्मदेव मंदिर में गुरुवार को विधि विधान से भोलेनाथ, पार्वती, गणेशजी आदि की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। ढोल-नगाड़ों के साथ शिवभक्तों ने कलशयात्रा निकाली। महंत तेज आनन्द महाराज ने पूजन किया। यजमान गेंदनलाल सिंह, अमरजीत, राजवीर सिंह, धर्मवीर, भारत सिंह, सुभाष यादव, अशोक यादव,आकाश यादव, ओमकार यादव, रामौतार, लालबहादुर, वीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### घर से बुला जंगल में ले जाकर पीटा

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** गांव औरंगाबाद के किसान प्रेमपाल को गांव के ही एक व्यक्ति ने घर से बहाने से बुलाया और बाइक पर बैठाकर जंगल की ओर ले जाने लगा। आरोप है कि बीजामऊ रसूला मार्ग पर आरोपी के तीन अन्य साथी लाठी डंडे लेकर बैठे थे, जैसे ही वह बाइक से उतरा, वैसे ही उन लोगों ने पीटना शुरू कर दिया। उसकी जेब से 1200 रुपये और मोबाइल निकाल लिया। बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। होश आने पर किसान घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती सुनाई। गुरुवार को पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

### कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**कैंट, अमृत विचार :** उप निरीक्षक नरेश शर्मा, कांस्टेबल राजकुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार के साथ बुधवार रात नकटिया पर गश्त कर रहे थे। मोहनपुर टेंपो स्टैंड के पास दो व्यक्ति कच्ची शराब लेकर खड़े थे। इसकी सूचना पर उप निरीक्षक ने टीम के साथ घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। एक के पास पांच तो दूसरे के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विनोद, रवि निवासी मोहनपुर थाना कैंट बताया।

# घर में घुसकर किशोरी से की छेड़खानी

**फरीदपुर अमृत विचार:** एक युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर किशोरी और उसके मां को जान से मारने की धमकी दी।

रामगंगा कटरी इलाके के एक गांव में युवक ने बुधवार रात घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़खानी की। चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे तो आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि जब परिजन आरोपी के घर शिकायत करने गए तो वहां उनके साथ मारपीट की गई। मां बेटी को बेइज्जत कर भगा दिया गया। इसकी जानकारी होने पर अगले दिन किशोरी के रिश्तेदार घर आए। देर शाम वे मां बेटी को लेकर थाना पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, देर रात तक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी।

**युवती को बहलाकर ले गया**

मीरगंज : क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि बुधवार को गांव का युवक उसकी पुत्री को बहलाकर ले गया। उन्होंने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार युवती और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### छेड़खानी के विरोध पर किया चाकू से हमला

**रिठौरा, अमृत विचार :** मामूली कहासुनी के बाद दबंग ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की। विरोध पर करने उसके पति पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। रिठौरा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने हाफिजगंज थाने में दी तहरीर में बताया कि वह किराये के मकान में रहता है। पांच दिन पहले पत्नी के साथ बाजार में खरीदारी करने गया था। वहां मोहल्ला धर्मपुर के युवक से उनकी कहासुनी हो गई। कुछ लोगों बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि युवक गुरुवार को कुछ साथियों के साथ उनके घर में घुस आया। युवक ने उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी की। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# मजदूर की पत्नी और बच्चे को ले गया दूसरे समुदाय का युवक

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** एक मजदूर की पत्नी और उसके तीन साल के बेटे को दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर ले गया। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसके घर गांव के ही दूसरे समुदाय के युवक का आना जाना था। आरोप है कि 10 माह पहले युवक साथियों के साथ घर में घुस आया और मारपीट कर उसे बोरी में बंद कर ले जाने लगा। पुलिस के आने पर आरोपी उसे छोड़कर भाग गया। चार माह पहले वह घर से बाहर गया था। इस दौरान दूसरे समुदाय का युवक उसकी पत्नी और तीन वर्षीय बेटे को बहलाकर साथ ले गया।



### देवस्थान पर दिखा 12 फुट लंबा अजगर

**भमोरा, अमृत विचार :** गुरुवार को भमोरा-आंवला मार्ग पर वन विभाग के कार्यालय के समीप सड़क किनारे देव स्थान पर 12 फुट लंबा अजगर दिखने पर हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा।

# दहेज में दो लाख न मिलने पर शादी से किया इन्कार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये न मिलने पर लड़का पक्ष ने शादी करने से इन्कार कर दिया। लड़की वालों ने मामले में तहरीर दी है। गांव उल्हैतापुर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसने चार माह पूर्व बेटी की शादी कमरडांडी निवासी एक युवक के साथ तय की थी। टीका के समय उसने बाइक और एक लाख की नकदी दी थी। आरोप है कि अब लड़का पक्ष दो लाख रुपये मांग रहा है। असमर्थता जताने पर उसने शादी करने से मना कर दिया है।

### विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**आंवला।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर पीटकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। रामपुर के गांव भुडासी निवासी वेदराम ने बताया कि बेटी नन्ही देवी की शादी किटौना निवासी सुरेश के साथ हुई थी। बेटी का एक बेटा है। ससुरालियों की प्रताड़ना के कारण बेटी अधिकतर मायके में रहती है। बताया कि तीन फरवरी को वह बेटी के साथ किटौना गए तो ससुरालियों ने उसे घर में नहीं घुसने दिया। विरोध करने पर अभद्रता कर मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पांच-छह आसरा आवासों में बाहरी लोग रहते मिले

- पालिका चेयरमैन पर लगे आरोपों की जांच शुरू
- एसडीएम को कई आवासों के दरवाजे टूटे मिले

**आंवला, अमृत विचार :** नगर पालिका चेयरमैन पर लगाए गए आरोपों की एसडीएम ने जांच शुरू कर दी। प्रधानमंत्री आसरा आवास में कमी मिलने की बात सामने आई है।



शिकायतों की मौके पर पहुंचकर जांच करते एसडीएम गोविंद मौर्य। • अमृत विचार

दरअसल, कस्बा निवासी विशम्भर दयाल ने पालिका चेयरमैन सैय्यद आबिद अली पर पद का दुरुपयोग समेत तमाम आरोप लगाकर डीएम से शिकायत की थी। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम को सौंप थी। गुरुवार को एसडीएम गोविंद मौर्य ने शिकायतों की बिंदुवार जांच की। एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान प्रधानमंत्री आसरा आवास के 96 में 30 आवास अनुसूचित जाति के आवेदन न मिलने से शेष रह गए थे। आरोप था कि चेयरमैन ने आवास अपात्रों को दे दिए हैं। मौके पर पांच-छह आवासों में बाहरी लोग रहते मिले। शेष सभी खाली पाए गए। उन्होंने बताया कि आसरा आवासों के आसपास गंदगी मिली, दरवाजे टूटे मिले। जिन्हें ठीक कराने को कहा है। एसडीएम ने बताया कि चेयरमैन पर आउटसोर्सिंग पर मानक से अधिक कर्मचारी लगाने की शिकायत पर सूची मांगी गई है और तैनाती के बारे में भी जानकारी की जा रही है। कुछ स्थानों पर कार्यों को लेकर फर्जी भुगतान लेने की शिकायत थी। जिसमें कार्य होना पाया गया। सम्राट अशोक चौराहे की मरम्मत भी ठीक पाई गई। एसडीएम ने बताया कि जांच रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी।

# दोषियों को बचा गए एसीएमओ डिप्टी सीएम ने तलब की रिपोर्ट

## जांच करने वाले एसीएमओ ने पीड़ित परिवार को ही ठहरा दिया दोषी

**सड़क पर प्रसव का मामला**

पीलीभीत कार्यालय

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर सड़क पर गर्भवती का प्रसव होने पर नवजात की मौत होने के मामले में जिम्मेदार अपनी गर्दन बचाने में जुट गए हैं। लापरवाही के जिम्मेदार डाक्टर और स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय एसीएमओ ने उन्हें साफ बचा दिया और पीड़ित परिवार और प्रसूता के इमरजेंसी पहुंचने पर सवाल खड़े करते हुए उन्हें ही घटना का गुनहगार साबित कर दिया। सीएमओ ने एसीएमओ की रिपोर्ट से असंतुष्टता जताई। अब मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों से आख्या मांगी है। डीएम संजय कुमार सिंह ने भी मामले में मेडिकल कॉलेज और सीएमओ से रिपोर्ट तलब की है। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने गंभीर लापरवाही में डीजी हेल्थ से रिपोर्ट तलब की है। दरअसल, बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी कृष्णपाल अपनी पत्नी मुन्नी देवी और पुत्रवधू सुमन के साथ बहनोई पीलीभीत के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। पुत्रवधू सुमन नौ माह की गर्भवती थी। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे सुमन को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वाले ई-रिक्शा से उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। ई-रिक्शा चालक ने इमरजेंसी के पास उतार दिया था।

45 मिनट तक परिवार भटकता रहा। महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही लेकिन कोई मदद को बाहर नहीं आया। सड़क पर ही कुछ महिलाओं की मदद से प्रसव कराया। इस दौरान नवजात की जान चली गई थी।

### एसीएमओ ने रिपोर्ट में लिखा कि महिला ने मृत नवजात को जन्म दिया, नहीं मांगी थी मदद

सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ .छत्रपाल सिंह ने जांच की। एसीएमओ ने ऐसी जांच की कि पीड़ित परिवार और प्रसूता को ही दोषी करार दे दिया। एसीएमओ के अनुसार महिला को मृत नवजात ही पैदा हुआ था। इतना ही नहीं गर्भवती ने नौ माह में कोई भी जांच और अल्ट्रासाउंड नहीं कराया। गर्भवती होने के बाद भी उसे ई–रिक्शा से लेकर आए थे। परिवार ने इमरजेंसी के बाहर किसी अन्य व्यक्ति से मदद करने के लिए कहा था। मगर स्टाफ से कहा होता तो उसे महिला अस्पताल भिजवा दिया जाता। जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला अस्पताल की टीम को बुला लिया था। वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि वह इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर और स्टाफ से मिले लेकिन मदद नहीं की गई। जिस वजह से नवजात की जान चली गई। बृहस्पतिवार को सीएमओ डॉ . आलोक कुमार को जांच रिपोर्ट मिली तो उसे पढ़कर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए पुन: मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदारों से जांच कराकर निरीक्षण आख्या देने के लिए पत्र भेजा है।

## बेटा होने की दवा देने के बहाने महिला से अश्लीलता

**बदायूं,अमृत विचार :** बेटा होने की दवा देने के बहाने जिला बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला के साथ तांत्रिक और एक अन्य ने छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत की। शिकायत करने पर तांत्रिक ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर एक नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिला बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला निवासी एक महिला की दो बेटियां हैं। जिसकी वजह से उनका पति आए दिन घर पर क्लेश करता है। वह एक बेटा चाहता है। महिला के परिचित ख्याली नाम के व्यक्ति ने उसे बताया कि बदायूं के कोतवाली बिसौली क्षेत्र में उसका एक परिचित है, जो बेटा पैदा होने की दवा देता है और दुआ करता है। वह जो दवा देगा, उसे खाने के बाद महिला को बेटा जरूर होगा। महिला ख्याली की बातों में आ गई। वह ख्याली के साथ बाइक से 7 फरवरी शाम लगभग 9 बजे बिसौली आई। बिल्सी मार्ग पर एक तालाब के सामने मैदान किनारे ख्याली ने बाइक खड़ी की। महिला को आलू के खेत में बैठा दिया। कहा कि दवा देने वाला व्यक्ति वहीं आने वाला है। कुछ देर के बाद तांत्रिक बाइक से आया। वह महिला की झाड़फूंक करने लगा। उसके कहने पर ख्याली ने महिला के साथ अश्लीलता शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया। कहा कि उसे कोई दवा नहीं लेनीं। ख्याली और तांत्रिक ने महिला को मारा पीटा। महिला ने शोर मचाया तो उसका मुंह दबा दिया। किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।

## ज्ञानवापी पर भड़काऊ पोस्टर चस्पा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ज्ञानवापी पर आए फैसले को लेकर जहां बरेली के मौलाना तौकीर रजा खां ने जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया हैं वहीं, नगर में कुछ लोगों ने साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश रच दी। जुमे से ठीक एक दिन पहले तराई की फिजा खराब करने के लिए शहर से सटे मुस्लिम बाहुल्य चिड़ियादाह गांव में कुछ खुराफाती लोगों ने ज्ञानवापी से जुड़े भड़काऊ और विवादित पोस्टर चस्पा कर दिए। एएसपी, सीओ सिटी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पोस्टरों को हटवाकर फेंक दिया। गांव में पुलिस बल तैनात कर सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना गुरुवार सुबह की है। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र का शहर से सटा गांव चिड़ियादाह मुस्लिम बाहुल्य इलाका है। सुबह ग्रामीण घरों से बाहर निकलकर कामकाज पर जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर दीवारों और खंभों के साथ मकानों के बाहर लगे पोस्टरों पर गई। जिसमें सेव ज्ञानवापी समेत कोर्ट के फैसले का विरोध करने की बातें लिखी थीं।

## बेटे की देखभाल के बहाने पति की प्रेमिका को सोरों बुलाकर मार डाला

**झारखंड की राखी गुप्ता के हत्यारोपी महिला के पति सीआरपीएफ जवान से थे संबंध**

**कासगंज, अमृत विचार :** सोशल मीडिया के जरिए नोएडा के गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन से सोरों के सीआरओीएफ जवान के संबंध हो गए थे। झारखंड के थाना कदमा के मोहल्ला रामनगर निवासी वार्डन राखी गुप्ता के संबंध पति से होने पर जवान की पत्नी अंदर ही अंदर नाराज रहने लगी। वार्डन और जवान की नजदीकी इतनी ज्यादा थी कि वह जवान के कासगंज जिले के सोरों स्थित घर भी कई बार आ चुकी थी और जवान की पत्नी प्रीति से भी मेलजोल बढ़ गया था लेकिन प्रीति ने उसे मन ही मन रास्ते से हटाने का निर्णय ले लिया था। 3 फरवरी को प्रीति ने अपने बेटे की देखभाल करने की बात कहकर नोएडा से वार्डन राखी को सोरों बुलाया और अपने रिश्ते के भाई की मदद से राखी की सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के साक्ष्य छिपाने के लिए दोनों ने भागीरथी के जंगल में राखी के शव को फेंक दिया था। पुलिस ने 5 फरवरी को जंगल से अज्ञात महिला का शव बरामद कर उसकी पहचान में जुट गई। पुलिस को यह मालूम हो गया था कि महिला झारखंड के थाना कदमा के मोहल्ला रामनगर की राखी गुप्ता है। पुलिस ने उसके भाई राहुल को कासगंज बुलाया और पहचान कराई। इसके बाद पुलिस ने राहुल से मिली जानकारी के आधार पर वार्डन राखी की हत्याकांड का पर्दाफाश करने के लिए काम शुरू किया। वहीं पुलिस ने सीआरपीएफ जवान की हत्यारोपी पत्नी प्रीति को हिरासत में ले लिया है। साथ ही पुलिस ने हत्यारोपी महिला के रिश्ते के भाई को भी पकड़ा है। मामले में दर्ज कराई गई एफआईआर में सिर्फ हत्यारोपी प्रीति को ही नामजद किया गया है। 5 फरवरी को राखी गुप्ता का शव मिल था। राखी के भाई राहुल ने पुलिस को बताया था कि राखी और सोरों के निवासी सीआरपीएफ के जवान के बीच नजदीकी संबंध थे। सोशल मीडिया के माध्यम से राखी के संबंध सोरों निवासी रामकृष्ण से हो गए थे, जो पहले से शादीशुदा है। उसकी पत्नी का नाम प्रीति उपाध्याय है। इसकी जानकारी होने के बाद भी राखी व रामकृष्ण के संबंध बने रहे।

## डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय खेल महोत्सव शुरू

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ . राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल महोत्सव शुरू हो गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ . संध्या रानी शाक्य ने किया। पहले दिन 100 मीटर दौड़ में नरेन्द्र, सचिन, नैतिक दिवाकर, बालिका वर्ग में अनामिका सिंह, वैष्णो गुप्ता, लता सिंह, गोला फेंक में आदेश कुमार, अर्जुन सिंह, नरेन्द्र क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय महाविद्यालय बदायूं के डा . हुकुम सिंह, अनिल सिंह, मुकेश चौहान विशिष्ट अतिथि रहे।

## शिविर में सौ लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शीशगढ़, अमृत विचार :** गुरुवार को गांव बूंची स्थित जसिका अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ . जसवन्त गंगवार की देखरेख में चिकित्सकों ने करीब 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों को दवा का विरतण किया गया।

## कुत्तों के झुंड ने गाय को किया घायल

**अलीगंज, अमृत विचार :** गांव गैनी में गुरुवार को कुत्तों के झुंड ने हमला कर गाय को घायल कर दिया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने घायल गाय को मेनका गांधी पशु चिकित्सालय रामगंगा में पहुंचाया, ताकि वहां उसका ठीक प्रकार से इलाज हो सके।

## बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को पांच वर्ष की कैद

**बदायूं, अमृत विचार :** चार वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना की आधी धनराशि पीड़ित पक्ष को देने का आदेश दिया गया है। वादी ने थाना वजीरगंज पुलिस को 16 जुलाई 2018 को तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि 15 जुलाई 2018 को उनकी भतीजी गली में खेल रही थी। मोहल्ले का इकबाल आ गया। उनकी भतीजी को घर पर ले गया। जहां उसने गलत काम किया।

## कच्ची घर की दीवार गिरने पर पिता-पुत्र की मौत

**कांट (शाहजहांपुर), अमृत विचार:** जिस मकान में पिता-पुत्र वर्षों से रह रहे थे, उसी मकान की दीवार उनके लिए काल बन गई। गुरुवार शाम दोनों मकान के बाहर बैठकर धूप सेंक रहे थे। तभी अचानक मकान की दीवार पिता-पुत्र के ऊपर गिर गई। दोनों की मलबे में दबने से मौत हो गई। कांट क्षेत्र के गांव हसनपुर कूपा निवासी परमानंद (25) और उसके पिता प्रेमपाल (48) गुरुवार शाम 4 बजे अपने मकान के बाहर दीवार के किनारे बैठकर धूप सेंक रहे थे। दोनों किसी विषय पर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उनके घर की दीवार उन्हीं के ऊपर गिर गई। दोनों उसके मलबे में दब गए। दीवार गिरने पर परिवार वाले घर के बाहर आए और शोर मचा दिया। इस दौरान ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह मलबा हटाया। तब तक परमानंद की मौत हो चुकी थी। प्रेम पाल घायल थे। सूचना मिलने पर सीओ सदर अमित चौरसिया और प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल प्रेमपाल को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

**न्यायालय परगनाधिकारी, बीसलपुर (पीलीभीत)**
**वाद सं. T202312560211856**

डालचन्द बनाम होरीलाल आदि धारा–116 यू.पी.आर.सी. ग्राम–चुर्रा सकतपुर पर. व तह. –बीसलपुर, जिला पीलीभीत

1. सोनपाल पुत्र स्व. श्रीपाल 2. वीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्रीपाल 3. राजेश कुमार पुत्र स्व. श्रीपाल 4. विनोद कुमार पुत्र स्व. श्रीपाल 5. गंगा देवी पत्नी स्व. श्रीपाल निवासीगण ग्राम चुर्रा सकतपुर पर. व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत 6. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत चुर्रा सकतपुर तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत।

सूचित हो कि आपके विरूद्ध वाद अंतर्गत धारा 116 यू.पी.आर.सी. ग्राम चुर्रा सकतपुर पर. व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत योजित किया गया है जिसमें दिनांक 27.02.2024 नियत है। अत: आप समय 10 बजे सुबह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता एवं अन्य कोई व्यक्ति जो मुकदमे के तथ्यों से अवगत हो, नियत तिथि पर अपना लिखित कथन प्रस्तुत करें तथा यह भी जरूरी है कि आप अपना सभी लिखित एवं मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कर दें। जिसके आधार पर आप अपना लिखित कथन प्रस्तुत कर रहे हैं। यदि नियत तिथि पर आप न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपकी अनुपस्थिति में निर्णय आपके विरूद्ध कर दिया जायेगा।

दिनांक 05.02.2024 मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा में निर्गत किया गया।

**उपजिलाधिकारी, बीसलपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जखौरा जौहरपुर वि.खं. इस्लामनगर बदायूं

**अल्पकालीन निविदा 08-02-2024**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत जखौरा जौहरपुर वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.02.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | विजय के घर से रघुनंदन के घर तक, रघुनंदन के घर से रघुराज के घर तक इंटरलॉक/नाली निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |

**सचिव** **प्रधान**

## महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## M.J.P. ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

**पत्रांक : रू.वि./प्रशा./एफ–11/2024/645–47** **दिनांक : 08.02.2024**

**अल्पकालीन ई–निविदा विज्ञप्ति**

**विश्वविद्यालय के अधिकारियों/शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सपरिवार सामूहिक मेडिक्लेम पालिसी हेतु निर्धारित प्रारूप पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अन्तिम तिथि 15.02.2024 हैं। निविदा की सम्पूर्ण /विस्तृत जानकारी www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।**

**कुलसचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पसगवां विकास खण्ड पसगवां-खीरी

पत्रांक : मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023- 24 दिनांक- 08.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पसगवां में वर्ष 2023-24 मनरेगा के अंतर्गत कार्य कराए जाने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिनका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 09.02.2024 से 23.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय पसगवां में दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 04 बजे खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | हाट बाजार में टिन शेड और खड़ंजा निर्माण कार्य | 213533.00 |

**कुलदीप राठौर**
**सचिव**

**प्रभा गुप्ता**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत पसगवां**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पदमी, विकास खंड शेरगढ़, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पं. पदमी की निविदा वर्ष 2023-24 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में पंचायत राज्य वित्त, पन्द्रहवां वित्त, मनरेगा आदि में धनराशि से कराये जाने वाले कार्य निम्नलिखित हैं। कार्यों हेतु ईंट रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता, सरिया, बजरी, ईंट की रोड़ी व सभी बिल्डिंग मैटेरियल आदि सामान की आवश्यकता है। उक्त सामग्री सीलबन्द निविदा में ग्राम पंचायत कार्यालय पदमी दिनांक 09.02.2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से 12.02.2024 को 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 2 खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सूरजपाल के घर से कन्हई लाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 100 मी. | 3,70,000/– | मनरेगा |
| 2. | सेवाराम के घर से मान सिंह के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 90 मी. | 3,20,000/– | मनरेगा, राज्य वित्त 15वां वित्त आयोग |

**ग्राम प्रधान–भगवान देई** **सचिव–इमरान खान**

## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अल्पकालीन ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 652/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 08.02.2024

ई–निविदा सूचना शासनादेश सं.–3890/नौ–5–149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत पुन: निविदा (क्रमांक सं. 01 से 02 तक) | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 12-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 12-02-2024 - (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 16-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 16-02-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**प्र.मु.अभि./अधि.अभि.**
**नगर निगम, बरेली**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली

कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली

**(ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस)**

पत्रांक :– 2950/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2023–24/ दिनांक 29.01.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

**1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | वार्ड नं0–35 में बरेली इण्टर कॉलेज बरेली में एक 20X30 हाल कमरे का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–कैण्ट) | 13.030 | 26100.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 09.02.2024
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 27.02.2024 मध्याहन 12.00 बजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 27.02.2024, अपरान्ह 12.30 बजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा, जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें। अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

**नोट :–** उपरोक्त निविदा बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

**(विनय कुमार शर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।**
**राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से**

UP – 202507 दिनांक 07.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 515/न.पा.परि.बी./2023-24 दिनांक : 8.2.2024

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु नये इण्डिया मार्का II हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन कार्य कराये जाने के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।कार्य विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित | बिड सिक्योरिटी 10 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 22 नग (नये) इण्डिया मार्का II हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन कार्य। | 1895466/- | 189546/- | 2250/- | 2 माह |
| 2. | 23 नग (नये) इण्डिया मार्का II हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन कार्य। | 1981624/- | 198162/- | 2400/- | 2 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 09.02.24 को प्रात: 11 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 15.02.24 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.02.24 को प्रात: 11:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. ठेकेदार को धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बीसलपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक : 1337 / न.पा.परि.नवा. / 2023–24 दिनांक : 08.02.2024

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद नवाबगंज (बरेली) द्वारा 15वां वित्त आयोग (टाइड ग्राण्ट द्वितीय किश्त) एवं अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना एवं नगरीय झील / तालाब / पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में डी / सी श्रेणी में कार्यो की लागत के सीमा अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद | आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क + 18% GST अतिरिक्त | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका परिषद नवाबगंज में हैण्डपम्प अधिष्ठापन कार्य हेतु यूनिट लागत केसिंग विधि द्वारा प्रकल्प दरों के अनुसार (29 नग) | 15वां वित्त (टाइड ग्रान्ट) | 2380755 | 47615 | 2808 | दो माह |
| 2. | नगर पालिका परिषद नवाबगंज बरेली के वार्ड नं. 24 याकूबपुर बीजामऊ मार्ग पर तालाब का सौन्दर्यकरण का कार्य | नगरीय झील/ तालाब पोखर संरक्षण योजना | 4997370 | 99947 | 5896 | दो माह |
| 3. | वार्ड 04 बहोर नगला मार्ग के दायी साइड बिजौरिया में शमशान भूमि में दाह स्थल व बाउण्ड्री वॉल का कार्य | अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना | 3996693 | 79934 | 4716 | दो माह |
| 4. | वार्ड 04 बहोर नगला मार्ग के दायीं साइड बिजौरिया शमशान भूमि बरामदा बनाने का कार्य | अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना | 265302 | 5306 | 314 | दो माह |

1. वेबसाइट पर डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 09.02.2024
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 21.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नवाबगंज, बरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**नवाबगंज, बरेली**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायाँ जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक : 322/न.पा.प.–पु./निविदा सूचना/2023–24 दिनांक : 07 फरवरी 2024

**अल्पकालीन मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

**1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है :-**

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि | जमानत की धनराशि 10% | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | शाहजहाँपुर | नगर पालिका परिषद पुवायाँ के कान्हा पशु आश्रय स्थल में इन्टरलॉक लगाये जाने का कार्य। | 498433.00 | 42241.00 | 499.00 | 1 माह |
| 2. | शाहजहाँपुर | नगर पालिका परिषद पुवायाँ की दलित बस्ती कुरगंजाके वार्ड नं. 1 में सामुदायिक केन्द्र (कम्यूनिटी) के आन्तरिक और बाहरी भाग में रंगरोगन सहित सुधार कार्य। | 435038.00 | 36868.00 | 436.00 | 1 माह |
| 3. | शाहजहाँपुर | मो. कस्भरा अस्तल में आर.एस.एस. कार्यालय के पास से सोमदेव मिश्रा के मकान तक इन्टरलॉक सड़क का उच्चीकरण व नाली मरम्मत व सुधार कार्य। | 826824.00 | 70070.00 | 827.00 | 1 माह |
| 4. | शाहजहाँपुर | मो. कस्भरा अस्तल में मिहीलाल के मकान से रमेश के मकान तक और छोटेलाल के कश्यप के मकान से अनिल कुमार के मकान तक इंटरलॉक सड़क का उच्चीकरण व नाली मरम्मत व सुधार कार्य। | 687290.00 | 58245.00 | 688.00 | 1 माह |
| 5. | शाहजहाँपुर | नगर पालिका परिषद पुवायां के प्रांगण में बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य। | 335081.00 | 28400.00 | 336.00 | 1 माह |
| 6. | शाहजहाँपुर | मो. तरती बाजार में राकेश कुमार शुक्ला रिक्खी के बग्गर के पास इंटरलॉक सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 237761.00 | 20150.00 | 238.00 | 1 माह |
| **स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कार्य-** | | | | | | |
| 7. | शाहजहाँपुर | नगर पुवायाँ में हायडिल के पास 02 सीट शौचालय का निर्माण कार्य। | 346809.00 | 29391.00 | 347.00 | 1 माह |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 19.02.2024 स्थान–कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां एवं स्थानीय निकाय कार्यालय (संयुक्त कार्यालय) कलेक्ट्रेट, शाहजहाँपुर।
3. निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि, समय व स्थान 20.02.2024 समय 2:00 बजे अपरान्ह तक, स्थान–कार्यालय नगर पालिका परिषद पुवायाँ–शाहजहाँपुर।
4. रू. 5 लाख से कम लागत की निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान 20.02.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, पुवायां व रू. 5 लाख से अधिक लागत की निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थान 21.02.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे स्थान–कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) शाहजहाँपुर।
5. उक्त कार्यो से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**(सत्येन्द्र प्रकाश)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, पुवायाँ, शाहजहाँपुर।**

**(संजय गुप्ता)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, पुवायाँ, शाहजहाँपुर।**

शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिकं न गजे गजे।
साधवो नहि सर्वत्र, चंदनं न वने वने।।

प्रत्येक पर्वत पर अनमोल रत्न नहीं होते, प्रत्येक हाथी के मस्तक में मोती नहीं होता। सज्जन लोग सब जगह नहीं होते और प्रत्येक वन में चंदन नहीं पाया जाता।

## संपादकीय

# जैव ईंधन पर जोर

पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव के चलते जीवाश्म ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला संकट का सामना कर रही है। ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन राजनीतिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले मुद्दे बने हुए हैं। जबकि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा मांग प्रति वर्ष तीन प्रतिशत से अधिक तक बढ़ सकती है। तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में परिवहन ईंधन के लिए भारत में मांग का बढ़ना जारी रहेगा। जबकि अन्य देशों में यह स्थिर है या इसमें गिरावट आ रही है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का 80 प्रतिशत भाग का आयात करता है और दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। इसके साथ ही, भारत की ऊर्जा खपत के अगले 25 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान किया जाता है। यानि 2030 तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक बन सकता है। 2030 तक भारत में प्रतिदिन तेल की खपत 66 लाख बैरल हो जाएगी। कहा जा सकता है कि सरकार ने जीवाश्म ईंधन के विकल्पों पर जोर देकर सही किया है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर भारत के नेतृत्व वाले समूह, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस ने पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया था। जैव ईंधन बायोमास से बने ईंधन हैं, जैसे कि पौधे या अपशिष्ट पदार्थ जिन्हें ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है। जैव ईंधन के समर्थकों का तर्क है कि वे जीवाश्म ईंधन के विपरीत ऊर्जा का एक स्थायी और नवीकरणीय स्रोत हैं जो सीमित हैं और अंततः समाप्त हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यह भी कहा जाता है कि जैव ईंधन जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करता है, जिससे यह अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प बन जाता है।

जीवाश्म ईंधन दुनिया भर में 70 प्रतिशत कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष होने वाली 80 लाख मौतों के लिए जिम्मेदार है। इस परिदृश्य में ऊर्जा सुरक्षा के निरंतर जोखिमों को कम करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों की ओर संक्रमण में तेजी लाना और जीवाश्म ईंधन की प्रमुखता को तेजी से समाप्त करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि सरकार का लक्ष्य तेल की खोज में निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ाने का है। ऐसे में भारत घरेलू उत्पादन और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर ध्यान दे।

# जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है–महंगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण–प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक–संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है?

देश की जनता अपने प्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजती है कि देश की प्रत्येक समस्या पर वहां खुल कर चर्चा हो क्योंकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद है लेकिन संसद नहीं चल पाती और ऐसा आज से नहीं, बरसों से हो रहा है। जितना गहन विचार-विमर्श होना चाहिए वह नहीं हो पाता। सवाल यह है कि क्या संसद और विधानसभाएं जनमत का प्रतिनिधित्व कर पा रही हैं या जनमत के नाम पर सत्ता और पैसे के संगठित स्वार्थ द्वारा संचालित हो रही हैं? क्या सचमुच वहां देश के सच्चे प्रतिनिधि लोग हैं? क्या सचमुच वहां देश की मेधा पंहुच पाती है?

संसद सदस्यों के आडंबर, इनकी सुख-सुविधा, इनके सामंती खर्च, इनकी पल-पल बदलने वाली वेशभूषा, इनके वेतन भत्ते इस विकासशील और गरीब देश पर भार नहीं बन चुके हैं? प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपया इन नए सामंतों पर खर्च नहीं हो रहा है? लोकतंत्र के संचालन के लिए लोक ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, वे अपने को लोक के अंतर्गत मानते हैं या अपने को लोक के ऊपर समझते हैं? क्या यह संसद की महिमा का ही क्षरण नहीं है? ये देश की सेवा है? क्या संविधान निर्माताओंने ऐसी ही संसद की परिकल्पना की थी? क्या भीड़तंत्र को लोकतंत्र बतलाना, जनता को धोखा देना नहीं है?

लोक जीवन चारों ओर से चिंताओं से घिरा है, समस्याओं से संत्रस्त है-महंगाई, बेरोजगारी, पर्यावरण-प्रदूषण, भ्रष्टाचार, देश के प्राकृतिक-संसाधनों की लूट, बैंकों की लूट, लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण, शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्र माफिया से आक्रांत हैं और देश की संसद हाहाकार कर रही है? बैंकों की लूट का सिलसिला जारी है। चर्चा के लिए संसद है किंतु संसद में गंभीर चर्चा कहां होती है?

उन चैनलों पर जो निहित-स्वार्थ के द्वारा संचालित होते हैं। जहां विमर्श की आवश्यकता है, वहां तमाशा किया जा रहा है। जातियुद्ध और मजहबी-उन्माद को हवा देने के लिए लोकतंत्र का तमाशा। उनके कार्यक्रमों के नाम ही उनकी प्रवृत्ति को उजागर कर सकते हैं, किसी का नाम है-दंगल तो किसी का नाम है-मुकाबला और कोई हल्ला बोल है। दूरदर्शन और आकाशवाणी

जाति और धर्म किसने बनाए? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे।

इतिहास बन चुके हैं। जाति और मजहब को लेकर जनता की एकता को निरंतर तोड़ते रहने का सदाव्रत, इसी सदाव्रत का नाम आज राजनीति बन चुका है। चर्चा उठी है कि जातियां किसने बनाईं, धर्म किसने बनाए?

ये दोनों सवाल राजनीति के नहीं, समाजशास्त्र के हैं, मानव शास्त्र के हैं, संस्कृति शास्त्र के हैं, इतिहास के हैं। ये दोनों सवाल विश्वविद्यालयों और दूसरी राष्ट्रीय अनुसंधान-संस्थाओं के हैं। मुश्किल यह है कि विश्वविद्यालय मौन हैं और जिनका क्षेत्र राजनीति है, वे वितंडा कर रहे हैं।

जहां तक अनुसंधान की बात है, तो मेरे अध्ययन में जाति को लेकर जितना स्पष्ट चिंतन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का है, उतना किसी का नहीं। जन्मना जाति के सिद्धांत को उन्होंने स्वयं भोगा था। उन्होने लिखा है कि-'मेरे स्कूल में एक मराठा जाति की स्त्री नौकरी पर थी। वह स्वयं अशिक्षित थी, लेकिन छूआछूत मानती थी। मुझे छूने से बचती थी। मुझे याद है कि एक दिन मुझे बहुत प्यास लगी थी। नल को छूने की मुझे अनुमति नहीं थी। मैंने मास्टरजी से कहा-मुझे पानी चाहिए। उन्होंने चपरासी को आवाज देकर नल खोलने के लिए कहा। चपरासी ने नल खोला और तब मैंने पानी पिया। चपरासी गैरहाजिर होता तो मुझे प्यासा ही रहना पड़ता।' जाति को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का महत्वपूर्ण अनुसंधान है। जब कोई बुद्धिजीवी किसी मिशन को लेकर खड़ा हो जाता है, तब वह कितनी प्रचंड शक्ति बन जाता है, डॉ. भीमराव आंबेडकर इसके उदाहरण थे। भारतीय समाज के सताए हुए वर्ग से जो बुद्धिजीवी पैदा हुआ, उसने अधिकार की सत्ता को विचार-शक्ति का दमखम दिखा दिया। उनके विरोधी भी उनके तर्कों की धार को मान गए थे। डा भीमराव आंबेडकर की जाति की अवधारणा को गहराई से समझना होगा।

अभी कुछ दिन पहले ही इतिहास के प्रोफेसर डा. रामेश्वरदास का शोधपत्र सुना, उन्होंने बतलाया कि शूद्र एक कबीले का नाम था, शूद्र नामक कबीले में क्रमशः अन्य कबीले समाते रहे और वह एक बड़ा वर्ण बन गया।

जाति और धर्म किसने बनाये? इस सवाल को लेकर किताबों को देखने की जरूरत नहीं है, उनको बहुत देखा जा चुका है। आज जरूरत है आदिवासियों और जनजातियों के जीवन के अध्ययन की। जाति किसने बनाई और धर्म किसने बनाया? इसके प्रत्यक्ष सूत्र हमें आदिवासियों और जनजातियों के जीवन में मिल जाएंगे। ईसाई मिश्नरी अवश्य वहां पहुंची थीं किन्तु पुरोहित-प्रपंच अभी भी वहां से दूर है।

मानव-शास्त्रियों ने मनुष्य-जीवन को समझने के लिए आदिवासी-जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया था, जिसका निरन्तर विकास हो रहा है। सभ्यता के कितने सोपान हैं? लेकिन मनुष्य मनुष्य ही है और आदिवासियों को भी मनुष्य के रूप में ही पहचाना जा सकता है। संसार के विभिन्न देशों की तरह भारत में भी आदिवासियों का बहुत विस्तार है और अध्येताओं ने उनका वर्गीकरण भी किया है।

आदिवासी-संस्कृति के अध्येताओं ने एक तथ्य को देखा है कि आदिवासी मानते हैं कि नारी और प्रकृति एक ही तत्त्व है। जंगल और प्रकृति उनकी मां है। समुद्र देवी का रूप है, हवा और बादल भी दिव्य हैं। उनके लोकनृत्य प्रकृति और जीवन की एकता की अवधारणा पर ही आधारित हैं। वे मानते हैं कि वृक्ष दिव्य शक्ति हैं। उनका जीवन आवश्यकता पर आधारित है, लालच या तृष्णा पर नहीं। प्रकृति का सहज साहचर्य, आनन्द और नृत्य उनका जीवन है। उनके पास लिखित साहित्य नहीं है। लेकिन वाचिक-परंपरा से उन्होंने सामाजिक विवेक की धरोहर को संजो कर रक्खा है। चेतना और आत्मा में वे भरोसा करते हैं। रोग- मातृका की पूजा करते हैं। मृत्यु के समय भी वे नृत्य करते हैं क्योंकि यह भी भगवान की लीला है।

हम उनको मनुष्य नहीं मानते, उनकी भाषा को भाषा नहीं मानते, उनकी कला को कला नहीं मानते। हां, जहां दाव लग जाता है, उनका शोषण करते हैं, उनके जंगल और प्राकृतिक-संसाधन छीनना विकास का सहज स्वभाव है। विकास की इस अवधारणा का केन्द्रीय तत्व तृष्णा या लालच है। बहुत से शोधार्थी अरुणाचल प्रदेश की जनजातियों पर शोध कर रहे हैं, मात्र चौदह लाख के आस-पास की आबादी वाले इस अकेले प्रदेश में ही जो शताधिक जनजातियां निवास करती हैं, इनमें लाख से ऊपर की जनसंख्यावाली जनजातियां भी हैं, तो कुछ ऐसी भी जनजातियां हैं, जिनकी गिनती सैकड़ों तक ही सिमटकर रह जाती है। मूलतःजनजातीय स्वरूप वाले इस राज्य में निवास करने वाली जो सौ से अधिक जनजातियां हैं, इनमें से 25 या 26 की पहचान प्रमुख जनजातियों के रूप में की गई है। इन सबकी अपनी अलग-अलग बोली-बानी, कला-साहित्य, सामाजिक-सांस्कृतिक वैशिष्ट्य आदि। ऐसे में किसी एकरेखीय पद्धति से इनकी लोक-संस्कृति का विवेचन करना कोई आसान काम नहीं।

यह जाति और धर्म के उद्भव की एक कहानी है। भारत में हजारों ही जनजातियां हैं और उनके हजारों ही लोकदेवता हैं और अलग अलग धर्म-रीतियां हैं, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि इन जातियों की रचना अमुक जाति ने की है। इन लोगों के पास आज भी न वेद हैं, न पुराण, न मनुस्मृति और न रामचरित मानस फ़िर भी इनके पास इनका देवता है, ईश्वर का एक समरूप, इनके पास जातियों के अनन्त भेद हैं। विविध बोलियाँ हैं और विविध विश्वास। राजनैतिक-निहित स्वार्थों को पर्दे के पीछे छिपा कर भाषण देने या भारतीय-चिन्तन को नकारने से जाति-समस्या का समाधान नहीं हो सकता। क्या जन्म को आधार बना कर आज नई-नई जातियां पैदा नहीं हो रहीं? जैसे-जन्मना जातिः नेता का बेटा नेता? अफ़सर का बेटा अफ़सर।

## प्रसंगवश

# धर्म की प्रकृति



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अक्सर लोगों को कहते सुनता हूं कि धर्म अज्ञान की उपज है। पर यह विचार तथ्यों से परे है, क्योंकि संसार के जितने भी धर्म हैं, चाहे वह जैन धर्म हो, बौद्ध धर्म हो, ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या अन्य कोई धर्म हो, सभी अपने समय के महानतम विचारकों और ज्ञानियों द्वारा शुरू किए गए हैं। वास्तविकता यह है कि सारे धर्म अपने उद्भव काल में उतने ही ज्यादा क्रांतिकारी थे और व्यवस्था के विरोधी थे जितना कि 19वीं सदी में मार्क्स द्वारा प्रतिपादित साम्यवाद के सिद्धांत।

धर्म की उत्पत्ति का मुख्य कारण समाज का शासक और शोषित वर्गों में विभाजित होना और परिणामस्वरूप जीवन में वैषम्य और दुख का आगमन होना रहा। जीवन में दुख का मुख्य कारण धन का अभाव नहीं बल्कि असमानता की उपस्थिति है। एक सर्व शक्तिमान ईश्वर की कल्पना कर के शोषित वर्ग ने धरती के शासकों को मानों खुली चुनौती दी कि तुमसे भी बड़ा कोई और है जिसके हम अनुयाई हैं। स्वर्ग की कल्पना इस बात का प्रमाण है कि इस दुनिया में दुख है। यह आदमी के इस आकांक्षा की अभिव्यक्ति है कि वह दुख विहीन समाज का स्वप्न पाले हुए है। चूंकि ऐसा समाज उसके तमाम प्रयासों के बावजूद धरती पर उसे नहीं मिल पाता तो वह मरणोपरांत इसे पाने की कल्पना कर सुख की अनुभूति करता है। कार्ल मार्क्स ने धर्म के सटीक अवधारणा दी कि धर्म दुनिया के वास्तविक दुखों की अभिव्यक्ति है और इसके खिलाफ विरोध भी।

इतिहास में हमेशा ऐसा हुआ है कि शासक वर्ग जब किसी नए क्रांतिकारी विचार से लड़ने में अक्षम होता है तो वह उसे अपने अनुकूल बनाकर उसको अपने हथियार के रूप में प्रयोग करने लगता है। व्यवस्था विरोधी बुद्ध और ईसा मसीह दोनों को शासक वर्ग ने बाद में इसी तरह अपना बना लिया। आजकल धर्म का जो रूप है और उसमें जो व्याप्त कुरीतियां, ढकोसले, अंधविश्वास आदि हैं, ये सभी शासक वर्गों तथा पंडों-पुजारियों, पादरियों और मुल्लाओं द्वारा बाद में पैदा किए हुए उत्पाद है जिनका धर्म के मौलिक स्वरूप से कोई संबंध नहीं। ये सभी अज्ञानी जनता को ठगने और अंधविश्वासों में उलझाए रखने के साधन हैं। निष्कर्ष यह है कि जीवन में जब तक विषमताएं हैं और दुख है, तब तक धरती पर धर्म रहेगा।

# मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे।

1990 के दशक में, जब हमारे बैच या उसके कुछ आगे-पीछे के बैच के लोग पढ़-लिख कर रोजगार की दुनिया में जगह तलाशने निकले तो उन्हें अपने सामने एक वीराना के सिवा कुछ नजर नहीं आया। कहीं कोई वैकेंसी नहीं। अखबारों में रोज खबरें छपा करती थीं कि सरकार की माली हालत बेहद खस्ता है और इस कारण सरकारी भर्त्तियों पर अघोषित रोक है। तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह अपने वक्तव्यों में उम्मीद जताते थे कि आर्थिक उदारीकरण अपना असर दिखाने में कुछ समय लेगा और उसके बाद रोजगार के क्षेत्र में अवसरों की भरमार होगी।

बिहार-यूपी के हमारे जैसे छात्रों-नौजवानों को बचपन से ही अभिभावक और शिक्षक सरकारी नौकरी के लिए तैयार करने में लगे रहे थे। हम लोग भी यही सोच कर मिड्ल स्कूल से एमए तक की पढ़ाई में लगे रहे कि एक दिन कलक्टर-प्रोफेसर-बीडीओ से लेकर क्लर्क-मास्टर तक बन जाएंगे। लेकिन, यहां तो सन्नाटा था। संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों में हर साल वैकेंसीज कम होती जा रही थी, विश्वविद्यालयों के कर्ता-धर्ता कसम खाए बैठे थे कि भर्त्तियां नहीं करनी हैं। कभी-कभार कोई छोटी-मोटी वैकेंसी आई नहीं कि अभ्यर्थियों का रेला टूट पड़ता था।

मीडिया उदारीकरण के पक्ष में माहौल बना रहा था और मध्य वर्ग, जो अपने बच्चों को सरकारी नौकरी में देखना चाहता था, जो अपनी बेटियों के लिए किसी भी तरह सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहता था, उदारीकरण और निजीकरण का न सिर्फ स्वागत कर रहा था, बल्कि इसके पक्ष में बहस तक करने को उतारू नजर आता था। एक माहौल बन गया था कि सरकारी कंपनियां देश के लिए बोझ हैं, सरकारी कर्मी सरकार के लिए बोझ हैं, और कि सरकारी पद जितने खत्म किये जाएंगे, देश का उतना भला होगा।

'रोजगार का मतलब सरकारी नौकरी नहीं'...यह सिर्फ सरकार का ही प्रिय वक्तव्य नहीं था, मध्यवर्गीय सयाने लोग भी इस तरह की बातें करते मिलते थे। तो, बैंकों में, रेलवे में, पब्लिक सेक्टर की अन्य इकाइयों के साथ ही एसएससी आदि में भी वैकेंसी या तो नदारद थी या बहुत कम आ रही थी।

1996-97 आते-आते हालात ऐसे बन गए थे कि अच्छे-खासे यूनिवर्सिटी टॉपर्स प्राइमरी स्कूल की मास्टरी की लाइन में लग गए थे, बीटेक किए लोग बैंक क्लर्की की फार्म निकलने का इंतजार कर रहे थे। और, जो सरकारी प्राइमरी मास्टर बन गए उनके यहां बड़े-बड़े अधिकारी गण भी अपनी बेटियों की शादी के लिए दौड़ लगाने लगे थे। उस दुःकाल में, जब बड़े सरकारी पद वाले अविवाहित युवाओं का अकाल सा पड़ गया था, स्कूल टीचर की डिमांड भी काफी बढ़ गई थी। बस, उसे सरकारी होना था। हालांकि, प्राइवेट नौकरियों का भी अकाल सा ही था तब। लेकिन, उम्मीद जताई जा रही थी कि खुलता हुआ बाजार रोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाएगा एक दिन। आज अगर बाप की पीढ़ी इस संक्रमण काल में दिक्कतों का सामना कर रही है तो कल बेटे की पीढ़ी के सामने रोजगार की विकट समस्या नहीं होगी।

तब से ढाई-तीन दशक बीते। आज के रोजगार परिदृश्य को देखें। सरकारी भर्त्तियों पर लगभग ताले लगे हुए हैं, प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के क्षेत्र में भी मंदी है। जनवरी, 2020 को याद करें। देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में अधिकतम हो गया था। बाद में हालात कुछ सुधरे लेकिन फिर...

आज भी मध्य वर्गीय सयाने लोग निजीकरण की मुहिम का गुणगान कर रहे, हालांकि, तब की तरह आज भी उन्हें बेटे के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, दामाद तो सरकारी नौकरी वाला चाहिए ही। तो... तब और अब के बीच में फर्क क्या आया? सरकारी कर्मियों से पेंशन छीन ली गई, प्राइवेट कर्मियों को मालिकान के रहमोकरम पर छोड़ने वाले तथाकथित 'श्रम सुधार कानून' पारित किए गए, परमानेंट की जगह कांट्रेक्ट और आउट सोर्सिंग को प्रोत्साहित किया जाने लगा। यानी बाप से बड़ा संकट बेटे की पीढ़ी के सामने है। तीन दशकों की यात्रा के बाद मुक्त बाजार का सिद्धांत संदेहों के दायरे में आ गया है। इसकी अमानवीयता जैसे-जैसे उजागर हो रही है, विचारक गहन मंथन के दौर से गुजर रहे हैं। तीन दशक कम भी तो नहीं होते।

## सोशल फोरम

# आस्था विश्वास और अस्तित्व



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

इतिहासकार इरफान हबीब मानते हैं कि मथुरा और काशी में भी मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई है इसका प्रमाण है और इसके लिए किसी सर्वे या कोर्ट कचहरी की जरूरत ही नहीं है। यह सच है कि औरंगजेब ने मथुरा और काशी में मंदिरों को तुड़वाया। अगर आप काशी या मथुरा जाएं तो देख कर ही पता चल जाता है क्या हुआ होगा। मुगलों से पहले भी जो आक्रांता आए उन्होंने अपने निशान छोड़े। दिल्ली का लालकिले की बात हो या पुराना किले की या कुतुबमीनार की सब अवशेष गवाही देते हैं और बताते हैं कि वह क्या थे और क्या कर दिए गए। अमेरिका आज विश्व शक्ति है वह भी गुलाम था कभी, जब वह आजाद हुआ तो उसने सबसे पहले अपने देश में गुलामी के सभी चिन्ह मिटा दिए। और भारत अपने 75 साल आजादी के बाद भी अपने चिन्हों के लिए संघर्षरत है। भारतीयों में सहिष्णुता नाम का गुण भी अवगुण हो जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक ऐसे हज़ारों स्थान है जो तोड़कर बनाए गए हैं। उनमें से सिर्फ तीन स्थान ऐसे थे जिनका पुनर्निर्माण आवश्यक था यह आस्था विश्वास और अस्तित्व के चिन्ह है। जिसमें से एक अयोध्या का संकल्प पूरा हुआ। अब मथुरा और काशी के लिए सभी को एक मिसाल कायम करनी चाहिए। इतिहास गवाह है भारत में दुनिया की दूसरी मस्जिद बनी थी कूबा के बाद। पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन काल में यह मस्जिद बनी। दुनिया में जुम्मे की नमाज़ भी यहीं से शुरू हुई। 629 ईसवी में यह मस्जिद बनी जिसे हिंदू राजा चेरामन ने बनवाया था और उसका नाम भी चेरामन मस्जिद है।

केरल में बनी इस मस्जिद पर शायद ही कोई लुटेरा तुगलक, क़ासिम या मुगल नमाज को पहुंचा हो। दुर्भाग्य है भारत के मुसलमानों ने लुटेरों को इस्लाम का मान लिया जबकि इसमें से मुग़ल तो चंगेज़ ख़ान और हलाकू के खानदान के थे जिन्होंने मक्का और मदीना भी लूटा। भारत के मुसलमानों को अल्लाह के इस्लाम पर चलना चाहिए न कि मुल्ला के बताए गए पर। यही वजह है अखंड भारत के मुसलमानों को सऊदी प्रिंस ने अल हिंदी मुस्कीन कहा यानी दोयम दर्जे के मुसलमान।

**- फेसबुक वॉल से**

# पेयजल हेतु जागरूकता की आवश्यकता



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आजकल सरकार की ओर से भी जन-जन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न गैर सरकारी संगठन भी इस दिशा में कोशिश कर रहें हैं। यद्यपि अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है किन्तु यदि आमजन में पेयजल के रखरखाव संबंधी पर्याप्त जागरूकता न हो तो ये प्रयास सफल नहीं हो सकते।

देश में जल जीवन मिशन जारी है, जिसकी शुरुआत अगस्त 2019 में सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए समर्पित एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में हुई थी। पिछले चार वर्षों में, इस मिशन ने महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं। नल जल कनेक्शन को 13.91 करोड़ घरों तक पहुंचाया गया है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। इस मिशन की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की है और उम्मीद जताई है कि इससे देश में प्रति वर्ष डायरिया के कारण होने वाली चार लाख मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही अन्य जलजनित बीमारियों और उनसे से संबंधित लगभग 1.4 करोड़ विकलांगता को भी रोका जा सकता है।

जल की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना जल जीवन मिशन के मुख्य उद्देश्यों में से एक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपूर्ति किए गए जल में पर्याप्त गुणवत्ता है- कार्यक्रम स्रोत और वितरण बिंदुओं पर पानी के नमूनों के नियमित परीक्षण को बढ़ावा देता है। देश में कुल 2,113 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक गांव में कम से कम पांच महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर पानी गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 4.97 लाख गांवों में 23.50 लाख से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इसके बाबजूद आज भी हमारे देश की लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। यूनिसेफ की एक जानकारी के अनुसार देश में 1.96 करोड़ आवासों में फ्लोराइड और आर्सेनिक युक्त पानी उपलब्ध हो पा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन देश के 19 राज्यों के करोड़ों लोगों को मानक से अधिक फ्लोराइड युक्त पेयजल उपलब्ध होने की जानकारी दी है। इसके अतिरिक्त देश के कुल जिलों में से दो तिहाई पानी के अत्याधिक अभाव से प्रभावित हैं।

एक विशेष बात और है कि यदि यदि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो भी जाए तब भी पानी के रखरखाव में होने वाली लापरवाही के कारण शुद्ध जल भी अशुद्ध हो जाता है। अतः आमजन में पानी के रखरखाव संबंधी जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है।

# राहुल के आरक्षणास्त्र के मायने



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा के चुनाव अब कभी भी घोषित हो सकते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए राजनीतिक दल नए नए वायदे, पैंतरे और गठबंधन कर रहे हैं। इस क्रम में देश और दुनियां ने अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रामास्त्र देखा, जिसका भारी प्रभाव पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल और 'इण्डिया' गठबंधन का प्रथम दृष्ट्या अगुवा है। अयोध्या में राम और उनके मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा आदि का कोई दल खुलकर विरोध नहीं कर सकता और जो करेगा वह घाटे में रहेगा, अतः भाजपा की इस बढ़त का तोड़ निकालने के लिए विपक्ष तरह-तरह के उपाय कर रहा है।

इसमें से एक राहुल गांधी की सद्यः कृत यह घोषणा है कि यदि उनका गठबंधन सत्ता में आया, तो वे आरक्षण की सुप्रीमकोर्ट द्वारा तय 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा को समाप्त कर देगा। ऐसा कहकर उन्होंने कथित पिछड़ी जातियों का अधिक वोट प्रतिशत अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी केस में अपने निर्णय में यह सीमा निर्धारित की है, जिसे अधिक्रांत करना दुरूह और झंझट भरा है। इसके लिए यदि अपेक्षित बहुमत से कानून पारित कर किसी तरह संविधान की नवीं अनुसूची तक पहुंचा भी दिया गया, तो भी सुप्रीमकोर्ट कह चुकी है कि ऐसे नवीं सूची वाले कानून का भी वह न्यायिक पुनरीक्षण कर सकेगी, यदि इससे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन होता है। ऐसे में यह घोषणा मतदाता को केवल सब्ज़बाग दिखाना ही है। साथ ही इससे जाति विद्वेष बढ़ेगा। प्रतिभा के असम्मान में वृद्धि होगी, जिससे राष्ट्रीय क्षति होगी। सामान्य वोट बैंक नाराज होकर दूरी बनाएगा। यानी राहुल और उनकी कांग्रेस छब्बे बनने की बजाय दुबे रह जाएंगे। वे बार-बार भारत जोड़ो यात्राएं कर रहे हैं, किंतु जातीय आरक्षण की वृद्धिकारक नीति तो भारत तोड़ो के समतुल्य होगी। कांग्रेस कह रही है, 'जितनी आबादी उतना हक'।

तो ऐसे में फिर भारत एक सुगठित राष्ट्र कैसे माना जायगा? तब तो यह तमाम जातियों को जोड़ कर पैबंद लगी कथरी ही होगा। हम राहुल को याद दिला दें कि जिस सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश की बदौलत ही वे आज सांसद पद पर टिके हैं,उसकी नौ जजों की पीठ के बहुमत निर्णय को पलटने की वे सोच ही कैसे रहे हैं? समय की मांग तो यह है कि शुरू में केवल 10 साल के लिए की गई आरक्षण व्यवस्था की अब समीक्षा की जाय और संविधान का अनुच्छेद 14 सही मायने में प्रभावी हो, जिसमें 'समानता' का सिद्धांत संरक्षित है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके मातृ संगठनों जनसंघ और संघ का कभी नारा था 'सब हैं भारत मां के लाल। आरक्षण का कौन सवाल'। कुछेक वर्ष पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा भी था कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए, लेकिन अब कहीं किसी कोण से इस बिंदु पर विचार होता नहीं परिलक्षित हो रहा है, जो दुःखद है।

## आपका पत्र

# कानूनी एकता का वाहक सीएए

समान नागरिक संहिता कानून को लागू कर उत्तराखंड ने देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। यह कानून सबके हित में रहेगा। समान नागरिक आचार संहिता समय की आवश्यकता भी है, क्योंकि भारत के अधिकांश प्रदेशों में विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति के लोगों का संगम है। ऐसे में जाति/धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग कानून किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं न्यायिक नहीं कहा जा सकता। इसलिए जरूरी है कि समान नागरिक संहिता को प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा सरकार के अलावा विपक्ष के विधायकों द्वारा भी स्वेच्छा से स्वीकार करना चाहिए। हर किसी बात पर अनावश्यक रूप से राजनीति करना उचित नहीं है। सही को सही और गलत को गलत कहना चाहिए, चाहे वह किसी भी दल के नेता हो। वर्तमान में राजनीति की स्थिति ऐसी हो गई है कि भाजपा की केंद्रीय सरकार जनता के फायदे में जो भी फैसला लेती है, विरोधी दल के नेता किसी न किसी बहाने उनके लिए गए जनहित के फैसलों पर भी आलोचना अथवा कमियां निकालने लगती है। हमारा मानना है कि जनता के फायदे व राष्ट्र के हित के लिए यदि कोई भी सरकार देश हित के लिए फैसले लेती है तो बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंता के सभी दलों को इस प्रकार के निर्णय और कानून का न केवल स्वागत करना चाहिए वरन उनका पालन करने में भी जनता को भी जागरूक चाहिए। समान नागरिक संहिता कानून के तहत बिना रजिस्ट्रेशन लिव इन रिलेशन में रहने से पर जेल जाने का प्रावधान वास्तव में बहुत ही अच्छा का निर्णय है। सरकार का कानून युवक और युक्तियां में अनावश्यक रूप से बढ़ रही चरित्रहीनता के कदमों को रोकने में महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही समान नागरिक संहिता से देश में कानूनी एकरूपता आएगी।

**- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,** कपिल कॉलोनी मुखानी हल्द्वानी ।

# हल्द्वानी में हिंसा

**4:30** बजे नगर निगम, प्रशासन की टीम पुलिस फोर्स के साथ मलिक का बगीचा पहुंची

**300** से ज्यादा पुलिसकर्मी प्रशासनिक अधिकारी व लोग पथराव और आगजनी में हो चुके हैं घायल, शहर में लगा कर्फ्यू

## दंगाईयों ने महिलाओं और बच्चों को ढाल बनाकर किया हमला

# नारेबाजी, पथराव और आगजनी



संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल को ढहाने पहुंचे। स्थानीय लोगों ने पहले तो विरोध किया और बाद में हिंसा पर उतारू हो गए। पत्थर बरसाए, वाहनों में आग लगाई। पुलिस और प्रशासन के साथ ही पत्रकार भी घायल हुए। यहां तक की पत्रकारों को भी मारा गया। दंगाइयों ने बच्चों और महिलाओं को ढाल बनाकर पुलिस प्रशासन पर हमला किया।

बनभूलपुरा में अपरान्ह चार बजे अवैध धार्मिक स्थल को गिराने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीम पहुंच गई। साथ ही पुलिस बल भी पहुंच गया। लोगों ने इसका विरोध करना शुरू किया जबकि हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी साबित हो गया कि धार्मिक स्थल सरकारी भूमि में अवैध रुप से बनाए गए हैं। पहले तो महिलाओं समेत अन्य लोगों ने मौखिक तौर पर विरोध जताना शुरू किया लेकिन बाद में स्थिति खराब हो गई। मलिक के बगीचे की तरफ आने वाली सभी गलियों को लोगों ने घेर लिया और पत्थर बरसाना शुरू कर दिए। पहले तो पत्थरों से हमला होता रहा। पत्थरों की चपेट में आकर कई पुलिसकर्मी, नगर निगम और प्रशासन के कर्मचारी घायल हो गए। पत्थरों की हो रही बारिश को रोकने के लिए पुलिस ने शील्ड का सहारा लिया लेकिन भीड़ पूरी तरह से बेकाबू हो गई। घरों से भी पत्थर आने लगे। पत्थर मारने वालों में महिलाएं, लड़कियों के अलावा बच्चे भी थे।

इधर इमारतों को ढहाने के लिए जेसीबी को लगा दिया गया। जेसीबी ने धार्मिक स्थल को ढहाने का काम नहीं रोका। हालांकि पत्थरबाज पत्थर बरसाते रहे। साथ ही आगजनी भी शुरू कर दी गई। नगर निगम के ट्रैक्टर को आग लगा दी गई। बाइकों को उठाकर उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। लोगों को निशाना बना-बनाकर पत्थर बरसाये जा रहे थे। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े लेकिन दंगाई भीड़ पर कुछ भी असर नहीं हो रहा था। लग रहा था बनभूलपुरा के सभी लोगों ने मलिक के बगीचा को घेर लिया। बाद में कार्रवाई पूरी होने के बाद पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम, प्रशासन के कर्मचारियों के साथ ही अन्य लोग भी निकले।



अवैध इमारत को तोड़ती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार



घायल दरोगा को ले जाते साथी पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



बेस अस्पताल में डॉक्टर से जानकारी लेती जिलाधिकारी वंदना सिंह।



हल्द्वानी में बवाल के बाद काशीपुर में गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को घेरा... और हर घर से चले पत्थर

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में दंगाइयों और पत्थरबाजों ने इंतहा कर दी। इन पत्थरबाजों को देखकर जम्मू-कश्मीर के वो पत्थरबाज जेहन में आ गए, जो चेहरा छिपाकर पत्थर चलाते देखे जाते थे। ऐसा ही यहां हुआ आगजनी कर गलियां बंद की गईं और पुलिस-प्रशासन व पत्रकारों को घेर लिया गया। इसके बाद कौन सा पत्थर कहां से आ रहा था, कुछ पता नहीं चल रहा था। इन दंगाइयों ने नाम पूछ-पूछ कर लोगों को निशाना बनाया।

करीब साढ़े तीन बजे पुलिस की टीम पीएसी के साथ मलिक का बगीचा में पहुंची और अचानक की लोगों की भीड़ भी। विरोध के बीच अवैध मस्जिद और मदरसे को ढहाने की कवायद शुरू हो गई। इस कवायद के साथ पथराव शुरू हुआ, जो होता ही रहा। जैसे-जैसे शाम नजदीक आनी शुरू हुई तो पुलिस भी भांप गई कि अब भीड़ से मोर्चा लेना मुश्किल होगा, क्योंकि हर घर से पत्थर चल रहे थे। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और जवाबी कार्रवाई की, लेकिन हालात बिगड़ते गए। इसके बाद टीम ने इलाका छोड़ने में भलाई समझी, लेकिन तभी पत्थरबाज हावी हो गए। जान बचाकर भागती पुलिस और प्रशासन की टीम जिस गली से गुजरे, वहां से पत्थरबाजों ने उन्हें निशाना बनाया। जो पीछे छूट गए, उन्हें दंगाइयों ने पकड़ लिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर डाला। अमृत विचार के पत्रकार संजय कनेरा और एक अन्य पत्रकार कुलदीप रौलेता के साथ ऐसा ही हुआ।

### पुलिस प्रशासन से हुई कुछ चूक, नहीं बरती गई सावधानी

बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने अपनी छवि सिंघम की तरह बना रखी है, लेकिन भीड़ में सबसे पहले घिरने वाले भी वही थे। वो नाराज भीड़ को समझा नहीं पाए और फिर उन्हें ही पीछे हटना पड़ा। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने स्लाइडिंग बैरियर लगाए थे ये मूर्खता थी। इतना नही वहां जमीन पर ही चारों ओर पत्थर ही पत्थर बिखरे थे। इन पत्थरों को हटा दिया जाना चाहिए था, लेकिन हटाया नहीं गया। भीड़ का नेतृत्व कर रहे अरसद और तस्लीम ने नीरज भाकुनी को घेर रखा था। भारी भीड़ तंग गलियों में खड़े लोगों को उकसा रही थी। कुछ ही देर में धार्मिक नारे भी गूंजने लगे।



बेस अस्पताल में घायल पत्रकार संजय कनेरा।

### चाहो तो सीने पर गोली चला दो पर नहीं ढहाने देंगे इमारतें

नजूल की जमीन पर बने धार्मिक स्थल को लोग अपना हक मान बैठे हैं। भीड़ जब बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी को घेरे हुए थी, तब भीड़ के बीच से ही लोग पुलिस को चैलेंज कर रहे थे। कह रहे थे कि एके-47 लेकर आए हो तो हमारे सीने पर चला, लेकिन एक भी इमारत को ढहाने नहीं देंगे।

### क्या महिलाएं और क्या बच्चे, हर हाथ में पत्थर

चार घंटे से अधिक वक्त तक लगातार पथराव चला। हर घर से पुलिस-प्रशासन पर पत्थर बरस रहे थे। क्या महिलाएं और क्या बच्चे, हर हाथ में पत्थर था। मकानों की तीन मंजिल पर खड़ी महिलाएं न सिर्फ पत्थर चला रही थीं, बल्कि काट डालने को धमका रही थीं।

## सुनियोजित षड्यंत्र था दंगा गहरी थी दंगाइयों की व्यूह रचना



बैरिकेड्स तोड़कर घुसने की कोशिश करती भीड़। ● अमृत विचार

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा में दंगा अकस्मात नहीं था। ये एक सुनियोजित षड्यंत्र था। पुलिस-प्रशासन, नगर निगम और पत्रकारों को घेर कर मार डालने के लिए दंगाइयों ने तंग गलियों वाले बनभूलपुरा में चक्रव्यूह रच डाला था। किसी सूरत पुलिस ने इस चक्रव्यूह को भेदा और निकलने में कामयाब हो गई, लेकिन लहूलुहान हालत में।

भारी विरोध के बावजूद जब नगर निगम की जेसीबी नहीं रुकी तो दंगाइयों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और पत्रकारों को चक्रव्यूह में फंसाने की योजना बना ली। इधर, पूरा दल-बल अवैध मस्जिद और मदरसे को ढहाने में जुटा था बनभूलपुरा के दंगाई घटना स्थल के आस-पास वैसा ही चक्रव्यूह रच रहे थे, जैसा महाभारत में अभिमन्यु के लिए कौरवों ने रचा था। मलिका का बगीचा की ओर जाने वाली हर गली को बंद कर दिया। गलियों में रखे स्लाइडर बैरियर को टेढ़ाकर गली में खड़ा कर दिया और बीच सड़क बाइकों में आग लगाकर रास्ता बंद कर दिया, ताकि अवैध निर्माण ढहाने पहुंचे लोग बाहर न निकल सकें और हुआ भी वही।

भारी पथराव के बीच जब पुलिस ने बाहर निकलने का प्रयास किया तो दंगाइयों के रचे इस चक्रव्यूह में फंस गए। जिसका फायदा उठाते हुए दंगाइयों ने चिह्नित कर पत्थर चलाए और पथराव में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। कुछ लोगों को जिंदा फूंकने की कोशिश भी की गई। इन सबके बीच नगर निगम की जेसीबी चक्रव्यूह को तोड़ने में कामयाब हो गई। जिसके बाद बचते-बचाते लोग गलियों और सड़कों, छज्जों की आड़ लेते गांधीनगर पहुंचे। तब जाकर जान बच सकी।

### डीएम ने किया निरीक्षण

डीएम वंदना सिंह ने देर रात मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने आगजनी में जला बनभूलपुरा थाना, वाहनों आदि को देखा। उन्होंने जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके बाद उन्होंने बेस अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए।

### बस अड्डे को कराया खाली

दंगे के तुरंत बाद हल्द्वानी बस अड्डे को प्रशासन ने खाली करा दिया। हल्द्वानी व काठगोदाम से 8 बजे बाद रवाना होने वाली सभी बसों को निरस्त कर दिया गया है। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि रात्रि 8 बजे बाद सभी बसों का संचालन रोक दिया गया है अग्रिम आदेशों तक संचालन बंद रहेगा।



दंगाइयों द्वारा गली में जलाई गई बाइक और फेंके गए पत्थर। ● अमृत विचार



मलिक के बगीचे में इमारत को ध्वस्त करने जा रही पुलिस को रोकने की कोशिश करते बलवाई।

### ससम्मान कुरान शरीफ को महफूज जगह पहुंचवाया

जेसीबी जब मदरसा व मस्जिद को ध्वस्त कर रही थी कि इस बीच एक युवक ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय से कुरान शरीफ निकलवाने की मांग की। इस पर आयुक्त उपाध्याय ने उस युवक को इजाजत दी और ससम्मान कुरान शरीफ को वहां से नजदीकी घर में पहुंचवाया हालांकि इस दौरान चारों तरफ उपाध्याय व पुलिस फोर्स पर चारों तरफ से पथराव हो रहा था।

### घायल और हताहत लोगों के साथ मेरी संवेदनाः विधायक सुमित

विधायक सुमित हृदयेश ने बनभूलपुरा मामले में कहा की आजादी से लेकर आजतक हल्द्वानी में कभी भी इस प्रकार की घटना नहीं हुई है, यहां हमेशा अमन चैन और एकता का माहौल रहा है। हाईकोर्ट ने इस प्रकरण की सुनवाई की तारीख आगामी 14 फरवरी को दी थी परंतु फिर भी शासन प्रसाशन ने जल्दबाजी करके इस कृत्य को अंजाम दिया है। मेरी मुख्यमंत्री से फोन में वार्ता हुई है और उनका पूरे प्रकरण के बारे में बता दिया गया हैं। जितने भी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस कर्मी एवं स्थानीय नागरिक इस कृत्य में घायल और हताहत हुए हैं मेरी संवेदना उनके परिवारजनों के साथ हैं। मेरी सभी शहरवासियों से अपील है की किसी भी प्रकार की अफवाओ में गौर ना करे और शांति व्यवस्था बनाने में अपना पूर्ण योगदान दें।

### पत्रकारों के वाहन फूंके जमकर की गई मारपीट

बनभूलपुरा के दंगाइयों ने पत्रकारों को चिन्हित करके और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया। प्रेस लिखे वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जिन पत्रकारों के गले में प्रेस कार्ड लटके थे उन पर निशाना बनाकर पत्थर बरसाये। दो पत्रकारों को घेर कर बुरी तरह मारा। दो कैमरामैनों के कैमरे तोड़ दिए गए और उन्हें मारा भी गया। संभावना है कि बनभूलपुरा के उन लोगों का भी हाथ रहा जो लोग पत्रकारों को जानते थे।

### एक स्टांप पर खरीदी सरकारी जमीन और कर लिया कब्जा

**हल्द्वानी।** मलिक का बगीचा में नगर निगम और प्रशासन की कार्रवाई के दौरान यहां रहने वाले लोग जमीन और मकान के मालिकाने हक का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जमीनों के अवैध कब्जेदारों ने इनको लाखों रुपये में जमीन बेची और अब जब प्रशासन अतिक्रमण हटा रहा है तो अवैध कब्जेदार जमींदारों की तरह धौंस दिखा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार यहां बड़े पैमाने में सरकारी जमीनों पर कब्जा करके उन्हें बेचा गया है और करोड़ों रुपयों की कमाई की गई है। अब परेशान वे लोग हैं, जिन्होंने उन खरीदी गई जमीनों पर भवन बना लिए हैं और उनके भवन अतिक्रमण की जद में आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि यहां कुछ रसूखदारों लोगों के पास सालों से जमीनों के कब्जे थे। उन्हें राजनीतिक शह भी थी। वही लोग लाखों रुपये लेकर जमीन पर उन्हें कब्जा दे देते थे। औपचारिकता के तौर पर एक स्टांप पर इस इकरारनामे को लिखा जाता था, हालांकि उस स्टांप की नोटरी भी नहीं कराई जाती थी। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का भी कहना है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अपना स्वामित्व कैसे बता सकता है। यहां सरकारी जमीन को बेचने का खेल सालों से चल रहा है। सरकारी जमीनें बेचकर करोड़ों रुपये कमाने वालों का कोई नाम नहीं बता पा रहा है। यहां तक की जिन्होंने जमीनें खरीदी हैं वह भी ठीक से नाम और पता नहीं बता पा रहे हैं।



भीड़ को भड़काने वालों को पकड़कर ले जाती पुलिस का विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

**नाकामी** एक हफ्ते से बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में रेकी कर रहा था पुलिस का खुफिया तंत्र

## कहासुनी से शुरू हुआ पत्थरबाजी तक पहुंचा माहौल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हुआ वही जिसका अंदेशा था, लेकिन पुलिस, खुफिया और इंटेलीजेंस बनभूलपुरा के माहौल को भांप नहीं पाई। न तो पुलिस ने फोर्स का इंतजाम किया था और न ही अपने बचाव का हुआ। कहासुनी से शुरू हुआ विरोध देखते-देखते पथराव और आगजनी में तब्दील हो गया। फिर जैसे ही शाम ढली तो पुलिस को अपनी ही जान बचाने के लाले पड़ गए।

मलिक का बगीचा में बने अवैध मदरसा और मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई बीती 28 जनवरी से शुरू हो गई थी और तब भी मुसलमानों ने विरोध किया। एक नोटिस का हवाला देकर तब प्रशासन कार्रवाई रोक दी थी, लेकिन मस्जिद और मदरसे को सील कर दिया। इसके खिलाफ भी मुस्लिम महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया था और नमाज और दुआ शुरू कर दी थी। इन सबके बीच जिला पुलिस ने क्षेत्र में खुफिया और इंटेलीजेंस को एक्टिव कर दिया था। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। इधर, जब नोटिस का निस्तारण किया गया और यह साफ हो गया कि जिस जमीन पर मस्जिद और मदरसा बना है वो नजूल की जमीन है। जिसके बाद टीम ध्वस्तीकरण के लिए मलिक का बगीचा पहुंच और वो भी आधी-अधूरी तैयारी के साथ।



धार्मिक स्थल के गेट पर बैठे लोगों को हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

### संवेदनशील परिस्थितियों को संभाले प्रशासन

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि अतिक्रमण तोड़ने से पूर्व हर वर्ग के शीर्ष लोगों के साथ बैठक कर ऐसे संवेदनशील स्थलों पर कार्रवाई करनी चाहिए। बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों को विश्वास में लेकर कार्यवाही करनी चाहिए थी। शहर का वातावरण सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए उस क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक जरूरी है। हल्द्वानी बाजार का असर पूरे कुमाऊं मंडल के साथ प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी पड़ता है, इसलिए प्रशासन को माहौल तुरंत सामान्य करने की पहल करनी होगी।

# कच्चे घर की दीवार ढही, मलबे के नीचे दबने से पिता-पुत्र की मौत

## घर के बाहर धूप सेंकने के दौरान दीवार गिरने पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कांट (शाहजहांपुर)


परमानंद


प्रेमपाल

▸▸ बेटे की मौके पर जान गई तो पिता की अस्पताल लाते समय मौत

**अमृत विचार :** जिस घर में पिता-पुत्र वर्षों से रह रहे थे, उसी की दीवार उनके लिए काल बन गई। गुरुवार शाम दोनों घर के बाहर बैठकर धूप सेंक रहे थे। तभी अचानक दीवार पिता-पुत्र के ऊपर गिर गई। दोनों की मलबे में दबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

कांट क्षेत्र के गांव हसनपुर कूपा निवासी परमानंद (25) और उसके पिता प्रेमपाल (48) गुरुवार शाम 4 बजे अपने घर के बाहर बैठकर धूप सेंक रहे थे। इसी दौरान घर की दीवार उनके ऊपर गिर गई। दोनों उसके मलबे में दब गए। परिवार के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबा हटाया। तब तक परमानंद की मौत हो चुकी थी। प्रेम पाल घायल थे। सूचना पर सीओ सदर अमित चौरसिया और प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिंह पहुंचे। प्रेमपाल को जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। राजस्व टीम ने भी गांव पहुंचकर हादसे की जानकारी जुटाई। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया कि पिता-पुत्र के ऊपर अचानक कच्ची दीवार गिर गई थी। प्रेमपाल के तीन बेटों-दो बेटियों में परमानंद अविवाहित था, बटाई पर खेती करता था।

## एटीएस के हत्थे चढ़ा जाली नोट सप्लायर गैंग का मास्टर माइंड

**लखनऊ, अमृत विचार :** एटीएस ने बंगाल से जाली नोट लाकर उप्र में सप्लाई करने वाले गैंग के मास्टर माइंड को बुधवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से डेढ़ लाख रुपये से अधिक जाली नोट बरामद किया गया है। गिरफ्तार सरगना, प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र का निवासी अच्छे लाल चौरसिया उर्फ बच्चा है। बीते दिनों एटीएस के हत्थे चढ़े इस गैंग के चार सदस्यों से पूछताछ में मिली सूचना के आधार पर उसको पाण्डेयपुर (वाराणसी) से पकड़ा गया है। एटीएस के मुताबिक अच्छे लाल चौरसिया जाली नोट सप्लायर गैंग बना रखा है। वह मालदा क्षेत्र (पश्चिम बंगाल) के जाली नोट के तस्करों के संपर्क में था।

# स्कूल वैन ट्रक में घुसी, एक छात्र की मौत, 9 घायल

कानपुर कार्यालय

▸▸ बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र में ग्राम सरैया के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर लोडर की टक्कर से आगे चल रही स्कूल वैन पीछे से ट्रक में घुस गई जिससे वैन के परखच्चे उड़ गए। एक छात्र (13) की मौत हो गई और आठ बच्चे घायल हो गए।

वैन चालक भी घायल है। पांच घायल बच्चों को हैलट अस्पताल और तीन को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिसमें दो की हालत गंभीर है। स्कूल अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल का है जो केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मां हैं। जिलाधिकारी और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य की निगरानी में घायल बच्चों का इलाज किया जा रहा है। गुरुवार दोपहर तीन बजे अरौल क्षेत्र स्थित डॉ सोनेलाल पटेल एजुकेशन सेंटर की छुट्टी हुई थी। 13 छात्र-छात्राओं से भरी एक स्कूल वैन चालक हरिओम कटियार लेकर जा रहा था। सरैया गांव के सामने कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर एक ट्रक धीमी गति से चल रहा था। तभी पीछे से आए लोडर ने स्कूल वैन में टक्कर मार दी जिससे वैन बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। वैन की छत, दरवाजे के परखच्चे उड़ गए और वैन पिचक गई। सड़क पर घायल बच्चे, उनके बैग, बोतल और अन्य सामान बिखर गया। आस-पास के ग्रामीणों और राहगीरों ने बचाव कार्य शुरू किया। थोड़ी देर में पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंची।

## सार-संक्षेप

### निलंबित शिक्षिका मामले में रुहेलखंड विवि के कुलपति के आदेश को किया रद

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद की निलंबित शिक्षिका के मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें बहाल करने के कुलपति के आदेश को रद कर दिया और प्रबंधन समिति को इस आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से 3 सप्ताह के भीतर नए सिरे से जांच समिति का गठन करने का निर्देश दिया है। समिति में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों को शामिल करने का भी सुझाव दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि इसके अलावा जांच समिति ने अब तक जिन गवाहों की जांच की है उन्हें एक तारीख तय कर फिर से बुलाया जाए और डॉक्टर सुधा गर्ग को प्रत्येक गवाह से जिरह करने का अवसर दिया जाए। जिरह प्रक्रिया पूरी होने के बाद जांच समिति अपने गठन के 3 महीने के भीतर प्रबंधन समिति को नए सिरे से रिपोर्ट सौंपेगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने कमेटी ऑफ मैनेजमेंट, हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद और उक्त कालेज में जीव विज्ञान विभाग की निलंबित विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा गर्ग की याचिकाओं का एक साथ निपटारा करते हुए पारित किया।

### ईयर फोन लगाकर जा रही थीं महिलाएं ट्रेन की चपेट में आईं

**आगरा, अमृत विचार :** यमुना ब्रिज रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह गंभीर हादसा हो गया। रेलवे ट्रैक पार करते समय दो महिलाएं ट्रेन की चपेट में आ गईं। एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरी की हालत गंभीर है। आरपीएफ चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना सुबह साढे.नौ बजे के आसपास की है। मरुधर एक्सप्रेस स्टेशन पर आ रही थी। तभी दो महिलाएं सना और मधु अलग-अलग रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। तभी दोनों ट्रेन की चपेट में आ गईं। हादसे में एत्माद्दौला के अब्बास नगर की रहने वाली सना की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि वो फोन पर बात करते हुए जा रही थी। जबकि सुशील नगर की रहने वाली मधु गंभीर रूप से घायल हो गई। सना स्टेशन के पास की रहने वाली थी। मौके पर उसके परिजन आ गए। वह शव अपने साथ ले गए। मधु को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर है। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर लोगों की भीड़ लग गई। बताते हैं कि दोनों किसी फैक्ट्री में काम करती थीं।

### फर्जी शपथपत्र: डीआईओएस और बाबू पर रिपोर्ट

**आगरा, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक फर्जी शपथपत्र तैयार कराने के आरोप में घिर गए हैं। उनके व कार्यालय के बाबू नवीन गुप्ता के खिलाफ थाना नाई की मंडी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एंग्लो बंगाली कन्या इंटर कॉलेज का मामले में डीआईओएस पर आरोप लगे हैं। सुरौठी निवासी भूपेंद्र कुमार ने नाई की मंडी में एफआईआर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि डीआईओएस दिनेश कुमार और उनके कार्यालय सहायक नवीन कुमार गुप्ता ने कॉलेज के प्रबंधक देवजीत घोष पर दबाव बनाने के लिए एक जुलाई 2023 को फर्जी शपथ पत्र तैयार किया। इन्होंने शपथ पत्र के बिंदु नंबर 5 पर लिखा कि डाक प्रेषण पंजिका तीन जुलाई तक कार्यालय के बाबू केएम त्यागी पर रही। उनका आरोप है कि डीआईओएस को एक जुलाई को ये कैसा पता चला कि 3 जुलाई तक पंजिका उक्त बाबू के पास रही। जिस पर प्रश्न उठाया है। इस शपथ पत्र के आधार पर डीआईओएस ने जेडी आगरा को कूटरचित आख्या भेज दी।

### 32 वें ताज महोत्सव में दिखेगी भारत अखंडता की झलक

**आगरा, अमृत विचार :** 31 वर्षों से जिले की शान ताज महोत्सव को प्रशासन धूमधाम के साथ आयोजित करता आ रहा है। इस बार 'विकसित भारत के संकल्प के संग, ताज महोत्सव के संग' की थीम पर ताज महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने बताया कि इस बार ताज महोत्सव में कई बदलाव किए गए हैं जिससे हर वर्ग और तमाम क्षेत्रों में रूचि रखने वाले देशी और विदेशी पर्यटक जुड़ सकें। उत्तर प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों की झलक के साथ साथ विदेशी कलाकार और संस्कृति प्रेमी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए पहली बार आगरा के मंच पर दिखाई देंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि सूर सदन प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकार एनएसडी के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां देंगे। गर्ल्स बाइक रैली, ताज कार रैली एवं कई कल्चरल एक्टिविटी भी आयोजित की जा रही हैं। ताज महोत्सव अंतर्गत यमुना किनारे घाटों पर महाआरती का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा।

# आजमगढ़ में सपा नेता पर गोलियां बरसाई, मौत

▸▸ अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, एसपी बोले-दोषियों पर लगेगा गैंगेस्टर

**एजेंसी, आजमगढ़ :** जिले के बरदह थानाक्षेत्र सैदपुर सुनैरा गांव के पास बदमाशों ने सपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक सोनहरा गांव निवासी रणविजय यादव उर्फ रानू (50) पूर्व प्रधान भी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों ने कई राउंड फायर कर सपा नेता को घायल कर दिया और वहां से भाग गए। स्थानीय लोग उन्हें सीएचसी मार्टिनगंज ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही जिले के एसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने घटनास्थल का दौरा कर मामले के खुलासे के निर्देश दिए हैं। इस हत्या के पीछे चुनावी रंजिश का मामला सामने आ रहा है।

पूर्व ग्राम प्रधान और सपा नेता रणविजय यादव उर्फ रानु (50) गुरुवार की शाम तहसील मार्टिनगंज से बुलेट बाइक से सब्जी लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान मार्टिनगंज-कमलापुर सड़क मार्ग पर सोनहरा मोड़ पर घर के रास्ते पर अज्ञात बाइक सवार मोड़ पर अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक करके उन्हें रोक लिया। इसके बाद कई राउंड फायर किये जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। इस दौरान बाइक सवार बदमाश असलहा लहराते हुए भाग निकले और उधर तड़प रहे रणविजय को लेकर स्थानीय लोग सीएचसी मार्टिनगंज पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे जिले के एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों से वार्ता की गई है। वर्ष 2021 में गांव के अनिल यादव की हत्या हुई थी। अनिल यादव की हत्या में रणविजय यादव उर्फ रन्नू जेल गया था। इसके साथ ही आठ अन्य आरोपी भी जेल गए थे। परिजनों ने तीन लोगों पर शक जताया। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। तीनों आरोपियों से पूछतॉछ की जा रही है। एसपी अनुराग आर्य का कहना है कि घटना में शामिल दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभी मामले में परिजनों से तहरीर प्राप्त की जा रही है।

## जीजा-साले बना रहे थे नकली पान मसाला, 40 लाख का माल पकड़ा

**आगरा, अमृत विचार:** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में बडे.पैमाने पर अलग-अलग ब्रांड का नकली पान मसाला बनाया जा रहा था। जीजा-साले लंबे समय से चोरी छिपे ये काम कर रहे थे। पुलिस ने करीब 40 लाख रुपए का नकली पान मसाला बरामद किया है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रांस यमुना अंतर्गत कालिंदी विहार में बडे.पैमाने पर नकली पान मसाला व गुटखा बनाया जा रहा है। इस पर ट्रांस यमुना पुलिस ने गोदाम पर छापा मारा। यहां पर राजश्री, विमल और गोल्ड मोहर के नाम से बडे. पैमाने पर नकली पान मसाला बनता हुआ मिला। इन कंपनियों के पैकिंग रेपर भी मिले। पुलिस नले यहां से राहुल जैन निवासी मुरैना व आदित्य निवासी फर्रुखाबाद को पकड़ा। वर्तमान में दोनों ट्रांस यमुना कॉलोनी के सी ब्लॉक में किराए पर रह रहे हैं। पुलिस ने गोदाम से राजश्री रैपर के छोटे बडे 13 रोल, तम्बाकू ब्लैक लेबल के छोटे बड़े 4 रैपर रोल, विमल का दो रैपर रोल, गोल्ड मोहर का एक रैपर रोल आदि जब्त किया।

# पिता-फूफा ने मफलर से गला दबाकर छात्रा को यमुना में फेंका

कार्यालय संवाददाता आगरा

**अमृत विचार:** बमरौली कटरा क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है। 16 वर्षीया छात्रा को रात में उसके पिता और फूफा ने यमुना नदी में फेंक दिया लेकिन छात्रा के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे बचा लिया। तहरीर पर पिता और फूफा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बमरौली कटारा क्षेत्र के समोगर घाट पर पीपों के पुल पर बुधवार रात करीब 2 बजे बाइक पर दो व्यक्ति और एक लड़की रुके। यहां ग्रामीणों ने अचानक आवाज सुनी। वहां मौजूद चार लोग बचाने के लिए यमुना में कूद गए। उन्होंने किशोरी को सकुशल बचा लिया। किशोरी ने बताया कि वो अलीगढ़ के अकबराबाद की रहने वाली है। उसकी ननिहाल एटा में है। वह कक्षा नौ में पढ़ती है। उसके पिता गुरुग्राम में काम करते हैं। वह और उसके फूफा उसे गुरुग्राम ले जाने के बहाने अपने साथ लेकर आए थे। पुल पर आकर उन्होंने बाइक रोकी। इसके बाद पीछे से उसके गले में मफलर डालकर दबा दिया। उन्हें लगा कि वह मर गई तो उसे नदी में फेंक दिया।

## आईपीएस मंजिल सैनी बनी आईजी सतर्कता अधिष्ठान

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने गुरूवार को दो आईपीएस अफसर को नई तैनाती दी है। इसमें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटी आईपीएस अफसर मंजिल सैनी को आईजी सतर्कता अधिष्ठान बनाया गया है। वहीं डीजीपी मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहे आईपीएस कासिम आबिदी को भी सतर्कता विभाग में नियुक्ति दी गई है। प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद मंजिल सैनी ने पुलिस महानिदेशक आफिस से ज्वाइनिंग दी थी।

# शत्रु संपत्ति: आजम व दोनों बेटों समेत 14 पर आरोप तय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने चमरौआ विधायक नसीर अहमद खां, पूर्व मंत्री आजम खां, उनके दोनों बेटे अदीब, अब्दुल्ला, पत्नी डॉ. तजीन फातिमा और बहन निकहत अफलाक समेत 14 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। जेल में बंद आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कोर्ट में रूबरू हुए। बाकी आरोपी कोर्ट में पेश हुए। अब इस मामले में 23 फरवरी को सुनवाई होगी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो लोगों की मौत हो चुकी है।

सपा शासन काल में आजम खां ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय का निर्माण कराया था। आरोप था कि आलिया गंजा स्थित 13.842 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति को जौहर विश्वविद्यालय में मिला लिया था। भाजपा सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश दिए थे। आरोप सही मिलने पर अजीमनगर थाने में मामला दर्ज हुआ था। इसमें बताया गया था कि जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इसके बाद पुलिस ने जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व मंत्री आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था।

## विविध

## एक नजर

### भारत को 'मिलन' नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारत 19 फरवरी से विशाखापत्तनम में नौ दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी करेगा। इस अभ्यास में लाल सागर में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं सहित अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल की पृष्ठभूमि में 50 से अधिक नौसेनाओं के भाग लेने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि यह नौसैनिक अभ्यास विशाखापत्तनम में होगा। इसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया की नौसेनाएं शामिल होंगी।

### असम में तीन लोस सीट के लिए आप के प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी लोकसभा चुनाव में असम की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की गुरुवार को घोषणा की । आप' के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने तीन उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि डिब्रूगढ़ से मनोज धनोहर, गुवाहाटी से भावेन चौधरी और सोनितपुर से ऋषि राज को उम्मीदवार बनाया गया है।

### पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर भाजपा में शामिल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और अन्य पार्टी नेताओं की मौजूदगी में गुरुवार को कांग्रेस नेता एवं राज्य के पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर सिंह भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश संगठन के अनुसार प्रदेश भाजपा कार्यालय में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा और जबलपुर महापौर जगतबहादुर अन्नू की उपस्थिति में श्री सिंह भाजपा में शामिल हुए। श्री शर्मा ने भगवा दुपट्टा पहनाकर श्री सिंह को पार्टी में औपचारिक तौर पर शामिल कराया।

### विश्व पुस्तक मेला कल से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 10 फरवरी से प्रगति मैदान में शुरू हो रहा है। शनिवार को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा पुस्तक मेले का उद्घाटन किया जाएगा जो विभिन्न देशों और भाषाओं के 1000 से अधिक प्रकाशकों की भागीदारी का साक्षी बनेगा।

# नई पीढ़ी जागरूक हो तो देश चंद्रयान बनाएगा, महादेव का धाम भी सजाएगा

## मोदी ने गोस्वामी प्रभुपाद जी के जयंती समारोह को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जब देश की नई पीढ़ी जागरूक हो तो ये स्वाभाविक है कि देश चंद्रयान भी बनाएगा और चन्द्रशेखर महादेव का धाम भी सजाएगा। श्रील भक्तिसिद्धान्त सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद जी की 150वीं जयंती के अवसर पर यहां के भारत मंडपम् में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि इस पुण्य आयोजन में आप सब संतों के बीच यहा उपस्थित हू और मैं अपना सौभाग्य मानता हूं कि आपमें से बहुत कई संतों के साथ मेरा निकट संपर्क रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रभुपाद गोस्वामी जी की 150वीं जयंती हम ऐसे समय में मना रहे हैं, जब कुछ ही दिन पहले भव्य राममंदिर का सैकड़ों साल पुराना सपना पूरा हुआ है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में श्रील प्रभुपाद की 150वीं जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए।

**मानवता के लिए लड़ना है**

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें युद्ध भी अपने लिए नहीं, बल्कि 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे' की भावना से मानवता के लिए लड़ना है और यही भावना हमारी संस्कृति में, हमारी रगों में रची-बसी हुई है। इसीलिए, भारत कभी सीमाओं के विस्तार के लिए दूसरे देशों पर हमला करने नहीं गया। जो लोग इतने महान दर्शन से अपरिचित थे, जो इसे समझे नहीं, उनके वैचारिक हमलों ने कहीं न कहीं हमारे मानस को भी प्रभावित किया।

आज आपके चेहरों पर जो उल्लास, जो उत्साह दिखाई दे रहा है, मुझे विश्वास है, इसमें रामलला के विराजमान होने की खुशी भी शामिल है। ये इतना बड़ा महायज्ञ, संतों की साधना से, उनके आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है।

उन्होंने कहा कि आज हम सब अपने जीवन में ईश्वर के प्रेम को, कृष्ण लीलाओं को और भक्ति के तत्व को इतनी सहजता से समझते हैं। इस युग में इसके पीछे चैतन्य महाप्रभु की कृपा की बहुत बड़ी भूमिका है। चैतन्य महाप्रभु, कृष्ण प्रेम के प्रतिमान थे। उन्होंने आध्यात्म और साधना को जन साधारण के लिए सुलभ बना दिया, सरल बना दिया।

## 95 फुट गहरे बोरवेल में गिरी महिला की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर संभाग के सवाईमाधोपुर में गंगापुरसिटी के बामनवास उपखंड क्षेत्र के गुडला गांव में करीब 95 फुट गहरे बोरवेल में गिरी महिला को निकलने के लिए चलाया गया। मंगलवार रात करीब सात बजे घर से शौच के लिए गई रामनगर ढोसी (बैरवा ढाणी) निवासी 25 वर्षीया मोना बाई उर्फ मोनिका के खेत पर बने खुले बोरवेल में गिरने का पता बुधवार सुबह चला जब उसकी चप्पल बोरवेल के मुंहाने पर खुली मिलीं। हादसे की सूचना के बाद पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंच एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम के साथ रेस्क्यू शुरू कराया लेकिन 10 घण्टे के रेस्क्यू के दौरान गुरुवार अलसुबह महिला के दम तोड़ देने की जानकारी के बाद रेस्क्यू आपरेशन को रोक कर दो एलटी मशीनों से बोरवेल के आसपास खुदाई कर महिला के शव को निकालने की कार्यवाही शुरू की गयी है। शव निकालने के लिये एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमो ने बोरवेल से 130 फुट दूर से खुदाई शुरू की है।

# 47 आईटीआई, पॉलिटेक्निक में पीएसपी से कौशल विकास करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के तमाम जिलों में बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के संचालन और प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग व कौशल विकास की प्रणाली को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्राइवेट सेक्टर पार्टनरशिप (पीएसपी) मॉड्यूल के आधार पर एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री के विजन अनुसार, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय (प्रशिक्षण प्रखंड) द्वारा पीएसपी मॉड्यूल को लागू करते हुए शिक्षण व ट्रेनिंग प्रोग्राम को बढ़ावा देने के लिए उचित एजेंसियों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, इन संस्थानों के समुचित कामकाज के लिए आवश्यक कर्मचारियों का वेतन, उपभोग्य वस्तुएं, बिजली, रखरखाव, अचल संपत्तियों (भूमि और भवन) से संबंधित सभी करों और लेवी का भुगतान पीएसपी द्वारा किया जाएगा। इन एजेंसियों द्वारा आईटीआई दो शिफ्ट में संचालित होंगे जबकि पॉलिटेक्निक में हर दिन एक शिफ्ट का संचालन होगा। आईटीआई और पॉलिटेक्निक के लिए भूमि और भवन के संदर्भ में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ ही प्रबंधन प्रणाली को भी विकसित करना होगा।

जिन 47 आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों में इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा उनमें मिर्जापुर (सदर), गोंडा (कर्नैलगंज), बहराइच (सलारपुर), शाहजहांपुर (नूरपुर तरसौरा व जलालाबाद), फर्रूखाबाद (कायमगंज), हरदोई (गोपामऊ), बस्ती, बलरामपुर (घुंघलपुर), बरेली (फरीदपुर) व बिजनौर (धामपुर) मुख्य हैं। इसके अतिरिक्त, कन्नौज (छिबरामऊ), मऊ (घोसी), बदायूं (बिलसी), रायबरेली (सलोन), , बांदा (पैलानी), श्रावस्ती (इकौना), कुशीनगर (कसया), चित्रकूट (बरगढ़), फतेहपुर (देवमई), बस्ती व बुलंदशहर समेत अन्य कई जिलों में अवस्थित आईटीआई व पॉलिटेक्नीक में पीएसपी मॉड्यूल को लागू करते हुए शिक्षण व ट्रेनिंग प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जाएगा।

## अन्नामलाई की समन रद करने की याचिका खारिज

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई को एक मामले में जारी समन को रद करने के लिए उनकी याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि नफरत भरे भाषण की परिभाषा के अंतर्गत किसी व्यक्ति या समूह पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर भी विचार किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने अन्नामलाई की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को यह समन वी पीयूष नाम के एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर जारी किया गया था, जिसने अन्नामलाई पर ईसाइयों के खिलाफ नफरत फैलाने वाला भाषण देने का आरोप लगाया था। अन्नामलाई पर आरोप है कि उन्होंने दीपावली से दो दिन पहले पटाखे फोड़ने के संबंध में 22 अक्टूबर, 2022 को एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ नफरत भरा बयान दिया था।

## पुलिस का कर्तव्य सुरक्षा करना है न कि उत्पीड़न :हाईकोर्ट

▸▸ एक याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने की टिप्पणी

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रतिष्ठित पदों पर नियुक्त अधिकारियों के द्वारा अपने पद और बल का दुरुपयोग करने पर चिंता जताते हुए कहा कि पीड़ितों की सुरक्षा करना पुलिस अधिकारियों का कर्तव्य है, लेकिन जब वह अपने पद का प्रयोग निर्बल की सुरक्षा के लिए ना करके उन्हें उत्पीड़ित करने के लिए करते हैं तो मामला गंभीर हो जाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकल पीठ ने अंशुल कुमार की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार पीड़िता का विवाह प्रशांत शर्मा नाम के एक व्यक्ति से हुआ था, जिससे उसने 2020 में तलाक ले लिया। इसके बाद कथित जीशान हाशिम नाम का एक व्यक्ति पीड़िता को परेशान करने लगा। जिसके खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत उसने प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच के दौरान पीड़िता याची के संपर्क में आई। मालूम हो कि याची उक्त मामले में जांच अधिकारी था। याची ने शादी का झूठा वादा करके उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया, जिसे दुष्कर्म के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

## समलैंगिक विवाद : 2013 के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई

# सुधारात्मक याचिकाओं को न्यायालय ने किया अप्रभावी

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि आपसी सहमति से समलैंगिकों के बीच बनाए गए यौन संबंधों को फिर से अपराध की श्रेणी में रखने संबंधी 2013 के फैसले के खिलाफ सुधारात्मक याचिकाएं 2018 के निर्णय को ध्यान में रखते हुए निरर्थक हो गई हैं। छह सितंबर, 2018 को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 के एक हिस्से को अपराध की श्रेणी से हटा दिया था, जिसके तहत सहमति से बनाए गए अप्राकृतिक यौन संबंध को आपराधिक कृत्य माना जाता था।



अदालत ने कहा था कि यह समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है और स्पष्ट रूप से मनमाना है। ये याचिकाएं नर्तक नवतेज सिंह जौहर और अन्य ने दायर की थीं। इससे पहले, 2013 में शीर्ष अदालत की दो-न्यायाधीशों की पीठ ने 2009 के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को खारिज कर दिया था, जिसमें आपसी सहमति से समलैंगिकों के बीच बनाए गए यौन संबंध को अपराध की श्रेणी से हटा दिया गया था। वर्ष 2013 के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं भी खारिज कर दी गईं और इसके बाद 2014 में सुधारात्मक याचिकाएं दायर की गईं।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि नवतेज सिंह जौहर मामले में बाद के फैसले ने इन सुधारात्मक याचिकाओं को निरर्थक बना दिया है, जिसमें सहमति से समलैंगिक यौन संबंध को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया था।

**क्या कहा प्रधान न्यायाधीश ने**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नवतेज जौहर मामले में दिए गए संविधान पीठ के फैसले के मद्देनजर यह सुधारात्मक याचिका निरर्थक हो गई है। समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने की मांग करने वाले इस मामले का कानूनी इतिहास काफी लंबा है। शुरुआत में गैर सरकारी संगठन नाज फाउंडेशन ने 2001 में दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर सहमति से वयस्कों के बीच बनाए गए समलैंगिक यौन संबंध को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने की मांग की थी। वह जनहित याचिका खारिज कर दी गई थी।

## ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत

**लखनऊ, अमृत विचार।** इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई क्लस्टर पार्क योजना के तहत रायबरेली, मऊ, प्रतापगढ़ और महोबा में औद्योगिक अस्थानों का शिलान्यास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत गोमती नगर लखनऊ में ट्रेड प्रमोशन सेंटर का शिलान्यास, खाद्य एवं प्रसंस्करण के अंतर्गत कौशाम्बी में केला और गोंडा में दाल एवं मक्का में ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही मिनी औद्योगिक अस्थान बिल्हौर कानपुर नगर, पचरावां रायबरेली और अयोध्या का उच्चीकरण, जिला उद्योग केंद्र कौशाम्बी, अमेठी और वाराणसी के नवीन भवनों का शिलान्यास किया। योगी ने अपने हुनर से अपना स्थान बनाने वाले श्रमसाधकों का सम्मान किया। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार, एसीएस अमित मोहन प्रसाद विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद रहे।

## ससुर ने पुत्रवधू से की शादी, पत्नी ने दिया शिकायती पत्र

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** फरिहा स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सफाईकर्मी ने अपनी पुत्रवधू से ही शादी कर ली। उसे लेकर चार महीने से शहर में रह रहा है। मामले की जानकारी होने के बाद पत्नी ने उसके विरुद्ध पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। वहीं बेटा भी रो-रोकर पुलिस से गुहार लगा रहा है।मूल रूप से जसराना के गाड़ीवान निवासी 45 वर्षीय शिल्पी वाल्मीकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सफाईकर्मी है। उसने 25 वर्ष पहले पहली पत्नी की मृत्यु होने के बाद रज्जो देवी से दूसरी शादी की थी। उससे उसके दो बेटे हुए। बड़े बेटे आकाश की शादी उसने पांच वर्ष पहले बिहार के सिवान निवासी युवती से की थी। एक साल पहले बेटा पत्नी को घर पर छोड़ कर प्रयागराज काम करने चला गया। कुछ माह पहले जब वह लौट कर आया तब पता चला कि उसके पिता व बहू के बीच अवैध संबंध हैं। आकाश ने बताया कि उसके पिता ने चार माह पहले उसकी पत्नी से कोर्ट मैरिज कर ली है। कर्मचारी की दूसरी पत्नी रज्जो देवी ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। इंस्पेक्टर बैजनाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सदन में गूंजा निकायों में वित्त आयोग को आवंटित धनराशि का मामला

## नगर विकास मंत्री ने कहा-निकाय संस्थाओं के विकास पर खर्च होने वाली धनराशि में कटौती नहीं हुई, जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने किया वाकआउट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विधानसभा में गुरूवार को समाजवादी पार्टी के सदस्य कमाल अख्तर, मनोज पांडेय और रविदास मेहरोत्रा ने शहरी और ग्रामीण निकायों के क्षेत्रों में राज्य वित्त आयोग द्वारा आवंटित होने वाली धनराशि को घटाए जाने व इस मद का पैसा दूसरी मदों में लगाए जाने का मामला उठाया।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सपा सदस्यों द्वारा उठाए गये इस मुद्दे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राज्य वित्त आयोग द्वारा निकाय संस्थाओं के विकास पर खर्च होने वाली धनराशि में कोई कटौती नहीं हुई। नगर विकास मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सपा के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

प्रश्न प्रहर के बाद शून्य प्रहर में सपा के सदस्य कमाल अख्तर सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि राज्य के अस्सी हजार जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का राज्य वित्त आयोग द्वारा हनन किया जा रहा है। शहरी और निकाय संस्थाओं के विकास, उसके कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन आदि की जो धनराशि राज्य वित्त आयोग द्वारा दी जाती है उस धनराशि का उपयोग अन्य मदों में किया जा रहा है।

सपा सदस्य कमाल अख्तर ने सरकार पर निकाय संस्थाओं के चुने गए जनप्रतिनिधियों के अधिकारों में भी कटौती की जा रही है। सपा के ही वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि जिस हिसाब से निकाय संस्थाओं का क्षेत्रफल बढा है उस हिसाब से राज्य वित्त आयोग द्वारा मिलने वाली धनराशि पर्याप्त होना तो दूर उसमें भी कटौती हो रही है। वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि का उपयोग अन्य मदो में किया जा रहा है। सपा के ही वरिष्ठ सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि तेरह साल से आबादी के हिसाब से धन आवंटन नहीं किया गया है। उन्होने कहा कि राजधानी लखनऊ में धनाभाव में नालों और सीवरों की सफाई नहीं हो पा रही है।

इस मुद्दे पर सपा के ही सदस्य इरफान ने मांग की कि प्रधानों के अधिकाधिक धन आवंटन किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वागीण विकास हो सके। जवाब में नगर



विकास मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप ही 6 नगरीय और 40 ग्रामीण निकायों को क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए पर्याप्त धनराशि दी जा रही है। निकाय संस्थाओ के विकास के लिए राज्य सरकार ने सीएमएनएसवाई योजना शुरू की है। जहां तक विपक्ष के सदस्यों का आरोप है कि निकाय संस्थाओं के विकास की धनराशि का गौशालाओं में किया जा रहा है तो ऐसा नहीं है। उसके लिए अलग से प्राविधान है।

**केवल डिग्री बांटने का काम कर रहे निजी विश्वविद्यालय :** गुरुवार को ही सपा के सदस्य इंजीनियर संचिन यादव ने राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक प्रस्तुत होने से पूर्व कहा कि निजी विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने का काम कर रहे है। इन निजी विश्वविद्यालों में प्रवेश और नियुक्तियों में आरक्षण नियमों की अनदेखी हो रही है। इन निजी विश्वविद्यालयों यूजीसी के मानकों की अनदेखी हो रही है। सरकार को चाहिए ऐसी व्यवस्था इन निजी विश्वविद्यालयों में होनी चाहिए कि इनमें अध्ययन का भी कार्य होना चाहिए। कांग्रेस की विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि 27 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके है। निजी विश्वविद्यालय अनियंत्रित हो गए है। मनमानी नियुक्तियां हो रही है और भारी भरकम फीस ली जा रही है। यूजीसी के नियमों की अवहेलना हो रही है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों पर सरकार का नियंत्रण होना चाहिए। सरकार को इस तरह की प्रभावशाली कमेटी बनानी चाहिए जो नियुक्तियों के साथ फीस निर्धारण का भी कार्य देखे। सपा के सदस्य अतुल प्रधान ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों पर सरकार अपना नियंत्रण होना चाहिए। उन्होने कहा कि शासन से यदि स्कालरशिप न मिले तो यह निजी विश्ववविद्यालय बंद हो जायेगे।

## विधान परिषद में मदरसा शिक्षकों के उत्पीड़न और मजदूरों की मजदूरी का मामला उठा

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान परिषद में गुरुवार को मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के उत्पीड़न, ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मजदूरी का मामला गूंजा। वहीं सपा के आशुतोष सिन्हा ने फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के सवाल उठाया, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया, प्रदेश में फार्मासिस्टों के 7080 पदों के सापेक्ष 6396 पद भरे हैं, 684 रिक्त पदों पर नियुक्ति व नव स्थापित 50 बेडेड अस्पतालों के लिए नियमानुसार अधियाचन भेजा है। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में सपा सदस्य शाहनवाज खान के एक सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा दवाएं प्रत्येक मरीज की जरूरत के अनुसार डाक्टर द्वारा अपने विवेक से लिखी जाती हैं। दवाएं कहीं से भी खरीदी जा सकतीं हैं। वैसे राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर द्वारा जेनरिक दवा ही लिखी जाती है। भोजनावकाश बाद डॉ .जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में सदन के कार्यसूची के मदों को निपटाया गया। सपा के लाल बिहारी यादव ने समाजवादी पेंशन बंद करने व अन्य खामियां गिनाते बजट का विरोध किया। वहीं मत्सय मंत्री संजय निषाद ने मछली उत्पादन में वृद्धि की जानकारी देते हुए कहा कि मछुआ कोष की स्थापना की गई है। उन्होंने बजट का समर्थन किया। शाम 05 .05 बजे अधिष्ठाता ने सदन शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। **धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें हटाई जाए :** शून्य प्रहर में नियम 115 में भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने धार्मिक स्थलों के पास से मांस की दुकानें बन्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश को सुनिश्चित कराने की सूचना दी। जिसमें कहा गया कि धार्मिक स्थलों के 50 मीटर के आस-पास मांस बिक्री की दुकानों को चिहिंत कर तत्काल हटवाया जाये। न्यायालय के इस आदेश का अभी अनुपाल नहीं हो पाया है। **मदरसा शिक्षकों की समस्या उठी :** शून्य प्रहर में सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्या, आशुतोष सिन्हा, डॉ .मानसिंह यादव, शहनवाज खान, मो .जासमीर अंसारी और मुकुल यादव ने प्रदेश में मदरसा के आधुनिकीकरण योजना के तहत मदरसा शिक्षकों के केन्द्रांश की राशि जारी कराने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षकों को निर्धारित वेतन का 60 प्रतिशत नही मिल रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा सरकार धर्म एवं पंथ के नाम पर भेदभाव कर रही है। जांच के नाम पर लगातार प्रताड़ना ठीक नहीं। लाल बिहारी यादव ने कहा मदरसा शिक्षक भीषण ठंड में भी बीती 18 दिसम्बर से इको गार्डेन में धरने पर बैठे हैं। सरकार की उपेक्षा से 21 हजार शिक्षक भुखमरी की कगार पर हैं। सत्ता पक्ष होने की वजह से भाजपा के मोहसिन रजा को पीठ ने बोलने से रोक दिया।

# बच्चों की खुशी से अधिक सामाजिक प्रतिष्ठा को महत्व देना चिंताजनक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **माता-पिता पारिवारिक तथा सामाजिक दबाव में अक्सर झूठी प्राथमिकी दर्ज कराते हैं**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आम जनमानस की गुलाम मानसिकता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज का काला चेहरा दिखाता है, जहां माता-पिता अपने बच्चों के प्रेम विवाह को अस्वीकार करते हुए पारिवारिक तथा सामाजिक दबाव में झूठी प्राथमिकी दर्ज कराते हैं। यह एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी हम सामाजिक पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रहे हैं।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने सागर सविता के खिलाफ आईपीसी की 363, 366 और पाक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत दर्ज मामले की पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग वाली याचिका को स्वीकार करते हुए की। याची के



अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची विपक्षी के साथ विवाह करने के बाद खुशी-खुशी पति-पत्नी के रूप में रह रहा था, लेकिन लड़की के पिता इस शादी से खुश नहीं थे, इसलिए उन्होंने याची के खिलाफ उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत पुलिस स्टेशन नदीगांव, जिला जालौन में प्राथमिकी दर्ज कराई। जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किया गया और और याची के खिलाफ समन भी जारी हुआ। इस मामले में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सामाजिक प्रतिरोध को संबंधों के निर्वहन में सबसे बड़ी बाधा माना जा सकता है। बच्चों की खुशी में ही माता-पिता की खुशी होती है। जब दोनों पक्ष सहमति से पति-पत्नी के रूप में खुशी से रह रहे हैं तो उनकी शादी को परिवार द्वारा भी अनुमोदन मिलना ही चाहिए। ऐसे में अगर परिवार बच्चों की खुशी से ज्यादा सामाजिक प्रतिष्ठा को महत्व देता है तो यह वास्तव में चिंता का विषय है और इससे बेवजह की मुकदमेबाजी को बढ़ावा मिलता है। वैसे भी उस व्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए, जिसने वयस्कता की आयु प्राप्त कर ली हो। अंत में कोर्ट ने यह माना कि याची पर मुकदमा चलाने से किसी उद्देश्य की प्राप्ति नहीं होगी। अतः मामले की पूरी कार्यवाही को रद्द करने का निर्देश दिया।

## स्वामी प्रसाद का मानसिक संतुलन ठीक नहीं: मनोज पांडेय

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर उनकी ही पार्टी के अंदर खींचतान है। इस बीच सपा नेता मनोज पांडेय ने स्वामी प्रसाद मौर्य को निशाने पर लिया। पत्रकारों से बात करते हुए सपा नेता मनोज पांडेय ने गुरुवार को स्वामी प्रसाद मौर्य की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके अनर्गल बयानों को लेकर पार्टी द्वारा उन्हें कई बार हिदायत दी जा चुकी है। लेकिन विक्षिप्त आदमी जब नहीं सुन रहा तो उसके लिए कोई कुछ नही कर सकता। वहीं अयोध्या धाम को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाले हर सनातनी का, हर हिंदू का सब धाम है। उन्होंने कहा कि जो आस्था रखता है, धाम उसका ही है। उन्होंने कहा कि धाम किसी की विरासत नहीं हुआ करती है।

# जांच की आंच में यूपी के कई मदरसे, नहीं भेजी गई आख्याएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों के कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए**

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड के रडार पर प्रदेश के जनपदों में संचालित कई मदरसे हैं। जानकारों का मानना है कि मदरसों की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए है। इसी को लेकर बोर्ड के जिम्मेदार गुणा-भाग में जुट गए हैं। हाल - फिलहाल बड़ी कार्रवाई को लेकर चचाएं गर्म हो चली हैं।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच को लेकर गत माह पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा की ओर से एक आदेश जारी किये गए। जिसमें कहा गया कि मदरसों के प्रबंधक, शिक्षक, कर्मी और संचालित शिक्षण संस्थान का सत्यापन और भौतिक जांच कराई जाए। 73 जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक समय सीमा देकर जांच की आख्या भेजने के लिए बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया। सूत्रों की मानें तो जांच के बढ़ते दायरे के बीच लखनऊ और बरेली मण्डल से जुड़े दो जनपदों में संचालित कुछ मदरसों में घालमेल सामने आए हैं, ऐसे में गुरुवार को लेकर विभागीय मंथन किया गया। रजिस्ट्रार कहती हैं कि जांच को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## कोडीन युक्त कफ सीरप का व्यौरा देना होगा हर हफ्ते

▸▸ **अपर मुख्य सचिव ने सीरप के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश जारी किए**

**लखनऊ, अमृत विचार :** दवा विक्रेताओं को कोडीनयुक्त कफ सीरप के स्टॉक का विवरण हर सोमवार को जिले के औषधि निरीक्षक को देनी होगी। अन्य प्रदेश में निर्मित सीरप को मंगाने या दूसरे राज्यों में बिक्री करने की दशा में भी संपूर्ण विवरण ड्रग कंट्रोलर को देना होगा। यह निर्देश अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त को लिखित दिए हैं। अफीम के पौधे से तैयार होने वाले कोडीन का उपयोग नशे के रूप में न हो सके, इसके लिए शासन ने कोडीन युक्त कफ सीरप का दुरपयोग रोकने व अवैध बिक्री पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने स्पष्ट किया है कि सीरफ को रखने वाले औधषि विक्रेता, स्टॉकिस्ट व सीएंडएफ एजेंट व हॉस्पिटल्स को हर हाल में हर सप्ताह के सोमवार को कफ सीरप का विवरण उपलब्ध कराना है। कितनी मात्रा में मंगाई और कितनी बिक्री हुई और मौजूदा स्टॉक का व्यौरा उपलब्ध कराना होगा। निर्देशों का अनुपालन न करने की दशा में दोषी विक्रेता फर्म के लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### आर-वॉलेट से ले सकेंगे अनारक्षित टिकट

**लखनऊ, अमृत विचार :** समय बचाने के साथ ही टिकट काउंटर पर फुटकर पैसे की समस्या को दूर करने के लिए रेलवे यात्रियों को ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से अनराक्षित टिकट उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए रेलवे गुरुवार को चारबाग रेलवे स्टेडियम पर जागरुकता अभियान चलाया और वहां मौजूद लोगों को इसकी जानकारी दी। बेहतर यात्री सेवा और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए रेलवे आर वॉलेट के माध्यम से यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा रहा है। खास बात यह है कि आर वॉलेट के माध्यम से टिकट खरीदने पर यात्रियों को 3 फीसदी टिकट सस्ता उपबल्ध होगा। रेलवे स्टेशन पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर भी इसकी जानकारी प्रसारित की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ रेखा शर्मा के अनुसार यदि यात्री टिकट लेने के बाद यदि उसे रद्द करता है तो भी कोई दिक्कत नहीं होगी। टिकट निरस्त होते ही धनराशि आर वालेट में वापस पहुंच जाएगी।

### रामलला दर्शन को पहुंचा इटली से दंपति

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या धाम में आस्था के पग थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इटली से एक दंपति गुरुवार को यहां रामलला का दर्शन करने पहुंचा। अल्बर्टो अपनी पत्नी इलोनोरा के साथ आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों यहां दो दिन रहकर अयोध्या को जानने का प्रयास करेंगे। इटालियन नागरिक अल्बर्टो ने अयोध्या धाम में आकर बहुत खुशी जाहिर की।



## जो जीतने की स्थिति में होगा उसे टिकट मिलेगा: अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि गठबंधन का प्रत्याशी जीत के आधार पर तय होगा। इंडिया गठबंधन जीत का गठबंधन है। जो जीतने की स्थिति में होगा उसे टिकट मिलेगा। देश की जनता भी यही चाहती है। जो जीत सके वहीं प्रत्याशी मैदान में आये। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि, भाजपा सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है।



# सिद्धार्थनगर में कुत्तों ने बालिका को नोच-नोचकर मार डाला

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▸▸ **बकरियां चराते समय कुत्तों के झुंड ने किया हमला**

**अमृत विचार :** जिले में आवारा कुत्तों ने एक बालिका पर हमला कर उसकी जान ले ली। इस घटना के बाद से गांव के लोगों में आक्रोश है। परिवारीजनों ने बताया कि तरन्नुम (10) गांव के पास खेत में बकरियां चरा रही थी, तभी उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद रहे बच्चों ने भागकर जब तक गांव में और घर में सूचना दी और लोग पहुंचते तब तक तरन्नुम की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक घटना इटवा थाना क्षेत्र के बरगदवा पश्चिम गांव की है।

यहां के निवासी आबिद की पुत्री तरन्नुम (10) कक्षा चार की छात्रा थी। गुरुवार शाम स्कूल से लौटने के बाद तरन्नुम गांव के पूरब सीवान में खेतों में बकरियों को चराने के लिए चली गई। साथ में कुछ अन्य बच्चे भी अपनी बकरियां चरा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी बच्चों के अनुसार तरन्नुम बकरियां चराने के दौरान खेत में बकरियों के लिए घास छांटने लगी, तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। वह जब तक उसे भगाती उसके साथ के सात आठ अन्य कुत्ते भी उस पर झपट पड़े। इसके बाद वह शोर मचाते हुए मदद की गुहार करते हुए भागी लेकिन डर के चलते अन्य बच्चे उसकी मदद नहीं कर सके। बच्चों ने भागकर घटना की जानकारी गांव में दी। इसके बाद ग्रामीण भाग कर मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया।

## वर्ग पहेली-337

**बाएं से दाएं**

1. छोटा लोटा। (मु.) –डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। –डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह, पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



### वर्ग पहेली - 336 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टँ | का | ई | | 2 ध | |
| | | | 3 ट | प | रा |
| | | 4 बु | ला | ना | |
| | | | ट | | 5 के |
| 6 को | ख | 7 ज | ली | | ला |
| | | ड़े | | | सी |
| 8 अँ | धि | या | री | | य |

### सुडोकू-54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | 6 | 8 | |
| 3 | | 2 | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | | 1 | | 7 | |
| | 9 | | | 2 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| | | 8 | | 9 | | | 2 | |
| | 5 | | 8 | | 3 | | | |
| 4 | 6 | | | | | 9 | | 8 |
| | | 7 | | 4 | | | 1 | |

### सुडोकू - 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 08 .02 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष** – आज जॉब में आपके ऊपर लक्ष्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। संतान की शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। करियर को लेकर एकाग्रचित्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थान-परिवर्तन हो सकता है। परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**वृष** – आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर होना फिलहाल आपके लिए उपयुक्त नहीं है। कारोबार में भी अत्यधिक लालच के कारण ग्राहक नाराज हो सकते हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहेगा। संकोच के कारण आप अपनी परेशानियों को भी शेयर नहीं कर पा रहे हैं।

**कर्क** – आज जीवनसाथी से अपने विचारों को साझा कर सकते हैं। वाणी में मधुरता की प्रशन्सा होगी। छोटी-मोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें। शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। विरोधी आपका अहित करने का प्रयास करेंगे।

**सिंह** – आज कारोबार की अधूरी पड़ी योजनाओं को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवादों को तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से आप सुलझा लेंगे।

**कन्या** – आज आत्मविश्वास के साथ सभी कार्यों में आगे बढ़ेंगे। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। संतान के व्यवहार से आप दुखी हो सकते हैं। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आप ख़रीदारी करने जा सकते हैं।

**तुला** – आज जॉब में आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। किसी कारणवश आपकी बदनामी हो सकती है। इसीलिए ऐसी स्थितियों को लेकर सावधान रहें। व्यापार में आप नये प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। स्वादिष्ट व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। आपके सभी रुके हुये काम एक के बाद एक पूरे होते जायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका यश बढ़ेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी अस्थिरता हो सकती है। आपको किसी के साथ भी अभद्रता नहीं करनी चाहिए। अपने से बड़ों की बात न टालें। माता-पिता की सलाह से नया काम शुरू करना आपके लिए शुभ होगा। सर्दी और कफ बढ़ने की समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। निर्माण संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। गृहस्थ जीवन में शांति रहेगी। लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। कोई रुकी हुई डील आज फाइनल हो सकती है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। गुस्से पर नियंत्रण रखें। शारीरिक रूप से कमजोर महसूस करेंगे। व्यवसाय में आपको कुछ प्रयोग करने से बचना चाहिए। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको प्राप्त होगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजेगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- श्रवण 23 .29 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिल ही तो है – सुबह : 09 .00
इंडियन – रात : 09 .00

SONY MAX
पति पत्नी और वो – सुबह : 11 .28
मेजर – रात : 09 .40

Utsav Gold
ओ तेरी – सुबह : 10 .00
यारियां – रात : 07 .00

ZEE CINEMA
चालबाज – सुबह : 09 .00
अनाड़ी नम्बर वन – रात : 07 .00

colors CINEPLEX
दोस्ताना – सुबह : 11 .34
स्वदेश – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे...
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए!

साला (जीजा से)–जीजा जी!
मेरी बहन तो गाय है गाय,
जीजा–फिर साले गौशाला में ही छोड़ आते,
मेरे साथ क्यों बांध दी...

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,428.43 | 21,717.95 |
| नुकसान | 723.57 | 212.55 |
| प्रतिशत में | 1.00 | 0.97 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 9 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रहेगी 7 प्रतिशत

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास बोले-उपभोक्ता मांग, निजी निवेश में हो रहा सुधार

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि परिवारों का उपभोग बढ़ने और निजी निवेश में सुधार से अगले वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, यह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष (2023-24) के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि ग्रामीण मांग में तेजी जारी है, शहरी खपत मजबूत बनी हुई है और पूंजीगत व्यय में वृद्धि के कारण निवेश चक्र रफ्तार पकड़ रहा है। निजी निवेश में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रबी बुवाई में सुधार, विनिर्माण क्षेत्र के लाभ में सतत वृद्धि और सेवा क्षेत्र में अंतर्निहित मजबूती से 2024-25 में आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिलेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### बैंकरों ने रिजर्व बैंक की 'संतुलित' मौद्रिक नीति का स्वागत किया

बैंकरों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय को 'संतुलित' बताते हुए इसका स्वागत किया। उनका कहना है कि इसमें मुद्रास्फीति की चुनौती के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की वृद्धि जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा, "मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का दरों और रुख को यथावत बनाए रखने का निर्णय अपेक्षित था। लेकिन नियामकीय निर्णय में डिजिटल मजबूती, ग्राहक केंद्रितता और मूल्य खोज की तलाश में एक व्यावहारिक और दृढ़ दृष्टिकोण रखा गया है।" सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक के प्रमुख एस एल जैन ने नीतिगत दर को यथावत रखने के आरबीआई के निर्णय को 'संतुलित' बताते हुए इसका स्वागत किया।

### रेपो दर को स्थिर रखना व्यावहारिक कदम टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करेगा: विशेषज्ञ

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने नीतिगत ब्याज दर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के निर्णय को व्यावहारिक बताते हुए कहा कि यह फैसला टिकाऊ आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितता और खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने की जरूरत को देखते हुए लगातार छठी बार रेपो दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के इस फैसले को व्यावहारिक बताया। कोटक आल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (निवेश एवं रणनीति) लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता न जताना राहत देने वाली बात है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की दिल्ली इकाई के चेयरमैन पुनीत कौरा ने आरबीआई का यह कदम उम्मीदों के अनुरूप ही है।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा के बाद बाजार में सेंसेक्स 724 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, निफ्टी भी 212 अंक गिरा



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 723 अंक से अधिक लुढ़क गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से बैंक और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त में था, लेकिन बाद में यह 723.57 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,428.43 अंक पर बंद हुआ। आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बाजार नुकसान में आया और एक समय यह 921.38 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,717.95 अंक पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बृहस्पतिवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार छठी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। ब्याज दर से संबंधित बैंक और वित्तीय सेवाएं, वाहन, रियल्टी और जिंस कंपनियों के शेयर दबाव में रहे जबकि ऊर्जा तथा आईटी शेयरों में तेजी रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-हालांकि, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है, पर केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति और बैंक नकदी को लेकर सतर्क बना हुआ है। रेपो दर में मई, 2022 से छह बार में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ अभी पूरी तरह नहीं मिला है और मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। इससे नीतिगत दर में कटौती के समय को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसका असर सरकार के 10 साल के बॉन्ड प्रतिफल पर दिखा और यह बढ़ गया है। उन्होंने कहा, "बाजार का बड़ा हिस्सा नुकसान में रहा। इसमें दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बैंक और वाहन कंपनियां शामिल हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,250 |
| चांदी आभूषण | 72,100। |

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश दो साल के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में जनवरी, 2024 में शुद्ध रूप से 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह लगभग दो साल में किसी भी महीने में हुआ सबसे अधिक मासिक निवेश है। इस दौरान निवेशकों ने स्मॉल-कैप फंड को प्राथमिकता देना जारी रखा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिसंबर, 2023 में इस श्रेणी में लगभग 17,000 करोड़ रुपये का निवेश आया था। जनवरी में निवेश प्रवाह मार्च, 2022 के बाद से सबसे अधिक था।

# पेटीएम ऐप पर निर्देशों का नहीं पड़ेगा कोई असर : स्वामीनाथन

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने की टिप्पणी

भारतीय रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियामकीय कार्रवाई पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ हुई है और पेटीएम ऐप इससे प्रभावित नहीं होगा।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा-एक स्पष्टीकरण देना है, यह विशेष कार्रवाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ है और इसे पेटीएम ऐप के साथ न जोड़ें। ऐप पर इस कार्रवाई का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई: दास

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि पेटीएम ने बार-बार कहे जाने के बावजूद नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया और इसके कारण वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। आरबीआई ने यह भी साफ किया कि व्यवस्था के स्तर पर चिंता वाली कोई बात नहीं है। कहा नियमों के अनुपालन में पेटीएम की कमी व्यवस्था को लेकर कोई जोखिम पैदा नहीं करती है।

## एलआईसी बनी पांचवीं सबसे मूल्यवान कंपनी

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के शेयरों में बृहस्पतिवार को छह प्रतिशत से अधिक का उछाल आने के बाद इसका बाजार मूल्यांकन 6.99 लाख करोड़ रुपये हो गया और यह देश की पांचवीं मूल्यवान कंपनी बन गई। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का शेयर बीएसई पर 5.86 प्रतिशत चढ़कर 1,106.25 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.51 प्रतिशत बढ़कर 1,144.45 रुपये के अपने रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर 6.46 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,112 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

# सरसों का दाम एमएसपी से नीचे आया, तो सरकार करेगी खरीद : मुंडा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि सरसों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाता है, तो सरकार एमएसपी पर किसानों से इसकी खरीद करेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी व्यवस्था की गई है। मुंडा ने एक बयान में कहा-केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र के दौरान मूल्य समर्थन योजना या पीएसएस के अंतर्गत सरसों की खरीद की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। यदि सरसों का दाम एमएसपी से नीचे जाता है तो सरकार ने किसानों से एमएसपी पर इसकी खरीद के लिए आवश्यक व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि रबी विपणन सत्र (आरएमएस) के लिए, केंद्रीय नोडल एजेंसियों को पहले से ही मूल्य समर्थन योजना के तहत सरसों की खरीद के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

## राष्ट्रीय

# मोदी ओबीसी नहीं, सामान्य जाति में पैदा हुए

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी बोले-जाति के नाम पर गुमराह कर रहे प्रधानमंत्री

**झारसुगुडा (ओडिशा), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले परिवार में नहीं हुआ और वह खुद को ओबीसी बताकर लोगों को 'गुमराह' कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यह पुष्टि करने के लिए भाजपा को धन्यवाद दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिवार में नहीं हुआ था, जैसा कि उन्होंने दिन में दावा किया था। राहुल ने ओडिशा में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तीसरे एवं अंतिम दिन यहां एक संक्षिप्त भाषण में कहा कि मोदी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ जो सामान्य जाति की श्रेणी में आता था। कांग्रेस नेता ने कहा-मोदी जी लोगों को यह कह कर गुमराह करते आ रहे हैं कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। उनका जन्म 'घांची' जाति के परिवार में हुआ था, जिसे 2000 में गुजरात में भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल के दौरान ओबीसी सूची में शामिल किया गया।

वायनाड से कांग्रेस सांसद ने कहा-गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपनी जाति बदलकर ओबीसी कर ली, इसलिए मोदी जी जन्म से ओबीसी नहीं हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाया कि गांधी इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं।



**रायगढ़ (छत्तीसगढ़):** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और अन्य नेताओं ने राहुल गांधी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

### नफरत और हिंसा फैलाना भाजपा के दो सूत्री कार्यक्रम

**रायगढ़ (छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के दो सूत्री कार्यक्रम हैं -अन्याय को बढ़ावा देना और नफरत तथा हिंसा फैलाना। राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ओडिशा से छत्तीसगढ़ पहुंची, जहां उन्होंने रायगढ़ जिले के रेंगालपाली गांव में एक जनसभा को संबोधित किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए नवंबर 2023 में हुए चुनाव और पार्टी की सत्ता से विदाई के बाद राहुल गांधी का राज्य का यह पहला दौरा है।

## अंतरिम बजट एवं वित्त विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** संसद ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 को मंजूरी प्रदान कर दी और इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को पारित करने की प्रक्रिया पूरी हुई।

उच्च सदन में अंतरिम बजट 2024-25, वित्त विधेयक, 2024 और जम्मू कश्मीर के अंतरिम बजट 2024-25 और अनुदान की अनुपूरक मांगों एवं इससे संबंधित विधेयक पर हुई संयुक्त चर्चा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जवाब के बाद इन्हें ध्वनिमत से लौटा दिया गया। लोकसभा इन्हें कल ही पारित कर चुकी है। इसी के साथ संसद ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दे दी।

# ईडी ने तेल कंपनी के दो प्रमोटरों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ 300 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी मामले में हुई कार्रवाई



प्रवर्तन निदेशालय ने 300 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में दिल्ली स्थित एक तेल एवं गैस एकीकृत सेवा प्रदाता कंपनी के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड के प्रेम सिंघी और पदम सिंघी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। दोनों को राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा जहां ईडी हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी रिमांड मांगेगी। धन शोधन का मामला एसवीओजीएल ऑयल गैस एंड इनर्जी लिमिटेड, मैक्स टेक ऑयल एंड गैस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों प्रेम सिंघी और पदम सिंघी तथा कुछ अन्य के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी से निकला है। प्रोमोटरों ने कथित तौर पर पंजाब नेशनल बैंक के साथ एसवीओजीएल के नाम पर 252 करोड़ रुपये की जबकि बैंक आफ इंडिया के साथ मैक्स टेक के नाम पर 65 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

**आतंकी वित्तपोषण में जम्मू कश्मीर में एक गिरफ्तार, श्रीनगर:** ईडी ने पाकिस्तान में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से अब्दुल्ला शाह को गिरफ्तार किया है। संघीय एजेंसी ने एक पोस्ट में कहा कि उसके पाकिस्तानी आका मंजूर अहमद शाह के साथ सांठगांठ थी।

### सोरेन मामले में कांग्रेस सांसद धीरज साहू तलब

**रांची/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू 10 फरवरी को तलब किया है। अधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। झारखंड से राज्यसभा सदस्य साहू (64) उस समय चर्चा में आए थे जब पिछले साल दिसंबर में आयकर विभाग ने उनके परिवार द्वारा प्रवर्तित ओडिशा स्थित बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) के खिलाफ छापेमारी के दौरान 351.8 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे, जो अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है।

## एक नजर

### नक्सलियों व पुलिस की मुठभेड़ में डेटोनेटर और विस्फोटक सामग्री जब्त

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कुछ विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य चीजें जब्त की हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम को जानकारी मिली थी कि सशस्त्र नक्सली कैडर कांकेर-नारायणपुर-गढ़चिरौली सीमा पर वांगेतुरी से सात किलोमीटर पूर्व में हिद्दुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 यूनिट के जवानों की एक टीम को इलाके में तलाशी अभियान पर भेजा गया।

### फर्जी पहचान से यात्रा कर रहे 2 गिरफ्तार

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** चेन्नई से इंदौर आए दो लोगों को पुलिस ने फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर यात्रा करने के आरोप में यहां के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आदित्य मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद उमर (43) और जाकिर हुसैन (30) के रूप में हुई है।

## दिल्ली में मेट्रो स्टेशन की दीवार ढहने से एक व्यक्ति की गई जान, दो अफसर निलंबित

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की दीवार का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया, जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार का एक हिस्सा सड़क पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था। पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है। इस घटना के बाद डीएमआरसी के एक प्रबंधक और सिविल विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता को तत्काल रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# भारत-म्यांमा सीमा पर मुक्त आवागमन व्यवस्था खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ गृह मंत्री अमित शाह बोले-देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए लिया गया फैसला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र ने देश की आंतरिक सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बनाए रखने के लिए भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने का फैसला किया है। शाह ने कहा, चूंकि विदेश मंत्रालय फिलहाल इसे खत्म करने की प्रक्रिया में है, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एफएमआर को तत्काल निलंबित करने की सिफारिश की है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस कदम के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कदम आंतरिक सुरक्षा के लिये अहम है। एफएमआर भारत-म्यांमा सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है।

# विपक्षी सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा केंद्र : केजरीवाल

▸▸ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, भगवंत मान, फारूक अब्दुल्ला और अन्य लोगों ने भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ●

प्रदर्शन में शामिल हुए केजरीवाल ने कहा-विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारें देश के 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। भाजपा ने विपक्ष शासित राज्यों के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। उन्होंने हमारे लिये भारत-पाकिस्तान जैसी स्थिति बना दी है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को परेशान करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र राज्य सरकारों को निधि देने से वंचित कर रहा है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रहा है तथा विपक्षी नेताओं के पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा-वह (केंद्र सरकार) उन्हें निधि देने से वंचित कर रही है, राज्यपालों और उपराज्यपालों के माध्यम से काम में बाधा डाल रही है। वह विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी यहां अपने परिवारों के लिए भीख मांगने या कुछ मांगने नहीं आए हैं।

## कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और वह अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल होंगे। बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी को 'बाबा सिद्दीकी' के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के एक महीने के भीतर शहर के दूसरे नेता ने कांग्रेस को अलविदा कहा है। सिद्दीकी के बेटे जीशान शहर से कांग्रेस विधायक हैं। बाबा सिद्दीकी ने हालांकि कहा कि वह (जीशान) अपना फैसला खुद लेंगे।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए भगत सिंह सहित कई कर्मचारी सम्मानित



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव की उपस्थिति में भगत सिंह को पुरस्कृत किया गया। ●

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

### उत्तर रेलवे का 68वां रेल सप्ताह

▸▸ पांचों मंडलों में राजधानी दिल्ली सबसे आगे

**अमृत विचार:** उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्तर रेलवे के मुख्य टिकट निरीक्षक भगत सिंह सहित कई रेल कर्मचारियों को रेल सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। जबकि लखनऊ, मुरादाबाद, अंबाला, फिरोजपुर व दिल्ली मंडलों में दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ मंडल के लिए शील्ड प्रदान की गई है।
चाणक्यपुरी स्थित रेल संग्रहालय में आयोजित रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्कृष्ट सेवा के लिए रेल कर्मियों को पुरस्कृत किया इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सन्नीति चौधुरी व उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई ।

# कोहली की अनुपस्थिति भारत और शृंखला के लिए झटका: हुसैन

## व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले और दो टेस्ट मैच से दूर रहे दिग्गज क्रिकेटर



चेन्नई, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ी का आगामी टेस्ट मैच में नहीं खेलना सिर्फ भारतीय टीम ही नहीं बल्कि शृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका है। हुसैन ने हालांकि भारतीय क्रिकेटर के व्यक्तिगत जिंदगी को प्राथमिकता देने का समर्थन किया। कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले और दो टेस्ट मैच से हट गए थे। उनके राजकोट और रांची के मुकाबलों में भी खेलने की संभावना नहीं है। धर्मशाला में अंतिम टेस्ट में भी उनका खेलना संदिग्ध है।

**राजकोट और रांची में भी खेलने की संभावना कम**



हुसैन ने कहा कि हां, अभी पुष्टि नहीं हुई है। ये सब अटकलें हैं, वह अगले दो टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं। अगले कुछ घंटों में वे अपनी टीम घोषित करेंगे। यह अगले तीन टेस्ट मैच के लिए होगी या नहीं, कुछ स्पष्ट नहीं है। हुसैन ने कहा कि यह भारत ही नहीं शृंखला और विश्व क्रिकेट के लिए झटका होगा। यह एक विशेष शृंखला होने जा रही है। यह पहले ही शुरू हो चुकी है। पहले दो मैच शानदार रहे। कोहली की उपलब्धियों और योगदान पर उन्होंने कहा कि उन जैसा खिलाड़ी 15 साल तक खेल की सेवा करने के बाद अपने परिवार के साथ समय बिताने का हकदार है। खेल को विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का ध्यान रखने की जरूरत है। वह 15 साल से अधिक समय से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। हुसैन ने कहा कि भले ही इस कारण हमें एंडरसन बनाम कोहली का दिलचस्प मुकाबला देखने को नहीं मिले जैसा हमने कुछ वर्षों में देखा है तो भी ठीक है, लेकिन कोहली और उनका परिवार और उनकी निजी जिंदगी सर्वोपरि है। कोहली खेल और किसी शृंखला के खेलने वाले महान बल्लेबाजों में से एक हैं और उनके जैसे खिलाड़ी की टीम को कमी खलेगी, लेकिन जैसा कि हमने देखा है कि उनके पास युवा बल्लेबाजों की अच्छी जमात है।

**केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद**

हुसैन ने कहा कि उन्हें केएल राहुल के अंतिम एकादश में शामिल होने की उम्मीद है जो दर्द से दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 से 19 फरवरी तक खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट रांची में 23 से 27 फरवरी तक होगा। हाल में कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब शो पर खुलासा किया था कि भारतीय बल्लेबाज अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए टेस्ट मैच नहीं खेल पा रहे हैं।

# इंग्लैंड के स्पिनरों की सफलता का श्रेय कप्तान को: अहमद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनरों ने शुरुआती दो टेस्ट मैचों में उम्मीदों से कही बेहतर प्रदर्शन किया है और युवा गेंदबाज रेहान अहमद ने इस सफलता का श्रेय टीम के माहौल और बेन स्टोक्स के नेतृत्व को दिया है। पांच मैचों की शृंखला इस समय 1-1 से बराबर है, लेकिन इसका आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनरों ने भारतीय स्पिनरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

रेहान, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन गेंदबाजों की तिकड़ी




दो मैचों में 33 विकेट चटकाए हैं तो वहीं रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे बेहद अनुभवी स्पिनरों ने आपस में 23 विकेट साझा किए हैं। 19 साल के अहमद ने कहा कि इससे पता चलता है कि टीम का माहौल कितना बढ़िया है। उन्होंने कहा कि अपने देखा होगा कि हार्टले और बशीर यहां आने के बाद दबाव में नहीं दिखे और इसका श्रेय टीम को जाता है।

रेहान ने कहा कि हमारी टीम में माहौल और नेतृत्व ऐसा है कि आप यह भूल जाते हैं कि आप किसके खिलाफ खेल रहे हैं। आपका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि आपको क्या करने की जरूरत है। टीम की नेतृत्व इकाई में स्टोक्स और मैकुलम जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में रेहान ज्यादा दबाव लेने से बचना चाहते है। उन्होंने कहा कि उन्हें (स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम) इसकी परवाह नहीं है कि चीजें कितनी बुरी हो सकती हैं। यह हमेशा इस बारे में होता है कि आप इससे क्या हासिल कर सकते है।

## खेल डायरी

### मेस्सी की मौजूदगी में इंटर मियामी को विस्सेल ने हराया



**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में प्रशंसकों को निराश करने के बाद लियोनेल मेस्सी यहां विस्सेल कोबे के खिलाफ इंटर मियामी के प्रदर्शनी मैच के आखिरी 30 मिनट के लिए मैदान में उतरे लेकिन उनकी मौजूदगी टीम को जीत नहीं दिला सकी। मेस्सी के पास इस मैच में गोल करने के दो मौके थे लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। मैच के 80वें मिनट में गोलकीपर शोता आरिया ने उनके प्रयास को विफल कर दिया जबकि उनके दूसरे प्रयास को विस्सेल कोबे की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया। नियमित समय में मुकाबला गोलरहित छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विस्सेल कोबे ने 4-3 से जीत दर्ज की। मेस्सी ने हालांकि पेनल्टी किक नहीं लगाया जिससे स्टेडियम में मौजूद 29 हजार दर्शक ने निराशा में हूटिंग की। यह हूटिंग हालांकि हांगकांग से कम थी जहां प्रदर्शनी मैच में मेस्सी मैदान पर नहीं उतरे थे। वहां मेस्सी और इंटर मियामी को नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। मेस्सी ने मंगलवार को ही संकेत दिया था कि वह चोट से उबर कर अच्छा महसूस कर रहे हैं और फिटनेस हासिल कर इस मैच के लिए मैदान पर उतरेंगे।

### मुंबई ओपन के दूसरे दौर में कोर्नीवा से हारीं श्रीवल्ली

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। भारतीय खिलाड़ी से 380 पायदान ऊपर रैंकिंग वाली कोर्नीवा ने बुधवार को क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से हार गई।

### पटियाला में होगी आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से पटियाला में होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति ने गुरुवार को यह घोषणा की। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 17 फरवरी के बीच ग्वालियर में होना था लेकिन कुछ राज्य संघ ने समय कम होने पर इसमें भाग लेने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद तदर्थ समिति ने इसे स्थगित कर दिया था। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि अंडर-15 और 20 वर्ग की फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन अब 28 फरवरी से 5 मार्च तक पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में होगा। राज्य संघों ने चैंपियनशिप की तैयारी के लिए अधिक समय देने के लिए कहा था जिसके बाद यह फैसला किया गया। बाजवा ने कहा कि इस चैंपियनशिप में 18 से 20 राज्यों के 1200 से 1400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

### जेनेसिस इनविटेशनल में पहला मैच खेलेंगे वुड्स

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** टाइगर वुड्स अगले हफ्ते रिवेरा में 'जेनेसिस इनविटेशनल' में भागीदारी के साथ सत्र का आगाज करेंगे। वह इसकी मेजबानी कर रहे हैं। वह पिछले साल मास्टर्स टूर्नामेंट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबले में उतरेंगे। वुड्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह 15 फरवरी से शुरू होने वाले 20 मिलियन डॉलर (1.66 अरब रुपये) पुरस्कार वाले पीजीए टूर के अगले आयोजन का 'मेजबान बनने को लेकर उत्साहित' है। रिवेरा गोल्फ कोर्स पर वुड्स ने बिना जीत दर्ज किए सबसे ज्यादा 12 मुकाबलों में भाग लिया है। वह पिछले सत्र में यहां संयुक्त 45वें स्थान पर थे। जेनेसिस इनविटेशनल में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को भी भागीदारी का मौका मिलता है लेकिन वुड्स प्रायोजक से मिली छूट के साथ खेलेंगे।

# पाकिस्तान को हराकर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया, भारत से होगी भिड़ंत

## अंडर-19 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में टॉम ने लिए 6 विकेट और हैरी का अर्धशतक

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



टॉम स्ट्रेकर के 6 विकेट और हैरी डिक्सन के अर्धशतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को हुए दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना गत चैम्पियन भारत से होगा। ये फाइनल मुकाबला रविवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।

पाकिस्तान के खिलाड़ी तेज गेंदबाज स्ट्रेकर (24 रन देकर 6 विकेट) के आगे संघर्ष करते रहे, जिससे टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद महज 179 रन ही बना सकी। अराफात मिन्हास (52 रन) और अजान अवेस (52 रन) ने अर्धशतक लगाए। वहीं आस्ट्रेलियाई टीम भी पाकिस्तानी गेंदबाजों के आगे जूझती दिखी, इसके बावजूद 49.1 ओवर में 9 विकेट पर 181 रन बनाकर मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इसमें डिक्सन (75 गेंद में 50 रन, 5 चौके) और ओलिवर पीके (75 गेंद में 49 रन, 3 चौके) की पारियां खेलीं। उधर, भारतीय टीम नौवां तो आस्ट्रेलिया अपना छठा फाइनल मैच खेलेगी। भारत ने रिकॉर्ड 5 खिताब जीते हैं जबकि आस्ट्रेलिया के नाम तीन ट्राफियां रही हैं। आस्ट्रेलिया ने 2010 में यह ट्राफी पाकिस्तान को हराकर जीती थी। आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डिक्सन और सैम कोन्सास (14) ने मिलकर 33 रन जोड़े लेकिन टीम ने 6.2 ओवर में 26 रन जोड़कर 4 विकेट गंवा दिए, जिससे टीम मुश्किल में थी। वहीं आस्ट्रेलिया के मध्यक्रम ने एक दो रन लेने के अलावा बीच-बीच में बाउंड्री से रन जुटाने पर ध्यान दिया। टूर्नामेंट में तीसरा अर्धशतक जड़ने वाले डिक्सन और पीके ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर मिन्हास ने डिक्सन के स्टंप उखाड़ दिए। पीके और टॉम कैम्पबेल (25 रन) ने कोई जोखिम उठाए बिना 44 रन बनाए। अराफात ने आर्म गेंद से कैम्पबेल के ऑफ स्टम्प उखाड़कर इस साझेदारी का अंत किया। 15 वर्षीय तेज गेंदबाज अली रजा ने पीके को आउट कर आस्ट्रेलिया को झटका दिया। रजा ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद गेंदबाजी की। उन्होंने अपने अंतिम ओवर में स्ट्रेकर और माहली बर्डमैन के विकेट लेकर आस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 164 रन कर दिया। आस्ट्रेलिया का एक विकेट बचा था और जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। राफ मैकमिलन (नाबाद 19 रन) और कैलम विडलर (नाबाद 3 रन) ने अंतिम ओवर में टीम को जीत दिलाई। गेंद से शानदार प्रदर्शन करने वाले पाकिस्तान ने पहले बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया। शैमिल हुसैन और शाजेब खान पहले पावरप्ले में पवेलियन लौट गए।

## स्कोर बोर्ड

**पाकिस्तान** 179/10 (48.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शमील हुसैन कैच पीक बोल्ड स्ट्राकर | 17 | 23 | 3/0 |
| शाहजेब कैच वेइबगेन बोल्ड विडलर | 04 | 30 | 0/0 |
| अजान अवैस कैच हिक्स बोल्ड स्ट्राकर | 52 | 91 | 3/0 |
| साद बेग कैच डिक्सन बोल्ड स्ट्राकर | 03 | 11 | 0/0 |
| अहमद हसन पगबाधा मैक्मिलन | 04 | 18 | 0/0 |
| हारून अरशद बोल्ड बियर्डमैन | 08 | 27 | 0/0 |
| अराफात मिन्हास कैच पीक कैंपबेल | 52 | 61 | 9/0 |
| नवीद अहमद खान नाबाद | 09 | 21 | 0/0 |
| उबैद शाह कैच डिक्सन बोल्ड स्ट्राकर | 06 | 05 | 1/0 |
| मोहम्मद जीशान बोल्ड स्ट्राकर | 04 | 06 | 1/0 |
| अली रजा बोल्ड स्ट्राकर | 00 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त: 20, विकेट पतन: 1-25, 2-27, 3-43, 4-53, 5-79, 6-133, 7-164, 8-173, 9-179, 10-179, **गेंदबाजी:** महली बियर्डमैन 10-0-38-1, कैलम विडलर 9-0-43-1, टॉम स्ट्राकर 9.5-1-24-6, राफ मैकमिलन 10-1-29-1, हरजस सिंह 4-0-16-0, टॉम कैंपबेल 6-0-23-1

**ऑस्ट्रेलिया** 181/9 (49.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हैरी डिक्सन बोल्ड अराफात मिन्हास | 50 | 75 | 5 |
| सैम कोन्स्टास बोल्ड अली रजा | 14 | 31 | 2/0 |
| ह्यू वेइबगेन कैच हारुन बोल्ड नावीद | 04 | 12 | 0/0 |
| हरजस सिंह रन आउट (अराफात /बेग) | 05 | 06 | 0/0 |
| रयान हिक्स बोल्ड उबैद शाह | 00 | 01 | 0/0 |
| ओलिवर पीक स्टंप बेग बोल्ड अली रजा | 49 | 75 | 3/0 |
| टॉम कैंपबेल बोल्ड अराफात मिन्हास | 25 | 42 | 2/0 |
| राफ मैकमिलन नाबाद | 19 | 29 | 2/0 |
| टॉम स्ट्राकर स्टंप बेग बोल्ड अली रजा | 03 | 14 | 0/0 |
| महली बियर्डमैन बोल्ड अली रजा | 00 | 03 | 0/0 |
| कैलम विडलर नाबाद | 02 | 09 | 0/0 |

अतिरिक्त: 10, विकेट पतन: 1-33, 2-43, 3-54, 4-59, 5-102, 6-146, 7-155, 8-164, 9-164, **गेंदबाजी:** उबैद शाह 10-0-44-1, मोहम्मद जीशान 6.1-0-40-0, नावीद अहमद खान 10-0-25-1, अली रजा 10-2-34-4, अहमद हसन 2-0-8-0, हारून अरशद 1-0-7-0, अराफात मिन्हास 10-1-20-2

# चुनौतीपूर्ण होगा पेरिस ओलंपिक: पीवी सिंधु

नई दिल्ली, एजेंसी



चोटिल होने से पिछले कुछ समय से बाहर रहने के बाद अब वापसी के लिए तैयार दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मानना है कि पेरिस ओलंपिक चुनौतीपूर्ण होगा और उन्हें स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए अधिक होशियार होना होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। पिछले 18 महीनों में उन्हें चोटों और खराब फॉर्म से जूझना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान उनके बाएं टखने में चोट लगी थी जबकि पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के दौरान उनका बायां घुटना चोटिल हो गया था। सिंधु ने कहा कि इस बार ओलंपिक में अलग तरह का अनुभव मिलने वाला है क्योंकि 2016 और 2020 के ओलंपिक पूरी तरह से भिन्न थे। पेरिस ओलंपिक अधिक चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं अब अधिक अनुभवी हो गई हूं और इस बार मुझे अधिक होशियारी से खेल खेलना होगा।

# यकीन है विश्व कप जीतेंगे : सहारन

बेनोनी, एजेंसी



लगातार पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप फाइनल में पहुंची भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने इसका श्रेय खिलाड़ियों के आपसी तालमेल को देते हुए कहा है कि फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उनकी टीम इतिहास में नाम दर्ज कराने के लिए लालायित है। भारत का अंडर-19 विश्व कप में दबदबा इसी बात से साबित होता है कि पिछले 9 में से 7 बार टीम फाइनल में पहुंची है। हर बार किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया है। सहारन ने विलोरमूर पार्क पर टीम के अभ्यास सत्र से इतर दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारी टीम के अच्छे प्रदर्शन का राज आपसी तालमेल है। हमारी बॉडिंग इतनी अच्छी है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत दोस्ताना है। सभी एक दूसरे पर भरोसा करते हैं और एक दूसरे की मदद को तत्पर रहते हैं। इसी से प्रदर्शन ग्राफ लगातार अच्छा रहा है। श्रीगंगानगर से निकले इस खिलाड़ी ने कहा कि बहुत गर्व की बात है कि हम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 12 जुलाई को आएगी जॉन की 'वेदा'




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म वेदा 12 जुलाई को रिलीज होगी। जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर फिल्म वेदा के दो पोस्टर रिलीज किए हैं, जिसमें से पहली तस्वीर में जॉन गन और बंदूक लिए खड़े दिख रहे हैं. लेकिन चेहरा नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरे पोस्टर में फिल्म के नाम के साथ जॉन अब्राहम और श्रावरी नजर आ रही हैं। निर्देशक निखिल आडवाणी ने बताया, 'वेदा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह रियल लाइफ स्टोरी से प्रेरित है और हमारे समाज का आईना भी है। जॉन, शरवरी और अभिषेक बनर्जी के साथ काम करना एक शानदार अनुभव बताया। उन्होंने कहा- मुझे आखिरकार रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट द्वारा प्रोड्यूस और निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित, असीम अरोड़ा द्वारा लिखित, 'वेदा' 12 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।

### पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है। मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा।

### 'झलक दिखला जा' में शाहिद ने की अद्रिजा की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने झलक दिखला जा के मंच पर अद्रिजा सिन्हा की तारीफ की है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर झलक दिखला जा के 'लव स्पेशल' एपिसोड में सभी प्रतियोगी मनमोहक परफॉर्मेंस के जरिए प्यार की अपनी परिभाषा व्यक्त करेंगे। जावेद जाफ़री, विशेष अतिथि के रूप में इस एपिसोड की शोभा बढ़ाएंगे, जबकि शाहिद कपूर और कृति सैनन भी फिल्म, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करने के लिए मौजूद होंगे। कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ, अद्रिजा सिन्हा, शाहिद और कृति की आगामी फिल्म के गीत लाल पीली अंखियां पर अपने प्रदर्शन के साथ एक बार फिर जादू जगाने के लिए तैयार हैं। शाहिद कपूर ने अद्रिजा की तारीफ करते हुए कहा, मैं केवल इतना कह सकता हूं कि आज वह दिन है जब फैन एक्ट से बेहतर डांस करता है; पूरे एक्ट के दौरान मेरी नजरें अद्रिजा से हट ही नहीं रही थीं। अद्रिजा, आप इसके मालिक हैं। आपकी हर धड़कन, हर कदम, हर अभिव्यक्ति, मैं आपके भीतर से फूटते डांस को महसूस कर सकता हूं। आपमें अपार प्रतिभा है और आप डांस फ्लोर के लिए ही पैदा हुए हैं। आज आपको देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा है, इसके लिए आपका शुक्रिया। कृति सैनन ने कहा, यह अविश्वसनीय था, क्या परफॉर्मेंस है! मुझे इसका हर पल बेहद पसंद आया। आपने जिस तरह से डांस किया, आपकी ऊर्जा और आपके चेहरे के भाव अद्भुत थे। मैं सचमुच एक फैन हूं। 'लाल पीली अंखिया' में, एक पल में, आप अपनी जीभ बाहर निकालकर चंचल थीं, और अगले ही पल, आप एक पटाखे की तरह थीं। मैं इस गाने पर कभी इस तरह के एक्ट की कल्पना भी नहीं कर सकती थी।

### सोनम कपूर बनीं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का शो स्टॉपर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट के पहले संस्करण में फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित किया, जिसका शो स्टॉपर अभिनेत्री सोनम कूपर रहीं। वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं : हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक। अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इसकी पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉड्र्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है।

### खुशी कक्कर और लवली काजल का लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका खुशी कक्कर और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' की, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसके वीडियो में लवली काजल नाचते और ठुमका लगाते हुए खूब अपनी बड़ाई कर रही है। इसको खुशी कक्कड़ ने गाया है। गाने के वीडियो में लवली ठुमका लगाते हुए कहती है कि... 'हमर बलमुआ हवें हो इकलौता, दादा दादी के दुलारा हवे पोता, नाही देवरानी न घर मे जेठानी, करी ससुरा में राज हम बनके रानी..' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ससुरा में राज करी बनके रानी' निर्माता रत्नाकर कुमार है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यूसीसी... कितना नफा कितना नुकसान



*दशकों से, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अवधारणा गरमागरम बहस और चर्चा का विषय रही है। यूसीसी के पीछे मूल विचार विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक सेट स्थापित करना है, जो सभी नागरिकों पर उनकी धार्मिक संबद्धता की परवाह किए बिना लागू हो। हालांकि, भारत के विविध धार्मिक परिदृश्य को देखते हुए, इस तरह के कोड को लागू करने की राह जटिलताओं और संवेदनशीलता से भरी हुई हैं। आइए जानते हैं यूसीसी लागू करने पर कितना नफा और कितना नुकसान होगा।*

### समान नागरिक संहिता पर क्या कहता है भारतीय संविधान

भारत का संविधान, अनुच्छेद 44 के तहत, निर्देशक सिद्धांत को स्थापित करता है कि राज्य अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। फिर भी, मुद्दे की जटिल प्रकृति को देखते हुए, यूसीसी को अधिनियमित करने का निर्णय सरकार पर छोड़ दिया गया। वर्षों से कई चर्चाओं के बावजूद, एक के बाद एक सरकारें अपनी विवादास्पद और राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रकृति के कारण यूसीसी को लागू करने की चुनौती से जूझ रही हैं।

### हिंदू विवाह अधिनियम



हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 जैसे अधिनियमों द्वारा शासित, हिंदू व्यक्तिगत कानून प्राचीन धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों से निकले हैं। ये कानून हिंदू महिलाओं के लिए समान विरासत अधिकार सुनिश्चित करते हैं, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ



भारत में मुसलमान शरिया सिद्धांतों पर आधारित मुस्लिम पर्सनल लॉ का पालन करते हैं। मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937, मुसलमानों के बीच विवाह, तलाक, विरासत और रखरखाव जैसे मामलों को नियंत्रित करता है।

### भारत में विभिन्न नागरिक संहिताएं

भारत में, जीवन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धार्मिक ग्रंथों और रीति-रिवाजों में गहराई से निहित हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग नागरिक कोड बने हैं।




### अन्य समुदाय



ईसाई, पारसी और यहूदी 1925 के भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक के विवाह, विरासत और संबंधित मामलों से संबंधित अपने प्रावधान हैं।

### यूसीसी से जुड़े विवाद

समान नागरिक संहिता पर बहस बहुआयामी है, जो भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विविधता को दर्शाती है।

### धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता

आलोचकों का तर्क है कि यूसीसी एक समान संहिता के साथ व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को प्रतिस्थापित करके भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को कमजोर कर सकता है। उन्हें डर है कि यह धार्मिक स्वतंत्रता पर आघात कर सकता है और देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को नष्ट कर सकता है।

### अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण

विरोधी अल्पसंख्यक समुदायों पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनके व्यक्तिगत कानून उनकी धार्मिक पहचान का अभिन्न अंग हैं। उन्हें चिंता है कि यूसीसी उनके अधिकारों और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कमजोर कर सकता है, जो भारत जैसे बहुलवादी समाज में आवश्यक है।

### राजनीतिक विचार

यूसीसी अक्सर राजनीतिक पैंतरेबाजी का एक उपकरण बन जाता है, पार्टियां इसका उपयोग अपने मतदाता आधार को आकर्षित करने के लिए करती हैं। हालांकि इसकी खूबियों और कमियों पर वास्तविक चर्चा अक्सर राजनीतिक गणनाओं में पीछे रह जाती है।

### लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकार

समर्थकों का तर्क है कि यूसीसी कुछ व्यक्तिगत कानूनों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करके लैंगिक समानता को बढ़ावा देगा। हालांकि विरोधियों का मानना है कि धार्मिक स्वतंत्रता से समझौता किए बिना मौजूदा ढांचे के भीतर लैंगिक न्याय हासिल किया जा सकता है।



## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका ने उत्तरी जाफना प्रांत में डेफ्ट द्वीप के पास अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया है कि, यह एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। नौसेना ने श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 19 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया।

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पांच नौसैनिकों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यूएस मरीन कॉर्प्स ने गुरुवार को कहा कि कैलिफोर्निया में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में पांच नौसैनिकों की मौत हो गई। आगे बताया है कि, छह फरवरी को सीएच-53ई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद तीसरी मरीन एयरक्राफ्ट विंग के मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 16 के मरीन हेवी हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन 361 के पांच नौसैनिक सवार थे, जिसकी प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह घटना घटी हैं। बता दें, दुर्घटना की जांच चल रही है।

### आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

**ग्रिंडाविक (आइसलैंड)।** दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में दिसंबर के बाद से तीसरी बार फटा ज्वालामुखी, जिससे आकाश में धुएं का गुबार छा गया। द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। मौसम विज्ञान ने कहा कि विस्फोट माउंट सुंधनुकुर के उत्तर-पूर्व में तीन किमी दरार आने के साथ शुरू हुआ। ज्वालामुखी फटने की यह घटना 3,800 लोगों की आबादी वाले तटीय शहर ग्रिंडाविक से लगभग चार किमी उत्तर-पूर्व में हो रही है।



### पेस सैटेलाइट लॉन्च, मौसम का पूर्वानुमान लगाने में मिलेगी मदद

**केप केनवेरल।** गर्म होती धरती के महासागरों और वायुमंडल का अंतरिक्ष से विस्तृत सर्वेक्षण करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का जलवायु उपग्रह स्पेसएक्स के फॉल्कन राकेट से गुरुवार को रवाना हो गया। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष से धरती पर मौजूद महासागरों, झीलों और नदियों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मिशन का नाम प्लैंकटन, एरोसोल, क्लाउड, ओशन इकोसिस्टम (पेस) है। विज्ञानियों को उम्मीद है कि एक या दो महीने में डाटा मिलना शुरू हो जाएगा।

### पाकिस्तान में आतंकी हमलों के बीच संपन्न हुआ मतदान, विस्फोट में 10 सुरक्षाकर्मियों समेत 12 की मौत, 39 घायल

# सेना के हाथ में होगी हाइब्रिड सरकार की डोर

**इस्लामाबाद, एजेंसी**


पाकिस्तान में छिटपुट हिंसा के बीच आम चुनाव के लिए गुरुवार शाम मतदान पूरा हो गया और मतगणना शुरू हो गई, शुक्रवार दोपहर यानी आज ज्यादातर परिणाम आने की उम्मीद है। चुनाव सर्वे में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) को आगे माना जा रहा है। नवाज को सेना का समर्थन भी माना जा रहा है।

बता दें, नवाज की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। मतगणना संचालित कराने वाले पीठासीन अधिकारी ही रिटर्निंग ऑफिसर के जरिये चुनाव प्रबंधन व्यवस्था को सूचित करेंगे और परिणाम की घोषणा करेंगे।

चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए मतगणना स्थलों के आसपास छह लाख सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे हैं। बता दें, नई सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को कुल 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी।

- **10 सुरक्षाकर्मियों समेत 12 की मौत :** खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को आम चुनाव के दिन आतंकी हमला हुआ। विस्फोट में 10 सुरक्षाकर्मियों समेत 12 लोगों की मौत हुई, वहीं अन्य 39 घायल हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा कि इस दौरान पांच आतंकवादी भी मारे गए। सेना ने कहा, 51 आतंकवादी हमलों के प्रयासों को विफल कर दिया।



मतगणना स्थलों के आसपास मौजूद रहे सुरक्षाकर्मी दूसरी तरफ मतदान करते पूर्व पीएम नवाज शरीफ।

### इमरान ने जेल से डाला वोट, पत्नी बुशरा मतदान से चूकीं



पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने जेल में मतदान किया। वहीं पत्नी बुशरा बीबी मतदान से चूक गईं। 30 जनवरी 2024 को गोपनीय दस्तावेजों को लीक करने का दोषी पाए जाने पर इमरान को 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। अगले दिन 31 जनवरी को इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के आरोप में 14 साल की सजा सुनाई गई। वहीं 3 फरवरी को इमरान और पत्नी को इस आरोप में सात साल की सजा सुनाई गई है।

### नवाज शरीफ देश की अर्थव्यवस्था सुधारने और बिलावल वेल्फेयर स्कीम के रहे वादे

**पाकिस्तान में तीन बड़ी पार्टियां हैं। नवाज परिवार की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन), जरदारी परिवार की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पीटीआई। पड़ोसी देश ने महंगाई, डूबती अर्थव्यवस्था और हिंसा का भी दौर देखा है। इस चुनाव से देश की सूरत कितनी बदलेगी, यह भविष्य के गर्त में है।**



**पीएमएलएन :** पीएम की रेस में नवाज सबसे आगे। रिपोर्ट है कि स्पष्ट बहुमत मिला तो नवाज पीएम होंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पद संभालेंगे। आर्थिक सुधार प्रमुख वादा भी किया है।



**पीपीपी :** पार्टी की कमान बिलावल के हाथ में है। रिपोर्ट है कि बिलावल पीएम बनने जितने लोकप्रिय नहीं, लेकिन शरीफ से गठबंधन संभव है। पीपीपी का फोकस पब्लिक वेल्फेयर स्कीम पर रहा हैं।



**पीटीआई :** चुनाव चिह्न बैट जब्त होने के बाद इमरान के प्रत्याशी निर्दलीय लड़े हैं। उन्हें 200 से ज्यादा सिंबल मिले थे। पीटीआई नेताओं के जीतने पर अन्य पार्टी में जाने का डर भी है।

| निर्वाचित पीएम | कार्यकाल | सरकार क्यों गई |
|---|---|---|
| बेनजीर भुट्टो | 1988-1990 | राष्ट्रपति द्वारा सरकार भंग |
| नवाज शरीफ | 1990-1993 | इस्तीफा देना पड़ा |
| बेनजीर भुट्टो | 1993 से 1996 | राष्ट्रपति द्वारा बर्खास्त |
| नवाज शरीफ | 1996 से 1999 | मुशर्रफ द्वारा तख्तापलट |
| 1999 से 2008 तक सैन्य तानाशाह सरकार के पीएम रहे | | |
| युसुफ रजा गिलानी | 2008 से 2012 | सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य |
| नवाज शरीफ | 2013 से 2017 | सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोग्य |
| इमरान खान | 2018 से 2022 | अविश्वास प्रस्ताव |

### सरकार का तख्तापलट और सेना का दखल



पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट आम बात है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया में भी सेना का दखल जारी रहा है। सेना नवाज शरीफ को चौथी बार पीएम बनाना चाहती है लेकिन उन्हीं नवाज की सरकार का जनरल परवेज मुशर्रफ से तख्तापलट किया था। बता दें, सेना, राष्ट्रपति और कोर्ट का दखल इतना है कि 1988 के बाद पाक में कोई भी निर्वाचित पीएम अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया।

### नए पीएम के सामने दो सबसे बड़ी चुनौती

पड़ोसी देश में नए प्रधानमंत्री की सरकार को दो चुनौती भरे मुद्दों का सामना करना पड़ेगा। पहला अर्थव्यवस्था और दूसरा ईरान-तालिबान से रिश्तों का सुधार करना। **पहला-** पाकिस्तान के 40 फीसदी लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। 70 फीसदी लोग मानते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था बुरे दौर में है। जून 2013 में पड़ोसी देश के पास 36 हजार करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा भंडार ही था, जो देश के आधे माह से आयात के लिए भी कम था। सेना और आईएसआई की अंदरूनी लड़ाई सामने आ चुकी है। **दूसरा-** तालिबान नई मुसीबत बन गया है। 17 लाख अफगानियों को पाक से निकालने के बाद तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान का हितैषी ईरान ही उसकी सीमा पर हमले कर रहा है।

## मोदी को आगामी लोस चुनाव में मिलेगा विदेश से भी समर्थन



**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरा टर्म दिलाने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी अभियान चलाए जाने की तैयारी है। इसके लिए ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी ने कई योजनाएं बनाई हैं। इसमें देशभर में 25 लाख लोगों को फोन कर प्रधानमंत्री को एक बार फिर से जिताने के वोट देने की अपील की जाएगी।

साथ ही तीन हजार भारतवंशियों का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजा जाएगा। यह देशभर में कई स्थानों पर भाजपा और उनके उम्मीदवारों के समर्थन में कैंपेन चलाएंगे। काल करने और विभिन्न राज्यों और भाषाओं के अनुसार रणनीति विकसित करने में मदद करने के लिए पूरे अमेरिका में दो दर्जन से अधिक टीमें भी बनाई गई हैं। संस्था की ओर से कहा गया है कि इसके लिए दिसंबर से तैयारियां जारी हैं। ओएफबीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने बताया कि फरवरी में हम पूरे अमेरिका में एक कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं।

हम न केवल ओवरसीज फ्रेंड्स आफ बीजेपी के समर्थकों और स्वयंसेवकों को इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि आम समुदाय, समुदाय के नेताओं और उन्हें इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## फेसबुक लाइव पर उद्धव गुट के नेता को मारी गोली, हमलावर ने भी की आत्महत्या

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के उपनगर दहिसर में शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व सभासद अभिषेक घोसालकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमले के बाद हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पैसों के विवाद में अभिषेक पर हमला किया गया।



अभिषेक (फाइल)।

अभिषेक शिवसेना के पूर्व विधायक विनोद घोसालकर के पुत्र थे। पूर्व सभासद अभिषेक घोसालकर को गुरुवार को मारिस नामक व्यक्ति ने अपने दहिसर स्थित कार्यालय में आयोजित महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। कार्यक्रम में देर रात मारिस ने अभिषेक के साथ फेसबुक लाइव किया और कहा कि वह अभिषेक के साथ सामाजिक कार्य करना चाहता है। फेसबुक लाइव में अभिषेक कहते नजर आ रहे हैं कि हम दोनों के बीच मतभेद की खबरें आती रहती हैं, लेकिन अब मिलकर काम करेंगे। यह कहकर अभिषेक हंसते हुए खड़े होते हैं और तभी मारिस ने अभिषेक पर गोलियां दाग दीं। फेसबुक लाइव के दौरान घटना को बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। अभिषेक को गोली मारने के बाद कमरे से बाहर आकर मारिस ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अभिषेक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## विवि में भारतीय छात्र ने की थी आत्महत्याः अमेरिकी अधिकारी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पर्ड्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा एक भारतीय छात्र इस हफ्ते मृत पाया गया था। इस मामले में अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। उसके सिर में गोली लगी है। मीडिया के अनुसार, समीर कामथ को पांच फरवरी की शाम को मृत पाया गया था।

उनका शव विश्वविद्यालय के क्रो ग्रोव में मिला था, जो एक प्रकृति संरक्षित क्षेत्र है। वॉरेन काउंटी के कोरोनर जस्टिन ब्रुमेट ने बुधवार को बताया था कि इंडियाना के क्रॉफड्र्सविले में छह फरवरी को कामथ का फोरेंसिक पोस्टमार्टम किया गया था। ब्रुमेट के कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामथ की मौत सिर में गोली लगने की वजह से हुई है। यह आत्महत्या का मामला है। उसने खुद को गोली मारी है। हालांकि, एक रिपोर्ट इस मामले में अभी और सामने आनी है।



**जम्मू-कश्मीर :** श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर साराबल गांदरबल में हिमस्खलन हुआ है। किसी प्रकार का जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। हिमस्खलन निर्माणाधीन जोजिला सुरंग से कुछ ही दूरी पर हुआ है। घाटी में अगले 24 घंटे तक चेतावनी जारी कर पहाड़ी हिस्सों में जाने की अनुमति नहीं दी गई है। • एजेंसी

## भारतवंशी वरुण श्रीमद्भागवत की शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष, प्रतिष्ठित हिंदू धर्मग्रंथ श्रीमद्भागवत पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर बन गए हैं।



लेबर पार्टी के 38 वर्षीय घोष ने मंगलवार को पार्टी की सीनेट सीट भरी, जो पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों से पैट्रिक डोडसन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हो गई थी। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों के मंत्री और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के हमारे नवीनतम सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। सीनेटर घोष श्रीमद्भागवत पर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा, मैंने अक्सर कहा है कि जब आप किसी चीज में प्रथम होते हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि आप आखिरी नहीं हों। घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने और डॉक्टर के रूप में काम करने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

## जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदी, हाईकोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**



**याचिका में कहा गया कि महिला बैरक में पुरुष कर्मियों पर लगे रोक**

कलकत्ता उच्च न्यायालय में गुरुवार को एक जनहित याचिका दायर (पीआईएल) की गई। जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य की जेलों में महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि, सजा काटने के दौरान महिला कैदी गर्भवती हो रहीं हैं।

यह जानकारी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टीएस शिवगनामन और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ के सामने लाई गई। याचिका में अदालत से सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों के उन बाड़ो में काम करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। इसमें कहा गया कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। न्याय मित्र ने अदालत को बताया कि जेलों में अब तक कम से कम 196 शिशुओं ने जन्म लिया है। यह मामला जेल के अंदर बंद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा है।

उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों का उन बाड़ों में प्रवेश पूरी तरह रोका जाए, जहां महिला कैदियों को रखा जाता है। मुख्य न्यायाधीश शिवगनामन ने इस मामले में एक आदेश पारित किया और कहा, हमारे संज्ञान में लाया गया यह मुद्दा बहुत गंभीर है। हम इन सभी मामलों को आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ को स्थानांतरित (ट्रांसफर) करना उचित समझते हैं।

**विज्ञान** पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार का पता देगी घटना, 21 जनवरी को गिरा था क्षुद्रग्रह

## जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह, पृथ्वी से संबंधित मिलेगी जानकारी

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचारः** जर्मनी में गिरा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के उत्पत्ति में प्रकाश डालने में मददगार साबित हो सकता है। यह क्षुद्रग्रह 21 जनवरी को गिरा था। इस घटना से क्षुद्रग्रह के पृथ्वी के वातावरण में टकराने के दौरान व्यवहार संबंधित कई नई जानकारियां मिल सकती है।

इस क्षुद्रग्रह को दुर्लभ अंतरिक्ष चट्टान माना जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद यह क्षुद्रग्रह बरामद किया गया था। क्षुद्रग्रह का नाम 2024 बीएक्स1 है। वैज्ञानिकों द्वारा जांच करने के बाद पता चला कि चट्टान का यह टुकड़ा ऑब्राइट नामक दुर्लभ श्रेणी का है। इस तरह के टुकड़े सौर मंडल के पुराने दुर्लभ उल्कापिंड होने की पुष्टि करते हैं। अमेरिकी संस्था सेटी इंस्टीट्यूट के उल्का खगोलशास्त्री पीटर जेनिस्केंस व उनकी टीम ने इस घटना का अध्ययन किया और पाया कि यह वास्तव में पूर्व में पृथ्वी पर गिरे चट्टानों की पुष्टि करता है।



जर्मनी में गिरे क्षुद्रग्रह की तस्वीर।

### उल्कापिंड पृथ्वी के अतीत और भविष्य की कुंजी

2024 बीएक्स1 जैसे मुख्य बेल्ट क्षुद्रग्रहों का निर्माण सौर मंडल के ग्रहों के निर्माण के दौरान लगभग 4.5 अरब साल पहले हुआ था। तब सूर्य के आसपास की सामग्री से जो ग्रहों के निर्माण के दौरान नष्ट नहीं हुई थी। क्षुद्रग्रह 2024 बीएक्स1 के अवशेषों का अध्ययन न केवल पृथ्वी के अतीत को समझने में बल्कि मानवता के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

इस तरह के उल्कापिंड गिरने के केवल 11 उदाहरण अभी तक पाए गए हैं। खास बात यह है कि दुर्लभ क्षुद्रग्रह के नमूने एक ऐसे परिवार से हैं जो हमारे सौर मंडल के ज्ञात उल्कापिंडों का केवल 1 प्रतिशत है। 2024 बीएक्स1 के ऑब्राइट उल्कापिंड अन्य उल्कापिंडों से भिन्न हैं। क्योंकि उनमें काले कांच की मोटी परत के बजाय पारभासी कांच की परत है और उनका रंग ग्रे ग्रेनाइट जैसा है। इस घटना का दिलचस्प पहलु यह है कि इसकी कक्षा को समझ चुके है। जिससे पता चलता है कि इस उल्कापिंड का स्रोत क्षेत्र कहां था। वे संभवतः मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट के अंदरूनी हिस्से से आया था। यह एक ऐसी जगह है जहां संभवतः बहुत सारा मलबा है, एक टक्कर से बहुत सारे छोटे-छोटे टुकड़े बने जिन्हें क्षुद्रग्रह परिवार कहा जाता है।

## भारत को अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा नहीं, रूस के करीब

**वाशिंगटन, एजेंसी**



**निक्की बोलीं अमेरिका का भागीदार बनना चाहता है भारत लेकिन बाइडन पर भरोसा नहीं**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में काफी कम समय रह गया है, जिसके कारण राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार बनने की रेस में शामिल निक्की हेली ने बाइडन का नाम लिए बिना तंज कसा है।

निक्की हेली ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ भागीदार बनना चाहता है, लेकिन अभी उन्हें अमेरिकियों के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की रेस में शामिल निक्की ने यह भी कहा कि नई दिल्ली ने मौजूदा वैश्विक स्थिति में चतुराई से खेला है और रूस के साथ करीब रहा है। मीडिया को दिए साक्षात्कार में 51 साल की हेली ने कहा कि फिलहाल भारत अमेरिका को कमजोर मानता है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत के साथ भी डील की है। मैंने मोदी से बात की है। भारत हमारे साथ पार्टनर बनना चाहता है और वो रूस के साथ पार्टनर नहीं बनना चाहता। निक्की हेली ने कहा कि समस्या यह है कि भारत को हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अभी देख रहे हैं कि हम कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा चतुराई से खेला है और वे तभी रूस के साथ करीबी रूप से टिके हुए हैं, क्योंकि यहीं से उन्हें अपने बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स बिजनेस न्यूज से कहा कि भारत ने चीन पर कम निर्भर होने के लिए खुद को एक अरब डॉलर का प्रोत्साहन दिया।